सुप्रभात
रांची, सोमवार
26.05.2025
* * नगर संस्करण। पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net | ज्येष्ठ, कृष्ण पक्ष, चतुर्दशी, संवत् 2082 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 310



12 सज्जनता के साथ शक्ति भी जरूरी: भागवत

## न्यूज डायरी

### ऑपरेशन सिंदूर पर बयान में संयम रखें : प्रधानमंत्री

**नयी दिल्ली।** ऑपरेशन सिंदूर' को लेकर चल रही बयानबाजी ने सियासी गलियारों में तूफान खड़ा कर दिया है। इस बीच पीएम मोदी ने खुद हस्तक्षेप करते हुए भाजपा नेताओं को स्पष्ट संदेश दिया है कि वे अपनी वाणी पर संयम रखें और गैरजरूरी बयान देने से बचें। उन्होंने कहा कि कुछ भी, कहीं भी बोलना पार्टी की छवि को नुकसान पहुंचा सकता है। सेना के पराक्रम और सरकार की रणनीति की आड़ में किसी भी तरह की गैर-जिम्मेदार टिप्पणी न की जाये।

### फर्नीचर दुकान में भीषण आग, लाखों की क्षति

**रांची।** राजधानी रांची के कोकर इंडस्ट्रियल एरिया स्थित एक फर्नीचर की दुकान में रविवार को भीषण आग लग गयी। आग की लपटें इतनी तेजी के साथ दुकान में फैली कि जब तक दमकल के वाहन मौके पर पहुंचते पूरी दुकान जल कर राख हो गयी। इसमें लाखों की क्षति का अनुमान है। आशंका है कि आग शॉर्ट सर्किट से लगी होगी। रविवार के कारण दुकान बंद थी। अचानक दुकान से धुआं निकलते देख लोगों को पता चला कि आग लगी है। खबर पाकर सदर थाने की टीम और दमकल के कई वाहन मौके पर पहुंचे।

### रांची में राजभवन पर आज कांग्रेस का धरना-प्रदर्शन

**रांची।** प्रदेश कांग्रेस की ओर से 26 मई को सरना धर्म कोड लागू करने की मांग को लेकर राजभवन के समक्ष धरना-प्रदर्शन किया जायेगा। प्रदेश कांग्रेस प्रभारी के. राजू के निर्देश पर प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के नेतृत्व में यह धरना-प्रदर्शन होगा। इसमें कांग्रेस के सभी वरीय नेता, मंत्री, विधायक, पूर्व मंत्री, पूर्व विधायक, सांसद, पूर्व सांसद, जिला अध्यक्ष सहित राज्य भर से बड़ी संख्या में कार्यकर्ता भाग लेंगे।

### एनडीए शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों की हुई बैठक

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन-एनडीए के मुख्यमंत्रियों और उप मुख्यमंत्रियों का एक दिन का सम्मेलन रविवार को नयी दिल्ली में आयोजित हुआ। प्रधानमंत्री ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में स्वच्छता, सफाई, स्वास्थ्य सेवा, युवा सशक्तिकरण, कृषि, प्रौद्योगिकी जैसे प्रमुख क्षेत्रों में मजबूत तालमेल बनाने की जानकारी दी।

### दक्षिण-पश्चिम मॉनसून कर्नाटक में आगे बढ़ा

**केरल।** दक्षिण-पश्चिम मॉनसून कर्नाटक में आगे बढ़ गया है तथा तटीय कर्नाटक में वर्षा हो रही है। मैंगलुरू, पनामबुर तथा कारवाड में तेज बारिश दर्ज की गयी है। मौसम विभाग ने तटीय क्षेत्र में रेड अलर्ट जारी किया है। तटीय कर्नाटक, चिकमंगलूर, कोगाडू और आसपास इलाकों में जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। तेज हवा से वाहन चलाना मुश्किल हुआ है। कविकलगंदी के पास लैडस्लाइड की खबर आई है।

# जापान को पछाड़ भारत बना दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था

- भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के साथ 4 ट्रिलियन डॉलर की जीडीपी वाला देश बना।
- 2028 तक भारत की जीडीपी का आकार 5,584.476 अरब डॉलर होगा, जबकि जर्मनी का 5,251.928 अरब डॉलर रहने का अनुमान।

**अगले तीन वर्षों में जर्मनी से भी आगे होगा भारत**





**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** नीति आयोग के मुख्य कार्यकारी अधिकारी बीवीआर सुब्रह्मण्यम ने कहा कि भारत जापान को पीछे छोड़कर दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है और अब अगले 2.5 से 3 वर्षों में जर्मनी को भी पछाड़कर तीसरे स्थान पर पहुंच जाएगा। सुब्रह्मण्यम ने 10वीं नीति आयोग गवर्निंग काउंसिल मीटिंग की प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था और 4 ट्रिलियन डॉलर की जीडीपी वाला देश बन गया है और यह आईएमएफ का आंकड़ा है।

अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने वर्ल्ड इकोनॉमिक आउटलुक अप्रैल 2025 में कहा था कि 2025 में भारत की नॉमिनल जीडीपी बढ़कर 4,187.017 अरब डॉलर हो जाएगी। श्री सुब्रह्मण्यम ने कहा, केवल संयुक्त राज्य अमेरिका, चीन और जर्मनी ही हमसे बड़े हैं और जो योजना बनायी जा रही है, अगर हम उसी पर टिके रहते हैं, तो भारत अगले 3 वर्षों में तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। आईएमएफ का भी अनुमान है कि आने वाले वर्षों में भारत जर्मनी को पछाड़कर दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था भी बनने की राह पर आगे बढ़ रहा है। वर्ष 2027 तक भारत की अर्थव्यवस्था 5 ट्रिलियन डॉलर के आंकड़े को पार कर सकती है और इस दौरान जीडीपी का आकार 5,069.47 अरब डॉलर रहने का अनुमान है। वहीं, 2028 तक भारत की जीडीपी का आकार 5,584.476 अरब डॉलर होगा, जबकि जर्मनी की जीडीपी का आकार 5,251.928 अरब डॉलर रहने का अनुमान है। आईएमएफ के मुताबिक, 2025 में अमेरिका 30,507.217 अरब डॉलर के आकार के साथ दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना रहेगा। वहीं, चीन 19,231.705 अरब डॉलर के साथ दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होगा।

### सिंहभूम चैंबर के प्लेटिनम जुबिली समारोह में लोस अध्यक्ष हुए शामिल, कहा

# भारत बनेगा औद्योगिक महाशक्ति

**भारत 'अवसरों की धरती' उद्योग-हितैषी नीतियों से देश की अर्थव्यवस्था और तेजी से बढ़ेगी आगे : ओम बिरला**

**विशेष संवाददाता**

**जमशेदपुर/रांची।** लोकसभा के अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि आजादी के अमृतकाल में पीएम मोदी ने देश को औद्योगिक महाशक्ति बनाने का विजन रखा है। इस विजन के केंद्र में लघु और मध्यम उद्योग है। देश को औद्योगिक महाशक्ति बनाने में लघु और मध्यम उद्योग की महत्वपूर्ण भूमिका साबित होगी। भारत अब तकनीकी, अनुसंधान और उद्योगों के क्षेत्र में अपनी वैश्विक पहचान बना रहा है। उन्होंने कहा कि हम सहयोगी नहीं, बल्कि नेतृत्वकर्ता की भूमिका में तेजी से उभर रहे हैं। श्री बिरला रविवार को बिष्टुपुर स्थित लोयोला स्कूल ऑडिटोरियम में सिंहभूम चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के प्लेटिनम जुबली (75वीं वर्षगांठ) समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में बोल रहे थे।

लोकसभा अध्यक्ष ने भारत को 'अवसरों की धरती बताते हुए कहा कि उद्योग-हितैषी नीतियों से देश की अर्थव्यवस्था और तेजी से आगे बढ़ेगी। भारत शीघ्र ही आर्थिक महाशक्ति बनेगा। इस मौके पर देश के विकास, उद्योग जगत की भूमिका और आतंकवाद पर भारत की नीति जैसे अहम विषयों पर चर्चा हुई।

इससे पूर्व श्री बिरला के रांची पहुंचने पर परंपरागत रूप से स्वागत किया गया। रांची में कई कार्यक्रमों में भाग लेने के बाद वह जमशेदपुर पहुंचे।



लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के रांची पहुंचने पर पारंपरिक तरीके से स्वागत करतीं महिलाएं।

#### भारत आतंकवाद के सफाये का अगुवा बना

श्री बिरला ने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर के जरिए भारत ने पीएम की अगुवाई में पूरी दुनिया को एक बड़ा संदेश दिया है कि आतंकवाद को अब किसी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। हमारा देश अब अपने भीतर किसी भी आतंकवादी गतिविधियों को बर्दाश्त नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि पूरी बल्कि दुनिया से भी आतंकवाद के सफाये में भारत भूमिका अदा करेगा। उन्होंने कहा कि जो भी देश आतंकवाद को प्रश्रय देगा उसे किसी सूरत में छोड़ा नहीं जायेगा।

#### टाटा ने आपको समृद्ध विरासत दी

ओम बिरला ने कहा कि सिंहभूम के उद्यमियों के पास टाटा की समृद्ध विरासत है, प्रेरणा है। सोचिए, 100 साल से भी ज्यादा समय जेएन टाटा एंड फेमिली को यहां एशिया का पहला स्टील प्लांट लगाने के लिए कितनी मशक्कत करनी पड़ी होगी। तमाम कठिनाइयों को पार लगाते टाटा परिवार ने यहां उद्योगीकरण की नींव डाली। विश्व बाजार के तमाम उतार-चढ़ाव के बावजूद टाटा समूह की धाक जमी हुई है। इस विरासत से प्रेरणा लें और सीखें। उन्होंने जेएन टाटा के सपनों के शहर जमशेदपुर की भूरि-भूरि प्रशंसा की। इस शहर की वैश्विक स्तर पर पहचान है। देशके आर्थिक विकास में जमशेदपुर की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

#### हम आयातक नहीं निर्यातक बने

लोकसभा स्पीकर ने कहा, अमृत काल के इस दौर मे अब भारत आधुनिक उत्पाद आयात करने वाला देश नहीं है बल्कि वैश्विक स्तर का निर्यात करने वाला देश बन गया है। हमारे रक्षा उपकरण अंतर्राष्ट्रीय बाजार में भी मजबूती से अपनी पैठ बना चुका है। उन्होंने कहा कि स्थानीय उद्योगों को तैयार करने में चैंबर को अपनी भूमिका निभानी चाहिए। सिंहभूम चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के प्लेटिनम जुबिली समारोह में भाग लेने का अवसर मिलने पर उन्होंने चैंबर अध्यक्ष विजय आनंद मूनका और टीम तथा सदस्यों को बधाई दी। उनके साथ रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, पूर्व सीएम अर्जुन मुंडा, सांसद विद्युतबरण महतो भी थे।

### नक्सली क्षेत्रों में विकास और शिक्षा पर चर्चा

# नक्सल पर सफलता के बाद पीड़ित इलाकों में सामान्य सुविधाएं पहुंची

**मन की बात कार्यक्रम**



**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** पीएम मोदी ने रविवार को मन की बात कार्यक्रम में माओवाद प्रभावित क्षेत्रों में विकास और शिक्षा को दिये जा रहे बढ़ावा पर चर्चा की। उन्होंने कहा, नक्सल हिंसा के खिलाफ सामूहिक लड़ाई की सफलता बाद अब हिंसा से प्रभावित जगहों पर शिक्षा, परिवहन, विकास जैसी बुनियादी सुविधाएं पहुंच रही हैं। छत्तीसगढ़, झारखंड, महाराष्ट्र जैसे नक्सल प्रभावित रह चुके क्षेत्रों में विकास एवं शिक्षा को बढ़ावा मिल रहा है। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र के गढ़चिरौली के काटेझरी गांव में पहली बस जब आयी तो लोगों ने ढोल-नगाड़े बजाकर स्वागत किया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि नक्सलवाद के खिलाफ लड़ाई निर्णायक चरण में है। सरकार ने अगले साल 31 मार्च तक इस खतरे को खत्म करने का संकल्प लिया है।

**पहली बार पहुंची बस का सुनाया किस्सा :** इस बार भी श्री मोदी ने अद्भुत और प्रेरक किस्सा सुनाया। उन्होंने बताया कि महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले के काटेझरी गांव भारत का एक ऐसा गांव है जहां पर आजादी के 77 साल बाद कोई सरकारी बस पहुंची।

इस गांव में 20 मई को बस सेवा शुरू हुई। गांव में पहली बार बस पहुंची तो लोगों ने ढोल-नगाड़े बजाकर उसका स्वागत किया। गांव में पक्की सड़क थी, लेकिन पहले कभी यहां बस नहीं चल पायी थी, क्योंकि ये गांव माओवादी हिंसा से प्रभावित था।

**शैक्षणिक प्रसार पर बात :** पीएम ने छत्तीसगढ़ के बस्तर और दंतेवाड़ा में विज्ञान प्रयोगशालाओं जैसी शैक्षणिक सुविधाओं का भी उदाहरण दिया। मोदी ने कहा, मुझे यह जानकर खुशी हुई कि दंतेवाड़ा जिला 95 प्रतिशत परिणामों के साथ 10वीं कक्षा की परीक्षा में छत्तीसगढ़ शीर्ष स्थान पर रहा।

**झारखंड समेत कई राज्य में सुरक्षाबल बढ़ाया :** केंद्र सरकार ने माओवाद प्रभावित क्षेत्रों, विशेष रूप से छत्तीसगढ़, झारखंड, ओड़िशा, बिहार, और महाराष्ट्र जैसे राज्यों में सुरक्षा बलों की तैनाती बढ़ा दी है। सीआरपीएफ, राज्य पुलिस, और अन्य विशेष बलों ने संयुक्त अभियान चला रहे हैं।

## झारखंड पहुंचा कोरोना संक्रमित व्यक्ति अस्पताल में भर्ती

- फिल्म निर्माता लाल विजय नाथ शाहदेव कोरोना पॉजिटीव




**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड में एक बार फिर कोरोना वायरस की एंट्री हो गयी है। फिल्म मेकिंग में अपनी पहचान बना चुके लाल विजय शाहदेव कोरोना से संक्रमित पाये गये हैं। उन्होंने खुद इसकी जानकारी दी सोशल मीडिया पर दी है। उन्होंने फेसबुक पर लिखा कि 22 मई को जब वह मुंबई से रांची आ रहे थे, उसी दौरान फ्लाइट में उनकी तबीयत बिगड़ गयी और वह बेहोश हो गये। जांच में वह कोरोना पॉजिटिव पाये गये। लाल विजय शाह देव ने कहा है कि इस समय राजधानी रांची के एक अस्पताल में उनका इलाज चल रहा है। अब वह पहले से बेहतर महसूस कर रहे हैं उन्होंने अपील की है कि उनके संपर्क में आये सभी लोग तुरंत कोविड टेस्ट करायें।

## राजद सुप्रीमो ने तेजप्रताप को पार्टी और घर से बाहर निकाला

**एजेंसी**

**पटना।** राष्ट्रीय जनता दल के अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव ने अपने बड़े बेटे तेजप्रताप यादव को पार्टी और परिवार से बाहर कर दिया है। लालू यादव के इस फैसले के साथ उनका पूरा परिवार साथ खड़ा है। राजद अध्यक्ष ने तेज प्रताप यादव और अनुष्का यादव की कई तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद यह कार्रवाई की है। लालू यादव के छोटे बेटे और राजद नेता तेजस्वी यादव ने कहा कि हम ऐसी चीजों को बर्दाश्त नहीं कर सकते।



हम बिहार की जनता के लिए काम कर रहे हैं और समर्पित हैं। रही बात मेरे बड़े भाई की तो राजनीतिक जीवन और निजी जीवन अलग-अलग हैं। उन्हें अपने निजी फैसले लेने का अधिकार है। वह वयस्क हैं और फैसले लेने के लिए स्वतंत्र हैं। इस पर पार्टी प्रमुख ने भी स्पष्ट कर दिया है।

## साहिबगंज में संदिग्ध अवस्था में मिला सिपाही का शव,एसआइटी करेगी जांच

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**साहिबगंज/रांची।** साहिबगंज पुलिस लाइन में कार्यरत सिपाही सुरजीत कुमार यादव (35) का शव रविवार को महिला सिपाही बैरेक भवन के पीछे संदेहास्पद परिस्थितियों में मिला। सिपाही का शव मिलने के बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। जिले के प्रभारी एसपी अनिमेष नैथानी ने बताया कि प्रथम दृष्टया यह हत्या का मामला प्रतीत हो रहा है। जांच के लिए एसआईटी गठित कर दी गयी है। दो से तीन लोगों को पूछताछ के लिए



हिरासत में लिया गया है, तीनों को शाम में सिपाही के साथ देखा गया था। बहुत जल्द मामले का उद्भेदन कर लिया जायेगा। दो दिन पूर्व ही वह पुलिस लाइन में आये थे।

**हाथ और छाती की हड्डी टूटी मिली :** पुलिस ने सदर अस्पताल में मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में शव का पोस्टमार्टम कराया। डॉक्टर मुकेश कुमार ने बताया कि जवान को गोली नहीं लगी थी, लेकिन छाती की हड्डी टूट कर उनके फेफड़े में घुस गयी थी। संभव है यही मौत का कारण बना। वहीं मृत जवान के दाहिने हाथ में कई जगह से फ्रैक्चर है। पोस्टमार्टम में पाया गया कि खून ताजा था और करीब 3.5 एमएल खून शरीर में था। पोस्टमार्टम के बाद पुलिस लाइन में श्रद्धांजलि के बाद शव को परिजनों के सौंप दिया गया। बता दें कि सुरजीत यादव पाकुड़ जिला के महेशपुर थाना क्षेत्र के ग्वालपाड़ा गांव का रहने वाले थे।

## कार्टून कोना




### गुरुग्राम की एक कंपनी के सीइओ ने देश के टैक्स सिस्टम पर उठाये सवाल, कहा

# किसान एक करोड़ भी कमाये तो भी कोई टैक्स नहीं...

- कहीं न कहीं नौकरी करने वाला मध्यम वर्ग चुपचाप चिल्ला रहा है। वे सबसे ज्यादा योगदान करते हैं...

*सड़क पर सामान बेचने वाले लोग बिना किसी लिखा-पढ़ी के काम करते हैं। वे डिजिटल बैंकिंग या जीएसटी जैसे सिस्टम से बाहर रहते हैं, इसलिए उनकी कमाई का कोई हिसाब नहीं होता।*



**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** गुरुग्राम की एक कंपनी के सीईओ वीरेश सिंह ने देश के इनकम टैक्स सिस्टम को लेकर कुछ सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा है कि किसानों को कमाई पर कोई टैक्स नहीं देना होता। वहीं कॉर्पोरेट कर्मियों को कमाई पर भारी-भरकम टैक्स देना होता है। उन्होंने इनकम टैक्स को लेकर लिंक्डइन पर पोस्ट लिखी है। पोस्ट में वीरेश ने लिखा है कि अगर कोई किसान साल में 1 करोड़ रुपये कमाता है, तो उसे कोई टैक्स नहीं देना होता। सड़क पर सामान बेचने वाले लोग भी, जिनमें से कुछ करोड़ों कमाते हैं, अक्सर टैक्स नहीं देते। इनमें चाय बेचने वाले, फूड स्टॉल लगाने वाले आदि शामिल हैं। उन्होंने लिखा है कि इनमें ज्यादातर लोग बिना किसी लिखा-पढ़ी के काम करते हैं। वे डिजिटल बैंकिंग या जीएसटी जैसे सिस्टम से बाहर रहते हैं। इसलिए उनकी कमाई का कोई हिसाब नहीं होता।

#### सीइओ ने मध्यम वर्ग की पीड़ा बतायी

वीरेश सिंह ने माना कि भारत को किसानों की जरूरत है। भारत को सड़क पर सामान बेचने वालों की जरूरत है। भारत के कारोबार भी जरूरी हैं। उन्होंने लिखा है कि कहीं न कहीं नौकरी करने वाला मध्यम वर्ग चुपचाप चिल्ला रहा है। वे सबसे ज्यादा योगदान करते हैं और सबसे कम शिकायत करते हैं, लेकिन अक्सर उन्हें ही सबसे कम लाभ मिलता है।

#### आंकड़ों का दिया हवाला

वीरेश सिंह ने अपनी पोस्ट में कुछ आंकड़ों का भी हवाला दिया है। लिखा है कि सीबीडीटी के 2023-24 के आंकड़ों के अनुसार, केवल 3.6 करोड़ भारतीयों ने इनकम टैक्स रिटर्न भरा। इनमें से लगभग 1.5 करोड़ नौकरी करने वाले थे, उन्होंने कुल इनकम टैक्स का 60 प्रतिशत से ज्यादा दिया।

#### कंपनी और कर्मचारी को कितना टैक्स?

वीरेश सिंह ने अपनी पोस्ट में कंपनी और कर्मचारी की कमाई पर लगाने वाले टैक्स के बारे में भी लिखा है। उन्होंने लिखा है कि अगर कोई प्राइवेट कंपनी को एक करोड़ रुपये का मुनाफा होता है तो उसे करीब 25 लाख रुपये टैक्स के रूप में चुकाने होते हैं। वहीं सालाना एक करोड़ की सैलरी वाले कर्मचारी को करीब 31 लाख रुपये का टैक्स देना पड़ता है। उन्होंने लिखा है, 'कोई शॉर्टकट नहीं। बस मेहनत करो और टैक्स भरो।

### लातेहार के चंदवा में दर्दनाक सड़क हादसा

## कार के परखच्चे उड़े, एक ही परिवार के तीन की मौत

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चंदवा।** एनएच-75 रांची-मेदिनीनगर मुख्य मार्ग पर चंदवा थाना क्षेत्र के सेन्हा फुटबॉल मैदान के समीप एक भीषण सड़क हादसे में एक की परिवार के 3 लोगों की मौत हो गई, जबकि 3 लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों का उपचार रिम्स में चल रहा है। मृतकों में शांति देवी, बबिता देवी एवं मनोज वर्मा हैं। जानकारी के अनुसार कार पर सवार होकर वे लोग रांची जा रहे थे, इसी दौरान सेन्हा फुटबॉल मैदान के समीप सामने से आ रही एक दूसरी कार की वजह से आई-10 कार असंतुलित हो गयी और सामने से



आ रहे मालवाहक वाहन से टकरा गयी। इस भीषण दुर्घटना में कार के परखच्चे उड़ गए।

**गिरिडीह में दो ट्रकों में टक्कर, दोनों चालकों की मौत :** जिले के ताराटाड़ थाना इलाके के गिरिडीह -धनबाद मुख्य मार्ग में रविवार की सुबह भीषण सड़क हादसा हुआ। बताया गया कि दो ट्रकों में भीषण टक्कर हो गयी। इस दुर्घटना में दोनों वाहनों के चालकों की मौत के साथ 10 मवेशियों की भी जान चली गयी।

झारखंड में बीज वितरण की शुरुआत, 80 हजार क्विंटल बीज वितरण का लक्ष्य

# किसानों में जागरूकता से खत्म होगा बिचौलिया राज : शिल्पी नेहा तिर्की

- कहा- सरकार राज्य के किसानों से किए गए वायदे के प्रति सजग है

**खबर मन्त्र ब्यूरो**




**रांची।** झारखंड में एक फिर रविवार से बीज वितरण की शुरुआत कर दी गई है। कृषि निदेशालय प्रांगण में बीज दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में राज्य की कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने किसानों के बीच बीज वितरण का शुभारंभ किया। चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 में विभाग ने खरीफ फसल के बीज वितरण का लक्ष्य 80 हजार क्विंटल रखा है। ये आंकड़ा पिछले दो वित्तीय वर्ष से दोगुना है। इस मौके पर मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि सरकार राज्य के किसानों से किए गए वायदे के प्रति सजग है। यही वजह है कि बीज दिवस के दिन से ही राज्य भर में बीज वितरण की शुरुआत कर दी गई है। कमजोर राज्यों को बेहतर प्रदर्शन करने के लिए ज्यादा काम करना जरूरी है। झारखंड भी इसी रास्ते पर निरन्तर आगे बढ़ रहा है। अगर किसान विभाग की योजनाओं को लेकर जागरूक होंगे, तो राज्य से बिचौलिया खत्म हो जाएंगे। ऐसा किसानों की जागरूकता और उनकी सूझ-बुझ से ही संभव है।

उन्होंने कहा कि विभाग किसानों को 50 प्रतिशत से लेकर 100 प्रतिशत तक अनुदान पर बीज उपलब्ध करा रही है। लेकिन इसका लाभ लेने के लिए समय पर सही जानकारी और प्रक्रिया को अपनाना होगा। कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग जिला से लेकर प्रखंड स्तर तक किसानों से योजनाओं का फीडबैक ले रही है, ताकि कमियों को समय रहते दूर किया जा सके। राज्य में छोटे बदलाव से विकसित झारखंड का निर्माण संभव है। फसल के पटवन के लिए विभाग ने नदी पर बिरसा पक्का चेक डैम योजना की शुरुआत करने का निर्णय लिया है। इसी तरह पलामू में बकरी के बजाय भेड़ का वितरण। किसी जिले में बकरी के बजाय शूकर का वितरण का उद्देश्य आवश्यकता के अनुसार किसान के अनुरूप योजना तैयार करना है। मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि विभाग किसानों के अनुरूप योजना को रूप देना चाहती है। किसान जागरूक बनें और गांव के एक-एक लोगों तक विभाग की योजनाओं की जानकारी साझा करें, ये जरूरी है। ऐसा करके झारखंड के किसान भी केरल और महाराष्ट्र की तरह खुद को कृषि के क्षेत्र में सफल साबित कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि आज किसानों को आधुनिकता के दौर में विज्ञान और ज्ञान को अपनाना होगा।

कृषि के क्षेत्र में उन्नत तकनीक से फसल की पैदावार में बढ़ोत्तरी तय है। इस मौके पर विभागीय सचिव अबू बक्कर सिद्दीखी ने किसानों को सचेत करते हुए कहा कि भूल से भी बीज खरीद के लिए अपना ओटीपी किसी दूसरे से साझा न करें। एक भूल से आप खुद का नुकसान कर सकते हैं। बीज वितरण के लिए प्रखंड स्तर पर मॉनिटरिंग टीम का गठन किया गया है। इतना ही नहीं, ब्लॉक चेन सिस्टम को भी विभाग ने विकसित किया है। इसका उद्देश्य किसानों को उनकी मांग के अनुरूप समय पर बीज उपलब्ध कराना है। कृषि निदेशक ताराचंद ने कहा कि झारखंड की 80 प्रतिशत आबादी खेती और किसानी से जुड़ी हुई है। राज्य में खरीफ की फसल को ही मुख्य फसल के तौर पर जाना जाता है। इस साल बीज वितरण के लिए 5 सरकारी कंपनियों को बीज मुहैया कराने का काम दिया गया है, ताकि बीज का वितरण पूरे राज्य में एक साथ शुरू हो सके। बीज दिवस के मौके पर रातू, बुढ़मू, कांके, मांडर, चान्हों और ओरमांझी प्रखंड के दो किसानों को बीज उपलब्ध कराया गया। मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कृषि निदेशालय में जीर्णोद्धार के बाद तैयार कॉन्फ्रेंस हॉल का फीता काटकर उदघाटन भी किया।

## कोविड के नए वेरिएंट पर झारखंड अलर्ट, सरकार पूरी तरह तैयार : डॉ इरफान अंसारी

- भीड़ में लगाएं मास्क, सतर्कता ही सुरक्षा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** देश में कोविड के मामलों को देखते हुए स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने कहा कि यह एक सामान्य स्थिति है। कोविड के नये वेरियेंट जेएन-1 से घबराने की कोई जरूरत नहीं है। स्वास्थ्य विभाग पूरी स्थिति पर नजर रखे हुए है। डॉ. अंसारी ने कहा कि भीड़-भाड़ वाले इलाकों में मास्क पहनना जरूरी है। इससे न केवल कोविड, बल्कि अन्य बैक्टीरियल और वायरल संक्रमणों से भी बचाव होता है। सतर्क रहें, सुरक्षित रहें और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहें। हम सबकी जिम्मेदारी है कि हम खुद भी सुरक्षित रहें और दूसरों को भी सुरक्षित रखें।

मंत्री ने बताया कि झारखंड सरकार, केंद्र सरकार द्वारा जारी होने वाली नई गाइडलाइन्स का इंतजार कर रहा है। उन्होंने कहा कि निर्देश मिलते ही राज्य सरकार तुरंत आवश्यक कदम उठाएगी। डॉ. अंसारी ने कहा लोगों को घबराने की जरूरत नहीं है, बल्कि सतर्कता बनाए रखने की जरूरत है। झारखंड सरकार और स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह सतर्क एवं तैयार हैं। नागरिकों से अपील है कि वे अफवाहों से दूर रहें, आधिकारिक सूचना पर ही विश्वास करें और आवश्यक एहतियात बरतें।

## पीएम मोदी के खून में सिंदूर का होना चिंतनीय, हो जांच : इरफान

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने पीएम नरेंद्र मोदी के उस बयान पर आश्चर्य और चिंता जताते हुए कटाक्ष किया है, जिसमें उन्होंने उनके रगों में सिंदूर बहने की बात कही थी। इरफान के मुताबिक, बीकानेर में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि मेरे खून में सिंदूर है। स्वास्थ्य मंत्री होने के नाते वे जांच की मांग करते हैं कि आखिर खून में सिंदूर कैसे गया? वे मोदी जी की लंबी आयु की कामना करते हैं। लेकिन ब्लड में सिंदूर जाना चिंता का विषय है। खून में अगर सिंदूर मिलाया गया तो यह हानिकारक है। अगर सिंदूर में पारा मिला हुआ रहा तो यह जानलेवा भी हो सकता है। तुरंत उनकी मेडिकल जांच कराई जानी चाहिए। इरफान के अनुसार, वे देश के सभी सुपर स्पेशलिस्ट डॉक्टर से मांग करते हैं कि जल्द से जल्द मोदीजी के खून की जांच हो। उनका देश में रहना काफी जरूरी है। वे 100 साल जिएं, यह उनकी दुआ है। सिंदूर का खून में होना घातक है। जब से उन्होंने मोदीजी के भाषण को सुना है, तब से वे सदमे में हैं।

**क्या है मामला**

बताते चलें कि पहलगाम में आतंकी हमले के बाद केंद्र सरकार और भारतीय सेना के स्तर से ऑपरेशन सिंदूर चलाया गया था। आतंकियों के 9 ठिकानों को नष्ट किया गया था। इसी परिप्रेक्ष्य में पीएम मोदी ने कहा था कि उनके रगों में सिंदूर बहता है। इसके बाद एक वीडियो वायरल हुआ था जिसमें इरफान ने कहा था कि ब्लड में खून दौड़ता है तो यह बीमारी है। बाद में उनके स्तर से वीडियो जारी कर कहा गया कि पीएम के रगों में सिंदूर कैसे बह सकता है। इसकी जांच होनी चाहिए।

## सरना धर्म कोड लागू करने की मांग को लेकर प्रदेश कांग्रेस का धरना आज, तैयारी पूरी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** सरना धर्म कोड लागू करने की मांग को लेकर प्रदेश कांग्रेस की ओर से सोमवार को राजभवन के पास आयोजित एक दिवसीय धरना की तैयारी पूरी हो गई है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के नेतृत्व में आयोजित धरना में प्रदेश प्रभारी के राजू के साथ प्रदेश कांग्रेस के सभी वरीय नेतागण, मंत्री, विधायक गण, पूर्व मंत्री, पूर्व विधायक सांसद, पूर्व सांसद, जिला अध्यक्ष सहित हजारों की संख्या में कार्यकर्ता भाग लेंगे। इसके पश्चात अपराह्न 3:00 बजे से आगामी नगर निकाय चुनाव हेतु नियुक्त पर्यवेक्षकों एवं जिला अध्यक्षों, कार्यकारी अध्यक्षों की बैठक बिहार क्लब में होगी।

उक्त जानकारी देते हुए प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने बताया कि एक लंबे अरसे से आदिवासी समुदाय अपने धार्मिक पहचान को पाने के लिए जनगणना में सरना धर्मकोड का कॉलम निर्धारित करने की मांग कर रहा है। आदिवासियों की इस मांग को कांग्रेस पूरी तरह समर्थन करती है और चाहती है कि आगामी जनगणना में सरना धर्म कोड का कॉलम अंकित किया जाए। उन्होंने कहा है कि आदिवासी समुदाय का रहन-सहन, पूजा पद्धति, मान्य परंपराएं सभी धर्मों से अलग है। यह प्रकृति पूजक हैं, इनके धार्मिक पहचान को बनाए रखना समय की मांग है। लोकतांत्रिक व्यवस्था के तहत प्राप्त संवैधानिक प्रावधानों के अनुसार यह एक गंभीर समसामयिक मांग है जिसे केंद्र सरकार को अविलंब मानना चाहिए।

सोनाल शांति ने कहा है कि सोमवार को आयोजित धरना प्रदर्शन के माध्यम से कांग्रेस संविधान के कस्टोडियन राज्यपाल के समक्ष सरना कोड लागू करने की मांग को रखेगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेतृत्व ने स्पष्ट कर दिया है कि सरना धर्म कोड की मांग को लेकर कांग्रेस सड़क से लेकर सदन तक पुरजोर लड़ाई लड़ेगी। जिस तरह हमने जातीय जनगणना की लड़ाई जीती है उसी तरह सरना धर्मकोड की लड़ाई भी जीतेंगे।

## पीएम के मन की बात है जन-जन की आवाज : संजय जायसवाल



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य संजय कुमार जायसवाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात को अपने बूथ पर सुना।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात का जनता इंतजार करती है। पीएम मोदी ने कहा कि सिंदूर सिर्फ एक सैन्य मिशन नहीं है। ये हमारे संकल्प, साहस और बदलते भारत की तस्वीर है। इस तस्वीर ने पूरे देश को देश भक्ति के भावों से भर दिया है। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से विनय कुमार सिंह, राजकुमार जायसवाल, शुभम जायसवाल, मुन्ना भारद्वाज, संदीप भगत, अजय जायसवाल, विजय साहू, सुरेंद्र साहू, धनंजय सिंह, गीता देवी, कंचन देवी,आरती देवी, ओम प्रकाश गुप्ता, संतोष चौधरी, तरुण कुमार जायसवाल, आकाश कुमार, गोविंद वर्मा आदि उपस्थित थे।

## आगामी नगर निकाय चुनाव के लिए प्रदेश कांग्रेस ने किया पर्यवेक्षक नियुक्त

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्य में होने वाले आगामी नगर निकाय चुनाव को देखते हुए झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने सांसद, मंत्री, विधायक एवं गत लोकसभा-विधानसभा चुनाव में उम्मीदवार रहे नेताओं को नगर निगम, नगर पंचायत एवं नगर परिषद क्षेत्रों के पर्यवेक्षक के रूप में मनोनीत किया है। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि नगर निकाय चुनाव को गंभीरता से लेते हुए संगठन को मजबूत करने की दिशा में अग्रेतर कार्रवाई करें ताकि हम नगर निकाय चुनाव में अपेक्षित सफलता प्राप्त कर सकें।

इस संबंध में प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने बताया कि विभिन्न नगर निगम नगर परिषद एवं नगर पंचायत के लिए वरीय नेताओं को जिम्मेवारी दी गई है। इसके तहत देवघर नगर निगम, मधुपुर नगर परिषद एवं गोड्डा नगर परिषद के लिए कांग्रेस विधायक दल नेता प्रदीप यादव। महगामा नगर परिषद- दीपिका पांडे सिंह, बासुकीनाथ नगर परिषद- बादल पत्रलेख, चतरा नगर परिषद एवं लातेहार नगर पंचायत- केएन त्रिपाठी, चास नगर निगम-श्वेता सिंह, चिरकुंडा नगर परिषद-अनुपमा सिंह, धनबाद नगर निगम-अजय दुबे, रांची नगर निगम एवं कपाली नगर परिषद-सुश्री यशस्विनी सहाय, बुंडू नगर पंचायत एवं खूंटी नगर पंचायत- कालीचरण मुंडा, सिमडेगा नगर परिषद भूषण बारा, गुमला नगर परिषद- सुखदेव भगत, लोहरदगा-नगर परिषद डॉ रामेश्वर उरांव, बचरा नगर पंचायत- सुश्री अंबा प्रसाद, रामगढ़ नगर परिषद- ममता देवी, हजारीबाग नगर निगम- मुन्ना सिंह, पाकुड़ नगर परिषद- निशत आलम, मिहिजाम नगर परिषद एवं जामताड़ा नगर पंचायत- डॉ इरफान अंसारी, फुसरो नगर परिषद- कुमार जय मंगल उर्फ अनूप सिंह, मानगो-नगर निगम- बन्ना गुप्ता, बिश्रामपुर नगर परिषद एवं माझियांव-नगर पंचायत- सुधीर कुमार चंद्रवंशी, छतरपुर नगर पंचायत- राधाकृष्ण किशोर, मेदिनी नगर नगर निगम- केएन त्रिपाठी को पर्यवेक्षक मनोनीत किया गया है।

उन्होंने बताया कि आगामी नगर निकाय चुनाव को कांग्रेस पूरी गंभीरता से ले रही है और इन चुनाव में बेहतरीन प्रदर्शन कर शहरी जनमानस के बीच अपनी भूमिका तय करना चाहती है। यह चुनाव संगठन के लिए संजीवनी का काम करेगा, जिससे कांग्रेस को मजबूती मिलेगी।

## झारखंड में अविलंब लागू हो पत्रकार सुरक्षा कानून : दीपेश निराला

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** जाने-माने सामाजिक कार्यकर्ता दीपेश निराला ने झारखंड में पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने की मांग की है। उन्होंने कहा है कि आये दिन पत्रकारों पर हो रहे हमले और पूर्वाग्रह से ग्रसित होकर पत्रकारों के विरुद्ध दर्ज किये जा रहे फर्जी मुकदमों पर रोक लगाने के लिये यह सुरक्षा कानून लागू किया जाना जरूरी है। उन्होंने कहा कि अभी जिस प्रकार धुर्वा के सेक्टर 2 में एक पत्रकार के साथ मारपीट की घटना सामने आई है, वह लोकतांत्रिक देश के लिये उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि पहले भी कई पत्रकारों की हत्या हो चुकी है और कई पत्रकारों पर हमला हो चुका है। ऐसी स्थिति में राज्य सरकार को त्वरित कदम उठाते हुये पत्रकारों की सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने चाहिये। जिला प्रशासन को इस मामले में संज्ञान लेते हुए दोषियों के विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई करनी चाहिये। उन्होंने एक हिंदी दैनिक अखबार के वरिष्ठ पत्रकार संजीत कुमार दीपक पर जानलेवा हमला करने के आरोपी के विरुद्ध अविलंब कड़ी कार्रवाई करने का अनुरोध किया है।

## ग्राम सभा की सहमति से खुलेंगी शराब दुकानें, बीजेपी कर रही गुमराह : हेमलाल मुर्मू

- भाजपा के नेता आदिवासियों को गुमराह कर विरोध के नाम पर सरकार का पुतला जलवा रहे हैं

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड में शराब नीति को लेकर भाजपा के आरोपों पर झामुमो नेता हेमलाल मुर्मू ने पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा के नेता आदिवासियों को गुमराह कर रहे हैं और विरोध के नाम पर सरकार का पुतला जलवा रहे हैं।

**ग्राम सभा की सहमति से खुलेंगी शराब दुकानें**

झामुमो विधायक हेमलाल मुर्मू ने कहा कि झारखंड सरकार की शराब नीति स्पष्ट है। जिसमें यह बात साफ तौर पर कहा गया है कि राज्य में शराब की दुकानें वहीं खुलेंगी, जहां ग्रामसभा के माध्यम से सहमति दी जाएगी।

**भाजपा के आरोपों पर कही ये बात**



उन्होंने कहा कि भाजपा ये आरोप लगाती रही है कि झामुमो झारखंड के आदिवासियों को शराब में डुबोना चाहती है। जबकि भाजपा के नेता और पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने पिछले दिनों बयान दिया था कि उनके कार्यकाल में शराब से रेवेन्यू 1900 करोड़ रुपये तक पहुंच गया था, जबकि झामुमो महज 1000 करोड़ पर अटकी हुई है। ऐसे में साफ है कि कौन राज्य के आदिवासियों को शराब में डुबो रहा था।

वहीं पड़ोसी राज्य बिहार की तर्ज पर झारखंड में पूर्ण शराबबंदी के मसले पर हेमलाल मुर्मू ने कहा कि ये फिलहाल झारखंड में अभी तय नहीं हुआ है। इसके कई पहलू हैं। इसके परिणाम पर विचार होगा फिर तय हो पाएगा कि क्या करना है।

**शराब घोटाले में शामिल लोगों पर होगी कार्रवाई**

वहीं शराब नीति में गड़बड़ी के मामले और विपक्ष के आरोप के बीच कुछ आला अधिकारियों की गिरफ्तारी पर झामुमो नेता हेमलाल मुर्मू ने कहा कि कानून अपना काम कर रही है, जो गलत होंगे उनपर कार्रवाई होगी।

# हर घर नल-जल योजना एवं अन्य केन्द्रीय योजनाओं में झारखण्ड की हिस्सेदारी की राशि दे केन्द्र : बंधु तिर्की

- झारखण्ड की केन्द्र की ओर से उपेक्षा पर क्यों नहीं बोलते भाजपा नेता और उसके सांसद-विधायक

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्य के पूर्व मंत्री, झारखण्ड सरकार की समन्वय समिति के सदस्य एवं झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा है कि केन्द्र सरकार की जल जीवन मिशन के साथ ही अन्य केन्द्रीय योजनाओं में झारखण्ड की हिस्सेदारी की अच्छी खासी राशि केन्द्र सरकार के पास बकाया है जिससे झारखण्ड के आर्थिक एवं सामाजिक विकास पर नकारात्मक असर पड़ रहा है। श्री तिर्की ने कहा कि झारखण्ड एवं यहां के लोगों के हित में केन्द्र को अविलंब बकाया राशि का भुगतान कर देना चाहिये।

श्री तिर्की ने कहा कि यदि हर घर नल-जल योजना की बात की जाये तो इसे सभी ग्रामीण घरों में पेयजल पहुंचाने के लिये 15 अगस्त 2019 को शुरू किया गया था जिसे 31 मार्च 2024 तक पूरा हो जाना था लेकिन कोरोना के कारण इसे बढ़ाकर 31 मार्च 2025 कर दिया गया। उन्होंने कहा कि झारखण्ड में लक्ष्य 62 लाख 54 हजार 97 घरों के मुकाबले केवल 34 लाख 40 हजार 792 घरों तक यह योजना पहुंची है, जो लक्ष्य का केवल 55.02 प्रतिशत है और इसकी पृष्ठभूमि में सबसे बड़ा कारण केन्द्र द्वारा इस योजना के लिये झारखण्ड को देय राशि का भुगतान नहीं करना है। यहां तक कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में केन्द्र के द्वारा जल जीवन मिशन के तहत झारखण्ड को 2114 करोड़ 16 लाख रुपये की राशि प्रदान की जानी थी, जबकि इस मद में केवल 70 करोड़ रुपये मिले।



उन्होंने कहा कि 24,665 करोड़ 30 लाख रुपए की अनुमानित लागत वाली इस योजना की 50 प्रतिशत राशि 12,332 करोड़ 65 लाख रुपए केन्द्र द्वारा दिया जाना था जबकि अबतक केवल 5,987 करोड़ 46 लाख का भुगतान किया गया है जो कि बहुत कम है। श्री तिर्की ने कहा कि बकाया राशि की मांग के लिये राज्य के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री से भी मुलाकात की और उन्हें बकाया राशि के साथ-साथ वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिये भी झारखण्ड के हिस्से की राशि विमुक्त करने की मांग रखी लेकिन अबतक केन्द्र सरकार के द्वारा कोई भी सकारात्मक कदम नहीं उठाया गया है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण विकास विभाग की विविध योजनाओं का हाल भी कुछ ऐसा ही है। वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने कहा कि यह स्थिति तब है जब सभी योजनाओं से संबंधित केन्द्र सरकार के प्रत्येक दिशानिर्देश का पालन राज्य सरकार के द्वारा सख़्ती के साथ किया जा रहा है।

श्री तिर्की ने भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं विधानसभा में विपक्ष के नेता बाबूलाल मरांडी सहित भाजपा के सभी सांसदों और विधायकों की इस बात के लिये तीखी आलोचना की कि वे छोटी-छोटी बातों को मुद्दा बनाकर झारखण्ड में राजनीति तो कर रहे हैं। लेकिन राज्य के साथ ही यहाँ के लोगों के लिये बेहद संवेदनशील, गंभीर और सीधे-सीधे विकास से जुड़े मामले पर कुछ भी नहीं बोल रहे जबकि यह प्रत्यक्षता आम लोगों के हित से जुड़ा है। वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने कहा कि लगभग प्रत्येक केन्द्रीय योजना में अपनी हिस्सेदारी देने के मामले में केन्द्र सरकार, झारखण्ड सहित उन प्रदेशों की उपेक्षा करती है, जहां विपक्षी कांग्रेस या अन्य दलों की सरकार है। श्री तिर्की ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं अन्य विविध केन्द्रीय मंत्रालयों से मांग की है कि वह इस मामले को संपूर्ण देश के संतुलित एवं सम्यक विकास के साथ जोड़कर देखे न कि इसे राजनीतिक रंग दे।

## भारत के हर प्रांत में पहुंचायी जाएगी भगवान बिरसा मुंडा की जन्मस्थली की पवित्र मिट्टी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** धरती आबा बिरसा मुंडा सार्धशती वर्ष (150वां वर्ष) के अंतर्गत अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप), झारखंड के कार्यकर्ताओं द्वारा उनकी जन्मस्थली उलिहातू, खूंटी की पवित्र माटी रविवार को एकत्रित की गयी। 29-31 मई को रायपुर में अभाविप की राष्ट्रीय कार्यकारी परिषद की बैठक में बिरसा मुंडा की शौर्यगाथा को देश के कोने-कोने तक पहुंचाने को कार्यकर्ताओं को इसे भेंट किया जाएगा। मिट्टी संग्रहण कार्यक्रम में मुख्य रूप से अखिल भारतीय जनजातीय छात्र कार्य प्रमुख प्रमोद राऊत उपस्थित थे।

मौके पर उन्होंने बताया कि भगवान बिरसा मुंडा की यह जन्मस्थली सम्पूर्ण भारतवर्ष के युवाओं के लिए प्रेरणा का केंद्र है। इस मिट्टी को भारत के प्रत्येक प्रांत में उनके संघर्ष एवं अंग्रेजों के विरुद्ध लोहा लेने की हिम्मत, प्रत्येक नागरिक को उनके जीवन से आत्मसात कराएंगी। धर्मांतरण के विरुद्ध एक कड़ी लड़ाई लड़ते हुए अपने जनजातीय समाज की सांस्कृतिक धरोहर एवं विरासत को संजो कर रखने में उनकी महत्ती भूमिका रही। उन्होंने परंपरागत तीर धनुष के माध्यम से जिस प्रकार से अत्याधुनिक हथियार से युक्त अंग्रेजों के विरुद्ध लड़ाई लड़ी, वह वाकई में हम सबके लिए एक मार्गदर्शन एवं ऊर्जा का विषय है।

उन्होंने कहा कि बिरसा मुण्डा जी केवल झारखंड के नहीं, अपितु सम्पूर्ण देश के युवाओं के लिए आदर्श हैं। आज समाज में जहां जहां अन्याय होगा, देश का युवा बिरसा मुंडाजी से प्रेरणा लेकर उसका प्रतिकार करेगा।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से बिरसा मुंडा के परिवार जनों के साथ झारखंड प्रांत के संगठन मंत्री नीलेश कटारेजी, खेलो भारत के राष्ट्रीय संयोजक आशुतोष प्रताप, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य शुभम पुरोहित, प्रदेश मीडिया संयोजक गुड्डू राय, जिला संयोजक प्रकाश टूटी, पवन, रोशन ठाकुर, अशोक टूटी एवं अन्य कार्यकर्ता भी उपस्थित थे।

## लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सिंहभूम चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड प्लेटिनम जुबिली समारोह को संबोधित करते हुए कहा

# देश को औद्योगिक महाशक्ति बनाने में लघु व मध्यम उद्योग की अहम् भूमिका

**अवसर की धरती है भारत, हमें इसका लाभ लेने के लिए टेक्नोलोजी के विकास व इनोवेशन पर ध्यान देना है, इनोवेशन, टेक्नोलोजी डेवलपमेंट और क्षमतावान युवाओं की सिनर्जी से दुनिया की अगुवाई कर सकता है भारत**




चैम्बर भवन पहुंच कर विजिटर्स बुक में संदेश लिखते लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला। साथ में चैम्बर अध्यक्ष विजय आनंद मूनका।



एससीसीआई के प्लेटिनम जुबिली समारोह का दीप प्रज्जवलित कर उद्घाटन करते लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, संजय सेठ, अर्जुन मुंडा, विद्युतबरण महतो, चैम्बर अध्यक्ष विजय आनंद मूनका व अन्य अतिथि।



लोकसभा अध्यक्ष का आदिवासी नृत्य कर स्वागत करती युवतियां।

**विशेष संवाददाता**

**जमशेदपुर।** आजादी के अमृतकाल में प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी ने देश को औद्योगिक महाशक्ति बनाने का विजन रखा है। इस विजन के केंद्र में लघु व मध्यम उद्योग है। देश को औद्योगिक महाशक्ति बनाने में लघु व मध्यम उद्योग की अहम् भूमिका होगी। 2047 तक विकसित भारत के निर्माण जमशेदपुर के लघु व मध्यम उद्योग की भूमिका का ब्लू प्रिंट सिंहभूम चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री को तैयार करना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी ने देश के अमृत काल की घोषणा की है। इस अमृत काल में विकसित भारत के निर्माण से उत्पन्न होने वाले अवसरों के लिए स्थानीय उद्योगों को तैयार करने में चैम्बर को अपनी भूमिका निभानी चाहिए और इसके लिए लांग टर्म विजन डोकूमेंट की जरुरत है। साथ ही एसएमएमई उद्योगों में इनोवेशन, व टेक्नोलोजी डेवलपमेंट और वैश्विक प्रतिस्पर्द्धा में खड़े रहने की ताकत विकसित करने में भी चैम्बर को अपनी भूमिका सुनिश्चित करनी चाहिए। हमें इस बात की खुशी है कि सिंहभूम चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के प्लेटिनम जुबिली समारोह में भाग लेने का मुझे मौका मिला है। प्लेटिनम जुबिली मनाने के लिए चैम्बर के अध्यक्ष विजय आनंद मूनका व टीम तथा तमाम सदस्यों को बहुत-बहुत बधाई।



समारोह को संबोधित करते ओम बिरला।

उक्त बातें भारत के लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने आज फेसी ऑडिटोरियम में आयोजित चैम्बर के प्लेटिनम जुबिली समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए कही। बिरला जैसे ही ऑडिटोरियम पहुंचे, उपस्थित व्यवसायियों और उद्यमियों ने करतल ध्वनि से उनका स्वागत किया। ओम बिरला के साथ देश के रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, पूर्व सीएम अर्जुन मुंडा, सांसद विद्युतबरण महतो भी थे। ओम बिरला ने अपने संबोधन में कहा कि सिंहभूम के उद्यमियों के पास टाटा का समृद्ध विरासत है, प्रेरणा है। सोचिए, 100 साल से भी ज्यादा समय जेएन टाटा एंड फेमिली को यहां एशिया का पहला स्टील प्लांट लगाने के लिए कितनी मशक्कत करनी पड़ी होगी? तमाम कठिनाइयों को पार लगाते हुए टाटा परिवार ने यहां उद्योगीकरण की नींव डाली, और शताब्दी से अधिक समय से विश्व बाजार के तमाम उतार-चढ़ाव के बावजूद टाटा समूह इस धरती पर बना हुआ है।

इस विरासत से प्रेरणा लेने और सीखने की जरुरत है। लोकसभा अध्यक्ष ने चैम्बर के सदस्यों को टाटा की वेंटर कंपनी बनने के बाद अब आइटी, सर्विस सेक्टर जैसे नये-नये उभरते सेक्टर में उद्योग स्थापित करने की सलाह दी। इसके लिए बड़े सपने देखें और उसे साकार करने के लिए कठोर मेहनत करें। बिरला ने जेएन टाटा के सपनों के शहर जमशेदपुर की भूरि-भूरि प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि जमशेदपुर शहर उद्योगीकरण के साथ-साथ सामाजिक, आर्थिक और बौद्धिक विकास का भी स्थान है। इस शहर की वैश्विक स्तर पर पहचान है। देश के आर्थिक विकास में जमशेदपुर की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। बिरला ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी के नेतृत्व में अमृत काल का भारत एक सशक्त भारत है जिसका लोहा पूरी दुनिया मान रही है। हमारा देश हर मोर्चे पर आगे बढ़ रहा है। लोकसभा अध्यक्ष ने चैम्बर सदस्यों को आश्वासन दिया कि वे अपने सांसद के जरिए मुझसे संपर्क में रहे, आपके मुद्दों एवं चुनौतियों के समाधान की सरकार की भूमिका सुनिश्चित करने के लिए संबंधित मंत्रालयों से बात करेंगे।

**चैम्बर भवन भी गए ओम बिरला, शुभकामना संदेश लिखा**

वैसे तो चैम्बर के प्लेटिनम जुबिली समारोह में लेट से पहुंचे लोकसभा अध्यक्ष किन्तु कम समय होने पर भी न सिर्फ उन्होंने लंबा संबोधन दिया बल्कि समय निकाल कर रांची रवाना होने से पूर्व बिष्टुपुर चैम्बर भवन आये और वहां विजिटर्स बुक में अपना संदेश नोट किया। उन्होने चैम्बर भवन में सुविधाओं की भूरि-भूरि प्रशंसा की। चैम्बर के पदाधिकारियों के साथ ग्रुप फोटो के बाद वे जमशेदपुर एयरपोर्ट से रांची रवाना हुए।

**पूर्व अध्यक्षों का किया गया सम्मान**

प्लेटिनम जुबिली समारोह में मुख्य अतिथि ओम बिरला,लोकसभा अध्यक्ष के हाथों चैम्बर के पूर्व अध्यक्षों को सम्मानित किया गया। पूर्व अध्यक्षों में विजय कुमार मेहता, मुरलीधर केडिया, एके श्रीवास्तव, आरके चौधरी (उनकी अनुपस्थिति में पुत्र आलोक चौधरी ने सम्मान ग्रहण किया), निर्मल काबरा, उमेश कुमार काउंटिया, जी आर गोलेच्छा,बीडी बोधनवाला, राजकुमार अग्रवाल और सुरेश सोंथालिया। लोकसभा अध्यक्ष ने इन पूर्व अध्यक्षों को स्मृति चिन्ह प्रदान किया जबकि रक्षा राज्यमंत्री ने शॉल ओढा कर सम्मानित किया।

**कार्यक्रम में ये भी थे उपस्थित**

प्लेटिनम जुबिली समारोह में टाटा स्टील के वाइस प्रेसिडेंट कारपोरेट सर्विसेज डीबी सुंदर रामम, वाइस प्रेसिडेंट राजीव मंगल, आरएसबी ग्रुप के वाइस चेयरमैन एंड एमडी एसके बेहरा समेत विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि प्लेटिनम समारोह में उपस्थित रहे।

### यह नया भारत है, नये भारत का मतलब विकसित भारत : संजय सेठ

प्लेटिनम जुबिली समारोह को संबोधित करते हुए देश के रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ ने कहा कि आजादी के अमृतकाल के दौरान भारत को विकसित भारत बनाने का लक्ष्य हमारे प्रधानमंत्री ने रखा है। अब हमारा देश दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश है। इसमें हमारा उद्योग जगत बढ़-चढ़ कर भूमिका निभा रहा है। सेठ ने उम्मीद जतायी कि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला जी के कार्यकाल में वन नेशन, वन इलेक्शन का कानून पास होगा।

### देश की अर्थव्यवस्था के विकास में बड़ी भूमिका निभाने को तैयार रहे चैम्बर : अर्जुन मुंडा

भारत सरकार के पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा ने अपने संबोधन में कहा कि देश के औद्योगिक विकास में सिंहभूम चैम्बर ऑफ कॉमर्स अपनी भूमिका निभा रहा है किन्तु आजादी के अमृतकाल में जोअवसर सृजित होने वाले हैं उसका लाभ उठाने के लिए चैम्बर और उसके सदस्यों को और बड़ी भूमिका निभाने के लिए तैयार रहे।

### विकसित भारत बनाने में भूमिका निभायेगा चैम्बर : विद्युतबरण महतो

सांसद विद्युतबरण महतो ने अपने संबोधन में कहा कि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला का जमशेदपुर समेत पूरे झारखंड की धरती पर आना स्वागत योग्य है। लोकसभा अध्यक्ष के रूप में वे ऐतिहासिक भूमिका निभा रहे हैं। देश से धारा 370 और ट्रिपल तलाक हटाने के कानून समेत पुराने कानूनों को लोपित करने का ऐतिहासिक कार्य ओम बिरला जी के कार्यकाल में हो रहा है। उन्होंने लोकसभा अध्यक्ष को बताया कि आजादी की लडाई में जिस तरह टाटा ग्रुप की भूमिका रही उसी तरह चैम्बर ने भी झारखंड अलग राज्य बनाने के आंदोलन में मददगार रहा है। यहां के औद्योगिक विकास में चैम्बर की भूमिका उल्लेखनीय है।

---

## स्पीड न्यूज

### लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला का कुलवंत सिंह बंटी ने किया स्वागत



जमशेदपुर। सिंहभूम चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री जमशेदपुर के 75 वा वर्ष पूरे होने के अवसर पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला एवं रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ के जमशेदपुर आगमन पर सोनारी एयरपोर्ट पर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कुलवंत सिंह बंटी ने पुष्प गुच्छ दे कर स्वागत किया।

### सतवाहिनी-सापड़ा मार्ग पर अनियंत्रित कार पलटी, तीन घायल

गम्हरिया। रविवार की दोपहर आदित्यपुर थाना अंतर्गत गम्हरिया के सतवाहिनी-सापड़ा मार्ग पर अनियंत्रित कार पलट जाने से उसपर सवार तीन युवक घायल हो गए। घायलों में नारायण प्रधान, लाल मांझी और करण मार्डी शामिल हैं। मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजकर कार को जब्त कर लिया है। घटना के संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार, एक कार पर सवार तीनो युवक सांपड़ा से गम्हरिया की ओर आ रहे थे। इसी दौरान उंक्त मार्ग पर अनियंत्रित होकर कार सड़क किनारे पलट गई जिससे तीनों युवक घायल हो गए। बताया जाता है कि तीनों युवक नशे की हालत में थे। पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

### कांग्रेस के झारखंड प्रभारी और प्रदेश अध्यक्ष का गम्हरिया में स्वागत

गम्हरिया। सरायकेला से जमशेदपुर जा रहे कांग्रेस प्रदेश प्रभारी के.राजू और प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश का कार्यकर्ताओं द्वारा वरिष्ठ पार्टी नेता केपी सोरेन के नेतृत्व में गम्हरिया प्रखंड कार्यालय के समक्ष भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने उन्हें फूल माला पहनाकर स्वागत किया। कुछ पल के लिए वहां रुके प्रदेश स्तरीय नेताओं को इस दौरान मौजूद आरडी रबड़ कंपनी के कामगारों द्वारा एक ज्ञापन सौंपकर समस्याओं से अवगत कराते हुए उसके समाधान की मांग की। इस मौके पर पार्टी नेता जगदीश नारायण चौबे, राजू रजक, अमूल्य महतो, कार्यकारी जिलाध्यक्ष आम अम्बुज कुमार, जटाशंकर पांडे समेत काफी संख्या में कार्यकर्ता व आरडी रबड़ कंपनी के मजदूर उपस्थित थे।

## संवैधानिक मूल्यों से खिलवाड़ का पुरजोर विरोध करती रहेगी कांग्रेस : के. राजू

**कांग्रेस की जिला स्तरीय संविधान बचाओ रैली को झारखंड प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी ने संबोधित किया**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में जिला स्तरीय संविधान बचाओ रैली का आयोजन जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे के अध्यक्षता में साकची पार्किंग स्थल में आयोजित की गई। रैली 25 मई को अपराह्न 3:00 बजे से प्रारंभ हुई। रैली में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश प्रभारी के. राजू, प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, पूर्व मंत्री बंधु तिर्की, पूर्व मंत्री बन्ना गुप्ता, पूर्व सांसद राज्यसभा प्रदीप कुमार बलमुचू एवं नेताओं ने रैली को संबोधित किया। स्वागत भाषण जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे ने दिया। प्रोटोकॉल स्वागत जिलाध्यक्ष ने अंगवस्त्र, बुके, गांधी टोपी और मोमेंटो प्रदान कर स्वागत किया। जिला प्रभारी बलजीत सिंह बेदी ने जिला कमिटी द्वारा प्रस्तावित तीन प्रस्ताव को पढा तथा उपस्थित सदस्यों ने हाथ उठकर तथा प्रस्ताव का समर्थन किया। मुख्य अतिथि ने के. राजू ने रैली को संबोधित करते हुए कहा कि देश में सत्तारुढ़ मौजूदा सरकार संविधान के साथ छेड़छाड़ कर जन भावना के खिलाफ काम कर रही है। मोदी सरकार को समाज बांटने वाली नीतियों और कदम का कांग्रेस पुरजोर विरोध करती रहेगी। संविधान के अनुच्छेद 15 (5) राज्य को निजी स्कूलों या कॉलेजों सहित शैक्षणिक संस्थानों में पिछड़े वर्ग और आर्थिक रुप से पिछड़े वर्ग के लिए आरक्षण की बात कही गई है। जिसे झारखण्ड राज्य में अविलंब लागु करने का मांग कांग्रेस पार्टी करती है। के राजू ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी जी ने जातीय जनगणना की बात सड़क से लेकर सदन तक लंबी लड़ाई लड़ी और उनके इस लड़ाई का परिणाम था कि केन्द्र सरकार को जातीय जनगणना के पक्ष में झुकना पड़ा। रैली का संचालन संजय सिंह आजाद उपाध्यक्ष ने किया। बैठक में जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे, अशोक चौधरी, अजय सिंह, राकेश्वर पाण्डेय, रघुनाथ पाण्डेय, जोसाई मार्डी, चन्द्रभान सिंह, रियाजुद्दीन खान, प्रदेश सचिव राकेश कुमार तिवारी, जेबा खान, राष्ट्रीय अध्यक्ष महिला इंटक देविका सिंह, सामंता कुमार, फिरोज खान, ब्रजेन्द्र तिवारी, शशी कुमार सिन्हा, नूरजहां वारसी, अपर्णा गुहा, शफीअहमद खान, रजनीश सिंह, अरूण कुमार सिंह, अंसार खान, तापस चटर्जी, काल्टू चक्रवर्ती, किशन महतो, मुरारी शर्मा, आशीष ठाकुर, अतुल गुप्ता, संजय चौधरी, मो. शब्बीर ऊर्फ लालबाबू, सोशल मीडिया चेयरमैन राजकुमार वर्मा, अमित श्रीवास्तव, इंदुभुषण यादव, राकेश साहू, राजेश चौधरी, अजय शर्मा, शमशेर आलम, प्रभात रंजन श्रीवास्तव, अमरजीत नाथ मिश्र, सचिन कुमार सिंह, कौशल प्रधान, संजय यादव सहित कांग्रेसजन शामिल हुए।

## श्रेयश का भारतीय टीम में चयन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** 22 से 29 जून तक साउथ अफ्रीका के केन्या में होनेवाले प्रथम जूनियर रोल बॉल (अंडर 17) चैंपियनशिप-2025 के लिये इंडिया टीम में शहर के श्रेयश शेखर का चयन हुआ है। यह प्रक्रिया गतदिनों इंदौर शहर में हुआ, जिसके बाद रोल बॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया ने पूरी सूची जारी कर दी। सोनारी निवासी श्रेयश बिष्टुपुर डीएवी के 11वीं के विद्यार्थी और भाजपा नेता अजय श्रीवास्तव के छोटे भाई विजय श्रीवास्तव के पुत्र हैं। विजय श्रीवास्तव वर्तमान में टाटा स्टील में कार्यरत है और सिन्टर प्लांट में कमिटी मेंबर हैं। श्रेयश के भारतीय टीम में चयन होने पर जहां पूरा परिवार खुश है, वहीं उन्होंने जिले के साथ-साथ पूरे राज्य का मान बढ़ाया है। वे कहते हैं कि बेहतर खेल का प्रदर्शन कर भारत का नाम रौशन करना एकमात्र उद्देश्य है। ज्ञात हो कि पूरे झारखंड से एकमात्र खिलाड़ी श्रेयश का चयन हुआ है।

## सामाजिक परिवर्तन के लिए सक्रिय रहे कपूर बागी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** सामाजिक कार्यकर्ता एवं गांधीवादी कपूर बागी की स्मृति में आज सभा मितान जुमिद,चिलगु-चाकुलिया में आयोजित किया गया। इस अवसर पर चांडिल, ईचागढ़ कुकड़ू बोड़ाम, पटमदा, जमशेदपुर, नीमडीह आदि क्षेत्रों के सामाजिक कार्यकताओं ने उन्हें याद करते हुए कहा कि कपूर बागी एक बहादुर समर्पित और बेपरवाह कार्यकर्ता थे, जो जीवन पर्यन्त सामाजिक परिवर्तन के लिए सक्रिय रहे। बागी की स्मृति में सभा मितान जुमिद, चिलगु-चाकुलिया में आयोजित, मौजूद वक्ताओं ने कहा, कपूर बागी एक बहादुर समर्पित और बेपरवाह कार्यकर्ता थे, जो जीवन पर्यन्त सामाजिक परिवर्तन के लिए सक्रिय रहे। कपूर के परिवार से दो -दो व्यक्ति अर्थात मामा शिबू सोरेन और ममेरे भाई हेमंत सोरेन मुख्यमंत्री हुए, उनकी हैसियत और पद का उन्होंने कभी भी निजी हित में इस्तेमाल नहीं किया। उन्होंने सादगी और असंग्रह की प्रवृत्ति से अपना जीवन बिताया। चांडिल क्षेत्र में चलने वाले हर आंदोलन में उन्होंने बढ़ चढ़कर भाग लिया। इतना ही नहीं, वर्ष 1991 में कोयलकारो बांध के खिलाफ, पोटका में जिंदल और मित्तल के खिलाफ संघर्ष में तथा दलमा क्षेत्र को इको सेंसिटिव जोन घोषित करने के खिलाफ आंदोलनों में अग्रिम पंक्ति में शामिल रहे।

## दिव्यांग प्रतिभा सम्मान से 15 प्रेरणादायक दिव्यांगजनों का सम्मान

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर स्थित दिव्य ज्योति नेत्रहीन विद्यालय का नवम वार्षिक उत्सव रविवार को विद्यालय परिसर (छठ घाट के समीप, शास्त्री नगर, जोन नंबर 4, कदमा) में हर्षोल्लास एवं गरिमा के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर झारखंड सरकार के शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले 15 प्रतिभाशाली दिव्यांगजनों को दिव्यांग प्रतिभा सम्मान से सम्मानित किया। सम्मान प्राप्त करने वाले दिव्यांगजन ने रोजगार, स्वरोजगार, शिक्षा, सामाजिक सेवा एवं दिव्यांगता अधिकार के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य कर यह सिद्ध किया है कि चुनौती कोई बाधा नहीं, बल्कि अवसर हो सकता है। इन सम्मानित व्यक्तियों में कुमारी निकिता, बलबीर कौर, कृष्णदेव भट्टाचार्य, आदित्य सिंह, पी. संजना कुमारी, रणजीत सिंह, दैनिक कुमार महतो, चंदन कुमार सिंह, नंदन कुमार सिंह, सीमा कुमारी, सोनाली पाल तथा राष्ट्रीय दृष्टिहीन संघ (झारखंड) सहित कुल 15 प्रेरणादायक नाम शामिल हैं। इस अवसर पर मुख्य अतिथि रामदास सोरेन ने अपने संबोधन में कहा, दिव्यांगजन समाज की बहुमूल्य संपत्ति हैं। यदि उन्हें समान अवसर और उचित मंच मिले, तो वे असाधारण उपलब्धियां हासिल कर सकते हैं। सरकार दिव्यांगजनों के अधिकारों एवं सशक्तिकरण के लिए कृतसंकल्पित है। दिव्यांग बच्चों की शिक्षा के लिए हम तत्पर हैं और विशेष शिक्षकों की नियुक्ति के लिए राज्य सरकार तेजी से कार्य कर रही है। जल्द ही दिव्यांग बच्चों के लिए विशेष शिक्षक नियुक्त किए जाएंगे। इस अवसर पर समाजसेवी पूरबी घोष भी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। 2016 से इस संस्था से जुड़ी हुई है और मदद करते आ रही है। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजनों को प्रोत्साहित कर समाज को समावेशी दिशा में आगे ले जाया जा सकता है। विद्यालय की संस्थापक सचिव रिमा भट्टाचार्य ने कहा कि दिव्य ज्योति नेत्रहीन विद्यालय दृष्टिबाधित बच्चों को न केवल शिक्षा प्रदान कर रहा है, बल्कि उनके समग्र विकास, आत्मनिर्भरता और समाज में सम्मानजनक स्थान दिलाने हेतु निरंतर प्रयासरत है। समारोह के दौरान छात्रों एवं दिव्यांग प्रतिभागियों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने उपस्थित जनसमुदाय को भावविभोर कर दिया। समारोह में गणमान्य नागरिक, अभिभावक, और दिव्यांगजन उपस्थित थे।

## एक नजर में

### झारखंड क्षत्रिय संघ और आदित्यपुर संघर्ष्ज्ञ सेवा समिति के शिविर में 367 यूनिट रक्तदान



जमशेदपुर। झारखंड क्षत्रिय संघ के नेतृत्व में और आदित्यपुर संघर्ष सेवा समिति एवं भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी के संयुक्त प्रयास से आधारशिला टावर में महा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम महाराणा प्रताप की जन्म जयंती पर आयोजित हुआ। इस कार्यक्रम में कुल 367 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सरयू राय विधायक जमशेदपुर पश्चिम और जियाडा के क्षेत्रिय निदेशक प्रेम रंजन जी एवं डॉ ओ पी आनंद थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में गम्हरिया के प्रखंड विकास पदाधिकारी अभय कुमार द्विवेदी, झारखंड क्षत्रिय संघ के केंद्रीय अध्यक्ष शंभू नाथ सिंह, सिया के अध्यक्ष संतोष सिंह, संरक्षक नंद कुमार सिंह, शिव शंकर सिंह विनोद सिंह ब्लू स्टार उपस्थित थे। यह कार्यक्रम झारखंड क्षत्रिय संघ के आर आई टी यूनिट द्वारा आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अध्यक्ष अवध बिहारी सिंह केंद्रीय सचिव प्रमोद कुमार सिंह, संपर्क सचिव रामाशंकर सिंह एवं मनोज सिंह का विशेष योगदान रहा। इस कार्य को सफल बनाने के लिए दूर-दराज के गांव से लोग आए थे। झारखंड क्षत्रिय संघ के विभिन्न यूनिट से लोगों का सहयोग प्राप्त हुआ। आदित्यपुर संघर्ष सेवा समिति की भूमिका सकारात्मक और बहुमूल्य थी।

### टेल्को मिलेनियम पार्क में एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मेगा अभ्यास शिविर का आयोजन



जमशेदपुर। पतंजलि योग समिति पूर्वी सिंहभूम के तत्वावधान में टेल्को मिलेनियम पार्क में एक दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मेगा अभ्यास शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में पधारे पतंजलि योग समिति पूर्वी सिंहभूम के जिला प्रभारी कृष्ण कुमार ने कहा कि योग आज जन-जन की आवश्यकता बन गई है। योग हमारे शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक विकास के लिए अति आवश्यक है। शिविर का नेतृत्व पतंजलि सोशल मीडिया के जिला प्रभारी नरेंद्र कुमार ने किया। उन्होंने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस हर वर्ष 21 जून को मनाया जाता है जिसकी पूर्व तैयारी पतंजलि योगपीठ हरिद्वार के दिशा निर्देशन में भारतवर्ष के 600 जिलों में की जा रही है। पतंजलि योग परिवार के माध्यम से जमशेदपुर में भी इसका भव्य आयोजन किया जाएगा। शिविर में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस प्रोटोकॉल के अभ्यास के साथ-साथ ईशा फाउंडेशन के टीम द्वारा ध्यान का अभ्यास भी कराया गया। शिविर में मुख्य रूप से पतंजलि युवा भारत के जिला प्रभारी विपिन कुमार, पतंजलि किसान सेवा समिति के जिला प्रभारी बिहारी लाल, वरिष्ठ योग शिक्षक उमापति लाल दास, शिव प्रसाद सिंह, महिला योग शिक्षिका कमला वस्ताकोटि, नीलम, आरती सिन्हा एवं रीता कुमारी उपस्थित थे। शिविर के सफल आयोजन में सोमा,निर्मला लाल, श्यामली डे, शबनम पोद्दार दीपक कुमार सिंह, सुब्रतो दास, ईशा फाउंडेशन के राजीव कुमार, अभिषेक निराला, प्रशांत, विजय और खुशबू कुमारी की सराहनीय भूमिका रही।

### सिख समुदाय ने किया ओम बिरला और संजय सेठ का अभिनंदन





जमशेदपुर। रविवार को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला एवं रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ का एक दिवसीय जमशेदपुर दौरा हुआ। जिस दौरान सिख युवाओं ने गर्मजोशी से स्वागत करते हुए उन्हें शॉल एवं झारखंड की संस्कृति से जुड़ी स्मृति चिन्ह प्रदान किया। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला ने 'सत श्री अकाल' के संबोधन के साथ सिख युवाओं से मुलाकात की। साथ ही उन्होंने जमशेदपुर में स्थित गुरुद्वारों की संख्या एवं जमशेदपुर में कितने सिख जनसंख्या है इसकी जानकारी ली। उन्होंने सिख युवाओं से कई मुद्दों पर चर्चा करते हुए अपने विचारों को रखा। ओम बिड़ला ने सिख युवाओं को दिल्ली अपने निवास आने का न्यौता दिया और विस्तृत चर्चा किया जाएगा यह बात कही। इस मौके पर सिख युवाओं के रूप में सिख भाजपा नेता सतबीर सिंह सोमू, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश मीडिया प्रभारी रविंदर सिंह रिंकू, सिख भाजपा नेता चंचल भाटिया, कुलवंत इत्यादि मौजूद रहें।

## स्पीड न्यूज

### पूर्व सीएम रघुवर दास का पलामू आगमन आज, 27 को संगोष्ठी में लेंगे भाग



मेदिनीनगर। पलामू भाजपा जिला कार्यालय में अमित तिवारी की अध्यक्षता में महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक में 27 मई को अहिल्याबाई होलकर के 300वीं जयंती पर आयोजित होने वाले संगोष्ठी की तैयारी पर विचार विमर्श किया गया। संगोष्ठी में भाजपा के वरिष्ठ नेता पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास मुख्य वक्ता होंगे। संगोष्ठी में पार्टी के सभी प्रमुख एवं सक्रिय कार्यकर्ता, नेता सहित अधिकांश महिलाएं भी भाग लेंगी। संगोष्ठी कार्यक्रम 27 मई को दीनदयाल सभागार टाउन हॉल में प्रातः 10:00 बजे से शुरू होगा। भाजपा जिलाध्यक्ष अमित तिवारी ने बताया कि पूर्व सीएम 26 मई की देर शाम तक मेदिनीनगर परिसदन भवन पहुंच जाएंगे। ठाकुरबाड़ी रेडमा चौक पर दास का भव्य स्वागत कार्यकर्ताओं के द्वारा भी किया जाएगा। बैठक में उपस्थित प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह ने कहा कि अहिल्याबाई होलकर का पूरा जीवन देश की धार्मिक एवं सांस्कृतिक धरोहरों को जीर्णोद्धार करने से जुड़ा हुआ है। केंद्र सरकार द्वारा उनके जीवन से जुड़े उद्देश्यों को लेकर आज पूरे देश में धार्मिक एवं सांस्कृतिक धरोहरों को पुर्नजीवित किया जा रहा है। पार्टी द्वारा भी उनके तीन सौवीं जयंती पर कार्यक्रम चलाकर उनके योगदान को याद किया जा रहा है। बैठक का संचालन जिला महामंत्री ज्योति पांडे ने किया। बैठक में अजय तिवारी, अरविंद गुप्ता, अभिमन्यु तिवारी, शिवकुमार मिश्रा, धीरेंद्र दुबे, सोमेश सिंह, प्रियरंजन कुमार, विपुल गुप्ता, रीना किशोर, श्वेतांग गर्ग, शुभम प्रसाद, श्रवण गुप्ता, जितेंद्र तिवारी, कुमार गौरव, राकेश दुबे, नंदलाल गुप्ता, निरंजन कुमार, आनंद कुमार, विनय तिवारी, सुनील तिवारी, निलेश पांडेय, नित्यानंद तिवारी सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे। धन्यवाद ज्ञापन महामंत्री विजय ठाकुर ने किया।

### समाजसेवी ने किया वस्त्र का वितरण



सतबरवा पलामू। समाजिक कार्यकर्ता निर्दोष कुमार ने प्रखंड क्षेत्र के सुदुरवर्ती इलाका धुटुआ पंचायत के सेरनदग गांव में खेरवार आदिवासी समुदाय के लोगों के बीच धोती, साड़ी और कपड़ा का वितरण किया। मौके पर उन्होंने कहा कि मानव सेवा सबसे सेवा बड़ा कोई सेवा नहीं है। नर सेवा ही नारायण सेवा है। इस पुण्य कार्य में बहुत लोगों का सहयोग है। वहीं उन्होंने गांव के लोगों से नशा से मुक्ति और शिक्षा के लिए प्रेरित किया। मौके पर बिहारी प्रसाद, राहुल सिंह, विनोद सिंह, उपेंद्र सिंह, उमेश सिंह, विनय सिंह मौजूद थे।

### बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए मिशन समृद्धि तत्पर



मेदिनीनगर। मिशन समृद्धि संस्था के तहत चल रहे समृद्धि की पाठशाला के बच्चों को नैतिकता के साथ साथ उनका सर्वांगीण विकास कैसे हो इस पर भी प्रयास जारी है। पांकी रोड जनकपुरी तथा कचरवा में पाठशाला निरंतर चल रहा है। बच्चे जिन्हें पढ़ाई के प्रति जरा भी लगाव नहीं था आज उन्हें पढाई करना अच्छा लगने लगा है। सच्चाई यह है कि इस वर्ग के बीच शिक्षा का लौ जलाना एक चुनौती रहा है। इस चुनौती को मिशन समृद्धि संस्था स्वीकार करते हुए आगे बढ़ती रही है। कचरवा जाकर पाठशाला चलाना कोई आसान काम नहीं लेकिन यह संस्था कठिनाइयों के बावजूद भी वहां जाना जारी रखा है। मिशन समृद्धि की अध्यक्ष शीला श्रीवास्तव ने कहा कि आज के बच्चे जिनके नींव में हमें शिक्षा का बीज बोना है जो आगे चलकर उन्हें राह दिखाएगा। इन सारे कार्यों में शहर के एक मसीहा ने अपना बड़ा योगदान दिया है जिसके बल पर हम बच्चों की गतिविधियों को सुचारू रूप से चला पा रहे हैं। पाठशाला में अहिल्या गिरि, बैजन्ती गुप्ता, रंजीता, वीणा राज, शालिनी श्रीवास्तव, संध्या, शेखर, ऋषि, नैसी गुप्ता, ममता का सराहनीय योगदान रहा है।

### अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ से सैकड़ों लोग रांची के कार्यक्रम में लेंगे भाग : जिशान



मेदिनीनगर। पलामू जिला कांग्रेस अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ की बैठक रविवार को हुई। इसकी अध्यक्षता कांग्रेस अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के पलामू जिलाध्यक्ष जिशान खान ने की। संचालन अनवर अहमद ने किया। बैठक में जिलाध्यक्ष खान ने बताया कि 27 मई को रांची के इटकी में कांग्रेस अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ का कार्यक्रम निर्धारित है। मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद सह अखिल भारतीय कांग्रेस अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष इमरान प्रतापगढ़ी भाग लेंगे। वे इटकी में आयोजित जय हिंद सभा को संबोधित करेंगे। कांग्रेस अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष मंजूर अंसारी के आदेश के आलोक में यह विशेष बैठक आहूत की गई है। तय किया गया कि जिशान खान के नेतृत्व में जिले के शहरी और ग्रामीण इलाकों से 100 से अधिक अल्पसंख्यक समुदाय के लोग 27 मई को रांची के इटकी में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे। मौके पर आशिक उर्फ मोनू राईन, मुसोफ फैसल, शाहबाज आलम, पिंटू राइन, फिरदौस आलम, शेर खान, जफर महबूब, कमरूद्दीन अंसारी, मासूम अंसारी सहित कई लोग शामिल थे।

### प्रशिक्षित सहायक अध्यापक संघ ने वित्त मंत्री को सौंपा ज्ञापन



पाटन पलामू। झारखंड राज्य आकलन सफल सह प्रशिक्षित सहायक अध्यापक संघ पाटन इकाई ने झारखंड के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में संघ द्वारा आकलन सफल सह प्रशिक्षित सहायक अध्यापकों के विभिन्न जायज मांग व समस्याओं को निराकरण करने की मांग की गई। संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि गत 22 वर्षो से झारखंड में सहायक अध्यापक राज्य के गरीब नौनिहालों के भविष्य संवारने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। पूर्व में भी सहायक अध्यापकों को वेतनमान देने की घोषणा की गई थी। झामुमो सरकार द्वारा सहायक अध्यापकों की समस्या का समाधान नहीं किया गया। मांग पत्र समर्पित करने वालों में प्रदेश अध्यक्ष ऋषिकांत तिवारी, प्रखंड अध्यक्ष हरेंद्र कुमार सिंह, उपाध्यक्ष रविंद्र पासवान, विवेक कुमार, बदरुद्दीन अंसारी, रबानी अंसारी, संतोष सिंह, जितेंद्र कुमार, सूरत राम, अखिलेश सिंह, राजू रजन सिंह, अरविंद गिरी, रामजी यादव, संजय कुमार मिश्रा, नंदलाल सिंह, महफूज आलम, परवेज आलम, उपेंद्र सिंह, ललन यादव शामिल थे।

### हम पार्टी का संगठनात्मक विस्तार



मेदिनीनगर। हम पार्टी सेक्युलर का कार्यकर्ता मिलन समारोह सह सम्मान समारोह का आयोजन परिसदन भवन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष आशुतोष तिवारी ने की तथा संचालन जिला प्रवक्ता मुकेश कुमार पाठक ने किया। मौके पर मुख्य अतिथि पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव सह झारखंड प्रदेश प्रभारी सुनील चौबे एवं विशिष्ट अतिथि प्रदेश अध्यक्ष सुशील कुमार उर्फ डब्लू महतो उपस्थित थे। कार्यक्रम में संगठन विस्तार करते हुए मुकेश कुमार पाठक को जिला प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी, कुमार उमेश को जिला संगठन सचिव, सीमा देवी को महिला मोर्चा अध्यक्ष तथा रमेश उरांव को एससी-एसटी मोर्चा अध्यक्ष मनोनीत किया गया। इस अवसर पर बिहार प्रदेश सचिव संतोष कुमार गौतम, नवनीत कुमार राम, मनिका प्रत्याशी अतुल सिंह, जिला महासचिव भरत दीक्षित, जिला सचिव वारिस आलम, युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष सरताज आलम, जिला सचिव मजहर शाह, नगर अध्यक्ष अकबर शाह, रमेश उरांव, चन्दन कुमार समेत कई लोग मौजूद थे।

# चेंबर मंडल की सभी इकाई भंग, 30 जून तक चुनाव

## 101 महिला उद्यमी को एमएसएमई ऋण दिलाने का लक्ष्य

## सांसद, मंत्री एवं विधायकों से मिलकर रखी जायेगी समस्या : आनंद शंकर






खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की बैठक रविवार को चेंबर अध्यक्ष आनंद शंकर की अध्यक्षता में होटल ज्योति लोक के सभागार में की गई।

बैठक में मुख्य मुद्दा बिजली की भयावह स्थिति, एमएसएमई के तहत 101 महिलाओं को सुलभ तरीके से व्यवसाय हेतु ऋण दिलाने, पलामू औद्योगिक क्षेत्र विस्तार हेतु प्रशासन द्वारा भूमि उपलब्ध कराने, सोलर एनर्जी पार्क हेतु सांसद से संपर्क स्थापित कर मलय डैम में फ्लोटिंग सोलर पार्क बनाने, कोयल पर पीपा का पुल बनाकर फिलहाल नया पुल बनने तक चैनपुर शाहपुर को जाम से निजात दिलाने, चैनपुर नोयूरा मार्ग बनाने हेतु चेंबर द्वारा आंदोलन छेड़ने और संगठन पर चर्चा हुई।

सभी लोगों ने निर्णय लिया कि एक बैठक मंत्री, सांसद एवं स्थानीय प्रमंडल के सभी विधायकों से मिलकर उपरोक्त मुद्दे के लिए लड़ाई लड़ने की रणनीति बनाई जाए ताकि व्यावसायिक हित में कार्य हो सके। बैठक में महिला विंग को छोड़कर चेंबर की सभी इकाईयों को सर्वसम्मति से भंग कर दिया गया और 30 जून तक नई इकाई गठन करने का निर्णय लिया गया। बैठक में शिव कुमार दुबे, सुनील सोनी, विपुल, राजेश गुप्ता एवं पूर्व इलेक्ट्रिक विभाग के आर के प्रसाद को चैंबर की सदस्यता दी गई। जनरल मैनेजर इलेक्ट्रिक से रिटायर्ड आर प्रसाद ने बताया कि सभी विद्युत उपभोक्ताओं को सन पावर कैपेसिटर जो बहुत कम दाम में आता है लगाना चाहिए जिससे 5% बिल में डिस्काउंट मिलेगा और 20% बिजली यूनिट में कमी आएगी।

साथ ही क्वालिटी का एनर्जी मिलने लगेगा। बैठक का संचालन सचिव इंद्रजीत सिंह डिंपल ने किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में झारखंड चैंबर के उपाध्यक्ष रिंकू दुबे उपस्थित थे। बैठक में रिंकू दुबे ने बताया कि जल्द एमएसएमई के लिए झारखंड चैंबर से संपर्क कर महिलाओं के विकास के लिए एक बैठक रखी जाएगी। बैठक में उपस्थित कृष्ण अग्रवाल, अजय तिवारी, मनोहर कुमार लाली, धनंजय सोनी, सांसद प्रतिनिधि विजय ओझा, गुड्डू खान, राजदेव उपाध्याय, प्रदीप कुमार बाबू, चेंबर संगठन मंत्री अरविंद गुप्ता, बिंदेश प्रसाद अखिलेश प्रसाद, आलोक माथुर, विक्रांत सिंघानिया, राजेश सोनी, सुरेंद्र कुमार तिवारी, गिरधारी गर्ग, कमल कुमार जैन, रंजन कुमार अग्रवाल, सतीश साहू, नवीन पांडे, अरविंद कुमार अग्रवाल एवं काफी संख्या में लोग उपस्थित थे। अंत में सभी लोगों ने शहर के वरिष्ठ पत्रकार एवं थर्ड आई के संस्थापक जसप्रीत सिंह की धर्मपत्नी के निधन होने पर 1 मिनट का मौन रखकर सबों ने प्रार्थना की।

## भव्य सूर्य मंदिर निर्माण को लेकर बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता



**हुसैनाबाद (पलामू)।** बिहार-झारखंड सीमा स्थित माता गजनेश्वरी धाम के मीटिंग हॉल में गजना धाम न्यास समिति, दिव्य एवं भव्य सूर्य मंदिर निर्माण समिति की बैठक हुई। बैठक में झारखंड के हुसैनाबाद प्रखंड एवं बिहार के नवीनगर प्रखंड के त्रिस्तरीय पंचायत प्रतिनिधि एवं विभिन्न राजनीतिक पार्टी के वरिष्ठ नेता, पैक्स अध्यक्ष, व्यापारमंडल अध्यक्ष एवं नगर अध्यक्ष, पूर्व मुखिया गण और गणमान्य बुद्धिजीवी शामिल हुए। अध्यक्षता गजना धाम के महंत श्री श्री 108 अवध दास जी ने की। संचालन गजना धाम न्यास समिति के सचिव सिद्धेश्वर विद्यार्थी ने किया। बैठक में मुख्य रूप से मंदिर की सुंदरता और भव्यता पर चर्चा की गई। सभी ने दिव्य एवं भव्य सूर्य मंदिर निर्माण का संकल्प लिया गया। इसके लिए अधिक से अधिक धन की व्यवस्था करने में सहयोग का सभी ने भरोसा दिया। मौके पर हुसैनाबाद व्यापार मंडल अध्यक्ष कृष्णा बैठा, नगर पंचायत अध्यक्ष शशि कुमार, भाजपा झारखंड प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अशोक कुमार सिंह, भाजपा नेता, पूर्व मुखिया रामप्रवेश सिंह, पूर्व मुखिया अभय कुमार सिंह उर्फ टूना सिंह, समाजसेवी सह शिक्षक राजकुमार रजक, मुखिया अमरेंद्र ठाकुर, प्रशांत कुमार सिंह, श्रवण राम, अशोक यादव, रामलखन यादव, बिमलेश पासवान, भृगुनाथ सिंह, शिवलोक सिंह, भारत पासवान, अशोक सिंह, चंचला देवी, शंभू पाण्डेय, रामराज पासवान शामिल थे।

## सांसद ने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ सुनी पीएम के मन की बात

# कार्यक्रम से मिलती है नयी उर्जा : बीडी राम

>> उन्होंने कहा कि मन की बात कार्यक्रम सदैव ही समाज में एक नवीन सकारात्मक सोच के साथ बदलाव में भागीदारी के लिए प्रेरित करता है

खबर मन्त्र संवाददाता



भाजपा कार्यकर्ताओं के संग मन की बात कार्यक्रम सुनते सांसद बीडी राम।

**मेदिनीनगर।** सांसद विष्णु दयाल राम ने शांति पूरी स्थित अपने आवासीय कार्यालय बूथ संख्या 235 पर भाजपा कार्यकर्ताओं के संग प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम के 122 वें एपिसोड को सुना। कार्यक्रम के उपरांत महत्वपूर्ण विभिन्न मुद्दों पर चर्चा किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि मन की बात कार्यक्रम पूर्णतः गैर राजनीतिक कार्यक्रम है। इससे हम सभी को एक नयी ऊर्जा मिलती है। इसमें प्रधानमंत्री मोदी जिन विषयों पर बात करते हैं। उनके विषय में लोगों को विस्तार से जानकारी मिलती है। उन्होंने कहा कि मन की बात कार्यक्रम सदैव ही समाज में एक नवीन सकारात्मक सोच के साथ बदलाव में भागीदारी के लिए प्रेरित करता है। पहलगाम हमले के बाद पाकिस्तान और पीओके में आतंकवादी ठिकानों के खिलाफ भारतीय सेना की सफल सैन्य कार्रवाई 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद पीएम मोदी का यह पहला 'मन की बात' कार्यक्रम था। जिसमे पीएम मोदी ने 'ऑपरेशन सिंदूर' की भी चर्चा की और कहा कि आज पूरा देश आतंकवाद के खिलाफ एकजुट है, गुस्से से भरा है, लेकिन दृढ़ है। आज हर भारतवासी का संकल्प है कि आतंकवाद को खत्म करना है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान हमारी सेनाओं द्वारा दिखाई गई बहादुरी ने हर भारतीय को गौरवान्वित किया है। ऑपरेशन सिंदूर ने दुनिया भर में आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में एक नया आत्मविश्वास और उत्साह भरा है। बिहार के कटिहार, यूपी के कुशीनगर और कई अन्य शहरों में उस दौरान पैदा हुए बच्चों का नाम 'सिंदूर' रखा गया है। मौके पर भाजपा की वरिष्ठ नेत्री स्मिता आनंद, शिव कुमार मिश्रा, विजय ओझा, ईश्वरी पाण्डेय, रामलव चौरसिया, सोमेश सिंह, छोटू सिन्हा, प्रभात तिवारी, भोला पांडे, संजय कुमार, संजय गुप्ता, चेतन चौहान, अमित पाठक, रंजीत चंद्रवंशी, दीपक सिंहा, किशन मखड़िया, निवेदन अग्रवाल, रामप्रवेश सिंह, अलख दुबे, कौशल झा, मनोरंजन दुबे, आशीष कुमार, नवीन पांडेय, पंकज जयसवाल, नंदलाल गुप्ता सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

## वित्त मंत्री व सांसद बीडी राम ने पाटन और मनातू में कई पथ निर्माण का किया शिलान्यास

# हेमंत सरकार जनहित में हर क्षेत्र में कर रही कार्य : राधाकृष्ण किशोर

**जिला में प्रधानमंत्री सड़क योजना एवं जन मन योजना से 74 सड़कों का निर्माण किया जायेगा : सांसद बीडी राम**

मनीष दुबे/सुधीर यादव



**पाटन/मनातू।** वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर एवं सांसद विष्णुदयाल राम ने कजरी, पाटन, मनातू पथ की मरम्मति कार्य का शिलान्यास किया। मौके पर भव्य भूमिपूजन किया गया। पथ की लंबाई 19 किलोमीटर है।

पाटन में तीन सड़क पाटन से पदमा, सिरमा से सहदेवा एवं महेंद्रा मोड़ से कांके ग्राम तक पथ मरमति कार्य किया जायेगा। यह सभी सड़क का मरमति कार्य ग्रामीण कार्य विभाग एवं पथ निर्माण विभाग के द्वारा 19 करोड़ 48 लाख रुपए की लागत से बनाया जायेगा। पाटन बाजार में जन सभा का आयोजन किया गया। सांसद बीडी राम ने कहा कि इन सभी सड़कों का निर्माण बहुत जरूरी था। उन्होंने कहा कि वित्त मंत्री पाटन-छतरपुर विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिए लगातार प्रयासरत्त हैं। उनके प्रयास से कई विकास योजनाओं को धरातल पर उतारा जा रहा है। उन्होंने कहा कि पुरे जिला में प्रधानमंत्री सड़क योजना एवं जन मन योजना से 74 सड़कों का निर्माण किया जायेगा। सांसद ने कहा कि राज्य सरकार अगर भुमि देगी तो पाटन में फैक्ट्री लगाने का काम किया जायेगा। वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने कहा कि पाटन के किसानों के खेतों में जब तक पानी नहीं मिलेगा तब तक किसान समृद्धशाली नहीं होंगे। सिंचाई के लिए प्रयास किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि पाटन छतरपुर विधानसभा में विकास करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ेंगे। कहा कि राज्य में हेमंत सरकार हर दिशा में कार्य कर रही है। कार्यक्रम को प्रमुख शोभा देवी, मुक्तेश्वर पाण्डेय, प्रशांत किशोर, भोला सिंह, जैनुल सिद्दीकी, संग्राम सिंह, दीनानाथ तिवारी, शिव प्रसाद मेहता, राजेन्द्र पाण्डेय, ईश्वरी पाण्डेय, भाजपा पाटन मंडल अध्यक्ष संजय सिंह सहित कई लोगों ने संबोधित किया। सभा का संचालन पुर्व मुखिया अखिलेश पाण्डेय ने किया। कार्यक्रम में अरुण सिंह, राकेश दुबे, अखिलेश पासवान, मुखिया सुमन गुप्ता, अलख दुबे, हित नारायण सिंह, कनीय अभियंता मनोज पाण्डेय, कार्यपालक अभियंता विशाल खलखो, महेंद्र पाण्डेय, अशोक सोनी, संतोष पासवान, राजेन्द्र पाण्डेय, शक्ति शंकर गुप्ता, चंद्रदेव सिंह, राजकमल तिवारी, ईश्वरी पाण्डेय, पाटन सीओ राकेश कुमार श्रीवास्तव, पाटन थाना प्रभारी लालजी, राजु सिंह, लक्ष्मण दुबे सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं जन समुह उपस्थित थे। मनातू में जिला प्रतिनिधि प्रकाश मेहता, प्रो बच्चन ठाकुर, विधायक प्रतिनिधि सुनील कुशवाहा, महेंद्र कुशवाहा उपस्थित थे।

## पांकी में हुआ न्यू मोती मिष्ठान का शुभारंभ



पांकी पलामू। पांकी के इमली चौक पांकी डाल्टनगंज रोड न्यू मोती मिष्ठान का भाजपा नेत्री लवली गुप्ता ने फीता काटकर शुभारंभ किया। मौके पर लवली ने कहा कि यह दुकान एक व्यावसायिक दुकान ही नहीं है बल्कि यह हमारे क्षेत्र के विकास में भी एक महत्वपूर्ण कदम है। प्रतिष्ठान के मालिक लालो प्रसाद को शुभकामनाएं दी। गुप्ता ने कहा कि मैं दुकान के मालिक के मेहनत व इच्छा शक्ति के लिए बधाई देना चाहती हूं। दुकान की सफलता और हमारे क्षेत्र के विकास के लिए अपनी शुभकामनाएं व्यक्त करती हूं। उन्होंने आशा व्यक्त किया कि यह मिठाई की दुकान हमारे क्षेत्र में समृद्धि और विकास लाएगी। साथ ही दिन दुगना रात चौगुना प्रगति करेंगी। मौके पर समाजसेवी अनुप प्रसाद गुप्ता, उपेंद्र गुप्ता बजरंग दल प्रखंड अध्यक्ष संस्कार सोनी विकास गुप्ता, शुभम गुप्ता, रितेश गुप्ता, सुनील ठाकुर सहित सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## इप्टा ने प्रारंभ किया सदभाव दीप यात्रा



मेदिनीनगर। इप्टा के स्थापना दिवस की पूर्व संध्या पर भारतीय जननाट्य संघ (इप्टा) एवं बापू के लोग के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय स्तर पर सद्भाव दीप यात्रा अभियान की शुरूआत की गई। इस कार्यक्रम की शुरूआत मिशन समृद्धि, प्रगतिशील लेखक संघ, समृद्धि मिशन द्वारा संचालित समृद्धि की पाठशाला के बच्चे एवं इप्टा के द्वारा संयुक्त रूप से मेदनीनगर स्थित कचरवा बस्ती से की गई। इप्टा पलामू के कार्यकारी अध्यक्ष सुरेश सिंह ने कहा कि इप्टा अपने स्थापना दिवस की पूर्व संध्या पर यह सांस्कृतिक अभियान की शुरूआत कर रही है। बापू के लोग इस यात्रा में हमारे सहयात्री थे। मिशन समृद्धि की शिला श्रीवास्तव ने कहा कि इस वक्त भारत एक ऐसे दौर से गुजर रहा है लोग परेशान है। लोकसभा, विधानसभाओं और सोशल मीडिया पर तीखे बयान, हम-बनाम-वे राष्ट्रवाद के आह्वान, हिंसा की छिटपुट घटनाएं, तथा बच्चों, मिहलाओं, वृद्धों और हाशिये पर मौजूद आस्था-समुदायों में दिखाई देने वाली चिन्ता की बढ़ोतरी। इप्टा एवं बापू के लोग द्वारा तत्काल प्रभाव से सदभाव अभियान शुरू किया जा रहा है। इप्टा और समृद्धि मिशन के बच्चों ने स्थानीय निवासियों के घर पर पहुंचकर ओमप्रकाश नदीम द्वारा लिखित सद्भावना गीत गाए और दीपक की लौ को तेज और बचाए रखने के लिए लोगों से दीपक में तेल डालने की अपील की। यात्रा में रवि शंकर, शीला श्रीवास्तव, वैजयंती गुप्ता, वीणा राज, नुदरत नवाज, सुरेश सिंह, अभय मिश्रा, संजीव कुमार संजू, समरेश सिंह, संजीत दुबे एवं बच्चे व ग्रामीण शामिल थे।

## लिलिपुट प्ले स्कूल में बच्चों ने मॉकटेल ड्रिंक्स का लिया मजा

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर।** नावाटोली स्थित लिलिपुट प्ले स्कूल में समर कैम्प पिछले सात दिनों से जारी है जिसमें बच्चे अनेक प्रकार की फन एक्टिविटीज का मजा ले रहे हैं। रविवार को बच्चों ने लिया मॉकटेल ड्रिंक्स का मजा। प्राचार्या रेणु गोयल ने बच्चों को सिखाया मॉकटेल (लेमोनेड स्प्राईटोपिया) ड्रिंक्स कैसे बनाई जाती है और घर आए मेहमानों को कैसे सर्व की जाती है। बच्चों ने इस ड्रिंक को पीकर तरह तरह के एक्सप्रेशन दिए और अपना अनुभव शेयर किया। इसके साथ साथ आज बच्चों के बीच क्विज कंपीटिशन भी करवाया गया। जिसमें लड़कों की टीम विजयी रही। रेणु गोयल ने बताया कि सोमवार को बच्चों को एक स्पेशल थीम पर रैंप वॉक करवाया जाएगा। समर कैम्प का समापन 30 मई को पूल पार्टी की धमाल के साथ होगा।

## विश्रामपुर : हथियार का भय दिखाकर युवक से की लूटपाट

विश्रामपुर (पलामू)। विश्रामपुर-पांडु मुख्य पथ पर खुटिसोत नदी के पास राइडर बाइक पर सवार तीन अपराधियो ने पिस्तौल का भय दिखाकर एक युवक से अपाची बाइक व कैमरा लूट लिया। घटना शनिवार देर शाम की बतायी जा रही है। इस संबंध में भुक्तभोगी युवक ने बिश्रामपुर थाना में प्राथमिकी भी दर्ज करायी है। मिली जानकारी के अनुसार बिश्रामपुर के हरहेपा गांव निवासी अमित कुमार पांडू से वापस आ रहा था। इसी बीच खूंटीसोत नदी के पास राइडर मोटरसाइकिल पर सवार तीन अज्ञात अपराधियों ने ओवरटेक कर उसे पिस्तौल दिखाकर रोका। उसके बाद तीनों अपराधियों ने पिस्तौल का भय दिखाकर अमित से उसकी अपाची बाइक (जे एच 03 ए एस 1075) और कैमरा लूट लिया। लूटपाट के बाद तीनों अपराधी पिस्तौल लहराते हुये फरार हो गये। विश्रामपुर थाना प्रभारी सौरभ कुमार चौबे ने घटना की पुष्टि करते हुये कहा कि पुलिस जांच कर रही है। बहुत जल्द अपराधी पुलिस के गिरफ्त में होंगे।

## अलग-अलग सड़क दुर्धटना में चार घायल

सतबरवा। दो अलग-अलग सड़क दुर्धटना में महिला, बच्चा समेत चार लोग जख्मी हो गए। पुलिस के सहायता से तीन घायलों को तुंबागड़ा नवजीवन अस्पताल में भर्ती कराया गया है। थानाप्रभारी विश्वनाथ कुमार राणा ने बताया कि एनएच 39 पर दुलसुलमा छिपादोहर मोड़ पर दुर्घटना में सुरेश मुंडा, उसकी पत्नी सुमित्रा देवी और अमित कुमार का नाम शामिल है। वह अपने गांव नेतरहाट थाना क्षेत्र के छगरही से सत्संग कार्यक्रम में लेस्लीगंज से शामिल होकर सतबरवा होते हुए घर लौट रहे थे।

## वर्षो से बंद पड़े मनातू सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवन के समक्ष जन कन्वेंशन संपन्न

# 17 जून को होगा मनातू प्रखंड कार्यालय का घेराव : भाकपा माले

**प्रखंड, थाना और खनन अधिकारी बालू के नाम पर जनता को दुधारू गाय की तरह दूह रहे हैं : गुड्डू भुइयां**

सुधीर यादव



**मनातू (पलामू)।** वर्षों से लगभग बंद पड़े पानाडीह सामुदायिक स्वास्थ्य भवन के सवाल पर भाकपा माले ने जन कन्वेंशन आयोजित किया। कन्वेंशन में सैकड़ों लोगों ने शामिल होकर अपने अपने समस्याओं को रखा। और उन समस्याओं को लेकर 17 जून को प्रखंड कार्यालय के समक्ष धरने का आह्वान किया गया। कन्वेंशन को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि आइसा जिलाध्यक्ष गुड्डू भुइयां ने कहा कि सत्ता और विपक्ष के नेताओं और पार्टियों ने राजनीति का मतलब चुनाव बना दिया है। चुनावों में करोड़ों का खर्च कर खुद को मसीहा साबित करते हैं और फिर गायब। मैं आप तमाम लोगों को बधाई जो अपने सवालों को लेकर इकट्ठा हुए हैं। कन्वेंशन को आईसा नेत्री दिव्या भगत ने संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा, रोजगार, स्वास्थ्य, किसानों की आय, मजदूरी, प्रखंड-थाना का भ्रष्टाचार, सभी सवाल ज्यों के त्यों पड़े हैं। यहां के विधायक इन सवालों को विधानसभा में उठाने के बजाए हिंदू मुस्लिम का झाल कीर्तन बजाते रहते हैं। आज हम एक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की बिल्डिंग के सामने खड़े हैं जो वर्षों से बंद हैं पर यहां के सिविल सर्जन को, विधायक को इस बात से फर्क नहीं पड़ता है। वो अपना परसेंट लेकर बैठे हुए हैं। हर काम पर, हर दवाई पर परसेंट बंटा हुआ है। हमें मिलकर ऐसे नेताओं और अधिकारियों को ठीक करना होगा। कन्वेंशन में पानाडीह स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवन को सुचारू रूप से चली करने का प्रस्ताव आया। प्रखंड, थाना और खनन के अधिकारी बालू के नाम पर जनता का दुधारू गाय की तरह दोहन कर रहे हैं। आवास निर्माण कर रहे लोगों को समुचित दाम पर बालू उपलब्ध कराने का प्रस्ताव आया। इसके लिए 17 जून को प्रखंड कार्यालय के समक्ष कार्यक्रम का फैसला लिया गया। कन्वेंशन की अध्यक्षता भगवती मिस्त्री ने किया। संचालन भाकपा माले राज्य कमिटी सदस्य अविनाश रंजन ने किया। सभा को प्रखंड सचिव राजेंद्र मेहता, जयराम उरांव, बिशुनदेव यादव, संतु ठाकुर, निरंजन प्रजापति, मोजिम मियां, दशरथ भुइयां, बलि भुइयां, सरयू यादव, लालदेव सिंह, सकलदीप सिंह भोक्ता, नरेंद्र उरांव और जुली देवी ने संबोधित किया।

# हत्या आरोपी कुंदन यादव के घर पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार



खबर मन्त्र संवाददाता

**नीलांबर पीतांबरपुर पलामू।** लेस्लीगंज प्रखंड के रामानंद डबरा गांव निवासी कुंदन यादव, पिता वीरेंद्र यादव पर हत्या के गंभीर आरोप के चलते पुलिस ने कार्रवाई तेज कर दी है। बारवाडीह थाना कांड संख्या 47/2024, धारा 302/201 आईपीसी के तहत फरार चल रहे कुंदन यादव की तलाश में पुलिस उसके घर पहुंच कर मकान पर इश्तेहार चिपकाया। पुलिस ने ग्रामीणों से भी पूछताछ की और आरोपी के जल्द गिरफ्तारी की बात कही। इश्तेहार में कुंदन को कोर्ट में हाजिर होने की चेतावनी दी गई है, अन्यथा कुर्की की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। मौके पर एसआई राजन अधिकारी, ए एस आई अजय कुमार, मुखिया अरविंद शुक्ला व ग्रामीण मौजूद थे।

स्पीड न्यूज

## गढ़वा की गरिमा को ठेस पहुंचा रहे हैं विधायकः झामुमो

**गढ़वा।** झामुमो के केंद्रीय समिति सदस्य मनोज ठाकुर ने विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि गढ़वा के भाजपा विधायक सत्येंद्रनाथ तिवारी का अधिकारियों के साथ कथित अभद्र व्यवहार लोकतंत्र के लिए शर्मनाक है। विधायक का तानाशाही रवैया लोकतांत्रिक मयार्दाओं के खिलाफ है। इससे गढ़वा की गरिमा को ठेस पहुंची है। श्री ठाकुर ने कहा कि गत 23 मई को समाहरणालय के सभागार में आयोजित जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की समीक्षात्मक बैठक में विधायक सत्येंद्रनाथ तिवारी के कथित अभद्र व्यवहार की झामुमो निंदा करता है। श्री ठाकुर ने कहा कि बैठक के दौरान सांसद, अन्य विधायक, जिला परिषद अध्यक्ष व प्रखंड प्रमुखों की उपस्थिति में विधायक ने वरिष्ठ अधिकारियों के साथ अमर्यादित भाषा का प्रयोग किया।

## डॉ सुरेश गुप्ता के निधन पर जायन्ट्स ग्रुप ऑफ गढ़वा ने जताया शोक




डॉ सुरेश गुप्ता की फाइल फोटो

**गढ़वा।** जायन्ट्स ग्रुप ऑफ गढ़वा से जुड़े गायत्री मेडिकल के प्रोपराइटर संतोष गुप्ता के पिता डॉ सुरेश गुप्ता के निधन पर संगठन के सदस्यों और पदाधिकारियों ने गहरा शोक प्रकट किया है। स्व. डॉ सुरेश गुप्ता समाज में एक सरल, सुलभ और धर्मपरायण चिकित्सक के रूप में पहचाने जाते थे। उनके मृदु स्वभाव और सेवा भाव के कारण समाज में उन्हें व्यापक सम्मान प्राप्त था। डॉ सुरेश गुप्ता न केवल एक समर्पित चिकित्सक थे, बल्कि एक आदर्श गार्जियन भी रहे। जायन्ट्स पदाधिकारियों ने उनके निधन को एक अपूरणीय क्षति बताया गया, जिसकी भरपाई संभव नहीं है।

## झारखंड सहायक पुलिस जवान निरंजन गुप्ता का निधन

**मझिआंव।** मोरबे गांव निवासी सह झारखंड सहायक पुलिस जवान निरंजन प्रसाद गुप्ता का शनिवार को दुखद निधन हो गया। उनकी पार्थिव देह जैसे ही गांव पहुंची, कोहराम मच गया। गांव और आसपास के सैकड़ों लोग अंतिम दर्शन के लिए उमड़ पड़े। परिजनों के अनुसार, निरंजन की तबीयत एक माह पूर्व अचानक बिगड़ी थी। रांची और फिर रायपुर ले जाकर ब्रेन का ऑपरेशन कराया गया, पर स्वास्थ्य नहीं सुधर सका। शनिवार को गढ़वा सदर अस्पताल लाने पर डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पोस्टमार्टम के बाद गढ़वा पुलिस लाइन में पुलिस ने उन्हें श्रद्धांजलि दी और सलामी दी गई।

## तीन मासूम समेत आठ घायल, एक रेफर

**मझिआंव।** मझिआंव एवं बरडीहा थाना क्षेत्रों में तीन अलग–अलग मोटरसाइकिल दुर्घटनाओं में तीन मासूम बच्चों और एक महिला सहित कुल आठ लोग घायल हो गए। एक गंभीर घायल को बेहतर इलाज के लिए गढ़वा रेफर किया गया है। पहली घटना बरडीहा थाना क्षेत्र के कोल्हूआ मांझीगवां गांव में हुई, जहां शराब के नशे में मोटरसाइकिल से स्टंट करते हुए पंकज कुमार (21 वर्ष) और नीतेश कुमार घायल हो गए। दोनों को मझिआंव रेफरल अस्पताल लाया गया, जहां पंकज को प्राथमिक उपचार के बाद गढ़वा रेफर किया गया। दूसरी घटना विष्णुपुरा थाना क्षेत्र के देवनकरा गांव के पास घटी, जहां तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से उपेंद्र रजवार, उसकी बहन फूलपत्ती देवी और दो मासूम बच्चे घायल हो गए।

# भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई जारी रहेगी, जरूरत पड़ी तो दूंगा इस्तीफा : विधायक

खबर मन्त्र संवाददाता



प्रेस कॉन्फ्रेंस करते विधायक सत्येंद्रनाथ तिवारी

**गढ़वा।** गढ़वा विधायक सत्येंद्रनाथ तिवारी ने कहा है कि जनता उन्हें भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ने के लिए चुनी है। वे जनता के प्रति उतरदायी हैं, यदि वे भ्रष्टाचार के खिलाफ नहीं लड़ पायेंगे तो वे अपने विधायक पद से इस्तीफा दे देंगे। झारखंड प्रषासनिक सेवा संघ (झासा) की आयोजित बैठक में विधायक के कार्यक्रम का बहिष्कार करने के निर्णय के बाद विधायक श्री तिवारी ने रविवार को अपने आवास पर प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर उक्त बातें कही। विधायक ने कहा कि झासा अधिकारियां को चोरी करने का लाइसेंस नहीं देता है। हम उसके स्टेट हेड से मिलकर गढ़वा के अधिकारियां की करतूतों से अवगत करायेंगे। उन्हांने कहा कि जब दिषा की बैठक में उन्होंने भ्रष्टाचार का मुद्दा उठाया, भ्रष्ट अधिकारियां को भ्रष्ट कहा इससे डीसी बौखला गये। झासा के विरोध का उन पर कोई फर्क नहीं पड़ता है। जनता ने जिस उम्मीद से उन्हें विधायक चुना है, हम जनता की विष्वास को टूटने नहीं देंगे। जनता की आवाज बन कर भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ते रहेंगे। विधायक श्री तिवारी ने कहा कि मेराल के राषन गोदाम में सीओ सह एमओ ने 2399 क्विंटल खाद्यान कम पाये जाने की लिखित सूचना डीएसओ को दी। उन्होंने इस मामले पर भी जवाब मांगा। साथ ही उन्हांने गढ़वा डीसी के खिलाफ विभिन्न मुद्दों पर पीएमओ, गृह मंत्रालय, एसीबी, मुख्य सचिव आदि को कार्रवाई के लिए लिखा है। जिससे डीसी काफी तिलमिला गये हैं। गढ़वा में मनरेगा में 50 प्रतिषत कमीषन, भवन निर्माण में 15 प्रतिषत कमीषन, एलपीसी बनवाने में रिष्वत आदि मुद्दों पर जवाब मांगा तो अधिकारी बौखलाकर झासा की बैठक करने लगे। विधायक श्री तिवारी ने कहा कि वे भ्रष्ट को भ्रष्ट कहेंगे ही। चाहे किसी को भला लगे या बुरा उन्हें कोई फर्क नहीं पड़ता। उन्हांने कहा कि भ्रष्ट अधिकारी गढ़वा छोड़कर चले जायें, वे किसी को बक्षने वाले नहीं हैं। विधायक ने कहा कि कई आईएस अधिकारी भ्रष्टाचार के आरोप में जेल में ही मर गये। गढ़वा के अधिकारी भी नहीं सुधरेंगे तो इसकी भी यही दषा होगी। श्री तिवारी ने कहा कि हेमंत सरकार पिछले पांच साल में बालू का टेंडर नहीं करा सकी। जब उन्होंने विधानसभा में आवाज उठायी तो सरकार को झुकना पड़ा और अंततः 2018 के नियम को ही लागू किया गया। मौके पर पूर्व सांसद घुरन राम, रिंकु तिवारी आदि लोग उपस्थित थे।

## अंशित के जन्मदिन पर शनि मंदिर में भव्य भंडारा आयोजित



वितरण करते लोग

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** जायन्ट्स वेलफेयर फाउंडेशन फेडरेशन 8 के पूर्व उपाध्यक्ष मनोज केशरी एवं पूर्व फेडरेशन पदाधिकारी सीमा केशरी के पुत्र यंग जायन्ट्स ऑफ गढ़वा के अध्यक्ष अंशित केशरी के जन्मदिन पर जायन्ट्स ग्रुप ऑफ गढ़वा सहेली के तत्वावधान में चौधराना बाजार स्थित शनि मंदिर परिसर में भव्य भंडारा सह खिचड़ी भोग का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सैकड़ों श्रद्धालुओं के बीच खिचड़ी भोग का वितरण किया गया। मौके पर मौजूद पदाधिकारियों ने कहा कि जायन्ट्स संस्था सामाजिक कार्यों के साथ-साथ व्यक्तिगत अवसरों पर भी समाजसेवा को प्राथमिकता देती है। यह आयोजन भी उसी भावना का प्रतीक है। कार्यक्रम की अध्यक्षता निवर्तमान अध्यक्ष रंजना जायसवाल ने की। मौके पर जायन्ट्स गढ़वा सहेली की संस्थापक अध्यक्ष रश्मि कमलापुरी, पूर्व अध्यक्ष लता गुप्ता, रितु जायसवाल, प्रशासकीय निदेशक रीमा स्वरूप, सदस्य बिमला केशरी, करुणा केशरी, वर्षा अग्रवाल सहित कई गणमान्य सदस्य उपस्थित थे।

## शौकत खान द्वारा संचालित निःशुल्क सत्तू बैंक का उद्घाटन आज



समाजसेवी शौकत खान

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** समाजसेवी शौकत खान द्वारा संचालित निःशुल्क सत्तू बैंक का उद्घाटन सोमवार 26 मई को दोपहर 12 बजे कचहरी रोड स्थित कपड़ा बैंक परिसर में किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सीआरपीएफ 172 बटालियन के कमांडेंट नृपेन्द्र कुमार सिंह और उनके साथ 11 वीर जवान मौजूद रहेंगे, जो इस सेवा कार्य की शुरूआत करेंगे। इस सत्तू बैंक के माध्यम से गर्मी के मौसम में राहगीरों, रिक्शा चालकों, ऑटो चालकों और दिहाड़ी मजदूरों को प्रत्येक दिन निःशुल्क सत्तू पानी उपलब्ध कराया जाएगा, जिससे उन्हें कुछ राहत मिल सके। ज्ञात हो कि शौकत खान पिछले दस वर्षों से तिरंगा सम्मान समारोह, कपड़ा बैंक, चावल बैंक, पुस्तक बैंक जैसी योजनाओं से समाज सेवा में जुटे हैं।

अब तक उन्होंने तीन लाख से अधिक लोगों को भोजन और दस लाख से अधिक जरूरतमंदों को मदद पहुंचाई है। उनकी सेवाओं के लिए उन्हें और उनके पुत्र साजिद खान को देशभर में कई सम्मान मिल चुके हैं।

एक नजर में

## निःशुल्क सर्जिकल कैंप में 10 जरूरतमंद मरीजों का सफल ऑपरेशन



उपस्थित चिकित्सक

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** चिकित्सा सेवा में एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए परमेश्वरी मेडिकल सेंटर, गढ़वा में एएसआई झारखंड चैप्टर के सहयोग से पहला निःशुल्क सर्जिकल कैंप आयोजित किया गया।

यह पहल लेप्रोस्कोपिक सर्जन व एएसआई झारखंड चैप्टर के संयुक्त सचिव डॉ. कुमार निशांत सिंह की अगुवाई में हुई। कैंप में इंगुइनल हर्निया, हाइड्रोसील और अपेंडिसाइटिस से पीड़ित 10 गरीब और आर्थिक रूप से कमजोर मरीजों का सफल ऑपरेशन पूरी तरह मुफ्त किया गया। इस दौरान विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम मौजूद रही, जिनमें डॉ. सुशील कुमार पांडेय, डॉ. संजय कुमार, डॉ. अमित कुमार, डॉ. राकेश तरुण और डॉ. नीतू सिंह शामिल थे। मौके पर डॉ कुमार निशांत सिंह ने बताया कि यह पलामू प्रमंडल में अपनी तरह का पहला निःशुल्क सर्जिकल शिविर है, जो गढ़वा जिले के लिए गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि ऐसे शिविरों के माध्यम से उन लोगों को मदद मिलेगी जो आर्थिक तंगी के कारण इलाज से वंचित रह जाते हैं। सर्जन टीम ने यह भी आश्वस्त किया कि भविष्य में भी ऐसे शिविरों का आयोजन किया जाएगा। इस पहल को सफल बनाने में अस्पताल के चिकित्सकों, नर्सिंग स्टाफ और प्रबंधन टीम का अहम योगदान रहा।

## दिवंगत सहायक अध्यापक के परिजनों को दी गई आर्थिक सहायता



सहायता प्रदान करते संघ के लोग

खबर मन्त्र संवाददाता

**कांडी।** प्रखंड सहायक अध्यापक संघ कांडी इकाई की ओर से रविवार को दिवंगत प्रधान सहायक अध्यापक कर्मदेव राम के परिजनों को आर्थिक सहायता प्रदान की गई। ज्ञात हो कि खुटहेरिया पंचायत अंतर्गत नव प्राथमिक विद्यालय भरतपहाड़ी में पदस्थापित कर्मदेव राम का निधन 15 मई को वाराणसी के एक अस्पताल में इलाज के दौरान हो गया था। प्रखंड के दर्जनों सहायक अध्यापक भरतपहाड़ी स्थित उनके पैतृक आवास पहुंचे और उनके पुत्र राकेश रंजन व मुकेश रंजन को सहायता राशि सौंपी। इस अवसर पर शिक्षकों ने शोक संतप्त परिवार से कहा कि वे इस कठिन समय में धैर्य बनाए रखें और उन्हें हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। शिक्षकों ने सरकार पर सहायक अध्यापकों के प्रति संवेदनहीन रवैया अपनाने का आरोप लगाया और कहा कि आकस्मिक मौत के बाद भी परिजनों को सरकारी सहायता नहीं दी जाती। सभी ने मिलकर दिवंगत कर्मदेव राम के परिजन को आर्थिक सहायता देने के साथ-साथ परिवार के एक सदस्य को अनुकंपा पर सरकारी नौकरी देने की मांग की। मौके पर सहायक अध्यापक राजेश कुमार दुबे, अवध बिहारी यादव, सतीश कुमार पांडेय, हेमेन्द्र राम, उदय राम, उमेश प्रसाद, ललित कुमार सिंह, ब्रजेश पांडेय समेत कई ग्रामीण उपस्थित थे।

## इंडिया गठबंधन का निर्णय सराहनीय, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन बधाई के पात्र : साहू



खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो।** लोकहित अधिकार पार्टी झारखंड के प्रदेश अध्यक्ष सुनील साहू ने कहा कि इंडिया गठबंधन सरकार के माननीय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जी ने झारखंड के सभी जिला में संविधान निमार्ता बाबा साहब डॉ भीम राव अम्बेडकर जी के नाम पर भव्य पुस्तकालय बनाने का निर्णय लिया है। श्री साहू ने यह भी कहा कि इंडिया गठबंधन की उक्त ऐतिहासिक निर्णय निश्चित रूप से अति सराहनीय है वहीं मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जी बधाई के पात्र हैं ! मुख्यमंत्री जी को बधाई एवं शुभकामना देने वालों में श्री साहू के साथ लोकहित अधिकार पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष - संजय स्नेही, राजु रंजन प्रसाद, जोधन नायक, मनोज गुप्ता, अकलेश्वर प्र. साहू, प्रदेश महासचिव - कुंज बिहारी साव, अशोक कु. डोम, किशोर साव, अशोक प्र. साहू, भागवत साह, प्रदेश सचिव - महासन मुर्मू, राम विलास साव, शम्भु प्रजापति, अशोक साव, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य - तारीक साव, नंदलाल साव, प्रदीप गुप्ता, कुलदीप साव, जिलाध्यक्ष - मुरारी साव, फजलुल रहमान, दिलमोहन साहू , शिव शंकर साहू, बलराम प्रसाद, शशिकांत ठाकुर, भुवनेश्वर साव, रामप्रसाद मंडल, संतोष साव, हिरालाल साहू, टिंकू साव एवं कामेश्वर प्रसाद साहू शामिल रहें।

## अवैध कोयला के विरुद्ध छापेमारी अभियान मे लगभग 35 टन कोयला बरामद

### जब्त कोयला सीसीएल कोल स्टॉक में जमा

खबर मन्त्र संवाददाता



**बेरमो।** बोकारो थर्मल ।सीसीएल कथारा क्षेत्र के जारंगडीह खुली खदान क्षेत्र के जंगल से सीसीएल कथारा क्षेत्रीय दल व जारंगडीह परियोजना सुरक्षा दल संयुक्त रूप से बोकारो थर्मल पुलिस के सहयोग लेकर रविवार को अवैध कोयला के विरुद्ध छापेमारी अभियान चलाया ।जहां से कोयला चोरो द्वारा खदान से चुराकर रखा गया लगभग 35 टन अवैध कोयला को जब्त किया गया।

जहां से हाइवा के माध्यम से कोयला को लाकर जारंगडीह कोल स्टॉक मे जमा कर दिया गया। उक्त कार्रवाई के महज कुछ दिन पूर्व उसी स्थान के बगल से बोकारो थर्मल पुलिस व माइनिंग विभाग द्वारा छापेमारी कर भारी मात्रा मे कोयला जब्त किया गया था। छापमारी का नेतृत्व क्षेत्रीय सुरक्षा दल इंचार्ज इबरार कर रहे थे। कोयला छापेमारी के बाद सीसीएल सुरक्षा विभाग की लापरवाही का पोल खुलता दिख रहा है। लोगो द्वारा इसकी चर्चा जोरो से की जा रही है। छापेमारी मे मुख्य रूप से बोकारो थर्मल थाना के सहायक अवर निरीक्षक अरविंद मेहता, सीसीएल जारंगडीह सुरक्षा पदाधिकारी सुरेश राम होमगार्ड के जवान शामिल थे।

**वर्जन :** सीसीएल सुरक्षा विभाग की सुस्ती के कारण कोयला चोरो का मनोबल बढ़ा है पुलिस हर समय अवैध धंधा का विरोध करती है। छापमारी अभियान चलाती है खदान सीसीएल का है तो सुरक्षा की जिम्मेवारी सुरक्षा कर्मियों की होती है। जो दिखती नहीं है पुलिस किसी भी अवैध धंधा को पनपने नहीं देगा। पिंकू कुमार यादव इस्पेक्टर सह थाना प्रभारी बोकारो थर्मल।

**वर्जन :** कोयला चोरी रोकने का अथक प्रयास सुरक्षा विभाग द्वारा की जाती है इसके वावजूद कोयला चोर खदान मे घुस कोयला चोरी कर ले रहे है। गुप्त सुचना मिलने पर कार्रवाई की जा रही है वर्तमान मे कोयला चोरी पर अंकुश लगया गया है पूर्व मे इससे भी ज्यादा कोयला चोरी होती थी। सुरेश राम सुरक्षा पदाधिकारी जारंगडीह परियोजना।

## भूमिहीनों के जाति प्रमाण पत्र बनाने के फैसले की सराहना



खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो।** झारखंड सरकार की ओर से भूमिहीन परिवार के सदस्यों का जाति प्रमाण पत्र निर्गत करने के आदेश जारी होने के बाद सुप्पन कल्याण परिषद करगली के द्वारा बेरमो अंचल अधिकारी संजीत कुमार सिंह से मिलकर प्रखंड स्तर पर जाति प्रमाण पत्र बनाने को लेकर शिविर आयोजन करने का मांग किया गया ।परिषद के अध्यक्ष सजन राम ने कहा कि बेरमो विधायक कुमार जयमंगल सिंह के अथक प्रयास से ही या संभव हो सका है। बीते दिन मामले को लेकर बेरमो विधायक जयमंगल सिंह के नेतृत्व में समाज के लोगों ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात किया था। जिसके बाद सरकार मामले को गंभीरता से लेते हुए आदेश जारी किया ।कहा कि भूमिहीन लोगों को जाति प्रमाण पत्र नही बनने से काफी परेशानी हो रही है। प्रमाण पत्र नही बनने के कारण समाज के लोगों को शिक्षा, नौकरी और सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित होना पड़ रहा है। इसके साथ ही छात्र-छात्राओं को जाति प्रमाण पत्र के कारण उच्च शिक्षा में प्रवेश लेने में भी परेशानी हो रही है, और उन्हें सामान्य श्रेणी में प्रवेश लेने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है।

## न्यायालय के आदेश के बाद भी अभी तक नही हुआ मामले का निष्पादन

**गोमिया।** तेनुघाट थर्मल में काम से हटाये गया सुरक्षा गाड्र्स का बकाया वेतन का 25 साल से लंबित मामला का तीन माह के अंदर निष्पादित करने का आदेश माननीय उच्च न्यायालय रांची ने दिया है। इसी आदेश के बाद श्रम विभाग सक्रिय हो गया है। माननीय न्यायालय ने उक्त आदेश ठीकेदार मजदूर यूनियन (एटक) के महासचिव इफ्तेखार महमूद द्वारा दायर याचिका का निष्पादन करते हुए दिया है। उच्च न्यायालय के उपर्युक्त आदेश का अभिलंब अनुपालन सूचित करने हेतु सुरक्षा गाड्र्स का बैठक यूनियन के मुख्यालय में देवानंद प्रजापति के अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में चेतलाल महतो, गोवर्धन कपरदार, रघुनाथ यादव, फुलेश्वर महतो इत्यादि उपस्थित थे।

## कोल फिल्ड मजदूर यूनियन ने की मजदूरों की समस्याओ पर चर्चा

# मजदूरों का समस्याओं का निदान जल्द होगा : आभाष

खबर मन्त्र संवाददाता



**बेरमो।** कोल फील्ड मजदूर यूनियन (सीएमयू) बीएंडके प्रक्षेत्र की बैठक करगली में एरिया अघ्यक्ष मधु भट्टाचार्य की अध्यक्षता और एरिया सचिव आभाष चंद्र गांगुली ने संचालन किया। मधु भट्टाचार्या ने कहा कि मजदूरों की समस्याओं को लेकर कोल फील्ड मजदूर यूनियन हमेशा से आवाज उठाते रही है मजदूरों की सुविधाओं में कटौती के खिलाफ कोल फील्ड मजदूर यूनियन चट्टान की तरह हमेशा खड़ा रहता है। एरिया सचिव आभाष चंद्र गांगुली ने कहा कि बीएंडके क्षेत्र के मजदूरों का समस्याओं का निदान जल्द होगा ।समस्याओं से अवगत करवाएं, वर्तमान मे क्वार्टर की मरम्मत का काम चल रहा है। अधिकारी इस पर विशेष ध्यान रखें कि गुणवत्ता सही हो, मजदूरों के क्वार्टर में पीने का पानी की उत्तम व्यवस्था करें। बीएंडके क्षेत्र की समस्याओं को लेकर महाप्रबंधक से वार्ता की जायेगी। कुछ समस्याओं का निदान हुआ है। कुछ का नहीं, जिस पर बात की जाएगी। एरिया कार्यकारी अध्यक्ष आलोक रंजन अकेला ने कहा कि मजदूर क्वार्टर में शुद्र पानी की व्यवस्था करें। सचिव नागेंद्र गुप्ता ने कहा कि संगठन को और धारदार बनाने की जरूरत है। कंपनी के नियमानुसार कामगारो को प्रोमोशन दी जाए।

## देशव्यापी हड़ताल को लेकर स्टाफ क्लब में संयुक्त ट्रेड यूनियन की बैठक

**बेरमो।** आगामी 9 जुलाई को होनेवाले देशव्यापी हड़ताल को लेकर बोकारो जिला के स्टाफ रीक्रियेशन क्लब कथारा में संयुक्त ट्रेड यूनियन मोर्चा द्वारा बैठक का आयोजन किया गया। अध्यक्षता सीटू से संबद्ध एनसीओईए नेता कॉमरेड श्याम बिहारी सिंह दिनकर ने की। आयोजित बैठक में 9 जुलाई का राष्ट्रव्यापी हड़ताल के संबंध में चर्चा किया गया साथ ही आगामी 19 जून को कन्वेंशन की तैयारी को लेकर विचार विमर्श किया गया। बताया गया कि उक्त आयोजन ऑफीसर्स क्लब कथारा में किया जायेगा। मौके पर रामचंद्र ठाकुर, पी.के. विश्वास, बालेश्वर गोप, कमलेश गुप्ता, खुबाली मंडल, सतीश कुमार वर्णवाल, राकेश कुमार, शाहिद अंसारी आदि उपस्थित थे।

## बोकारो थर्मल क्लब में एक दिवसीय कराटे ग्रेडिंग कैंप का आयोजन

**बेरमो।** रविवार को बोकारो थर्मल स्थित बोकारो क्लब में शुकोकाई कराटे यूनियन इंडिया झारखंड शाखा की ओर से एक दिवसीय कराटे ग्रेडिंग सह कैंप का आयोजन किया गया जिसमें रांची, बोकारो, धनबाद, हजारीबाग, रामगढ़ एवं गिरीडीह जिले के सैकड़ों छात्र एवं छात्राएं शामिल हुए। इस कराटे ग्रेडिंग में बेसिक, स्ट्ांस,कांता, कुमिते, रंधोरी, एक्सों - कुमिते इत्यादि का सिंहान विमल आनंद नाग,चीफ एक्जामनर शुकोकाई झारखंड सेंसई महादेव गोप, महासचिव कमल किशोर कच्छप द्वारा प्रशिक्षण दिया गया जो कि ग्रेंडीग मैं शामिल छात्र एवं छात्राएं राष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन कर सकैगै आज के समय में कराटे सभी वर्ग -आयु के लोगों को करना चाहिए कराटे प्रशिक्षण लेने से मनुष्य आत्मरक्षा स्वयं कर सकता है साथ भी राज्य स्तरीय एवं राष्ट्रीय स्तरीय पर अपना बेहतर प्रदर्शन कर स्वयं एवं राज्य का नाम रोशन कर सकते हैं। कराटे प्रशिक्षण लेने से अपना कैरियर भी बना सकते हैं।

## छात्रों में आत्महत्या की प्रवृति

**यह** दुखद ही है कि सुनहरे सपने पूरा करने का ख्वाब लेकर कोटा गए चौदह छात्रों ने इस साल आत्महत्याएं की हैं। विडंबना यह है कि बार-बार चेतावनी देने के बावजूद कोचिंग संस्थानों के संरचनात्मक दबाव, उच्च दांव वाली परीक्षाओं, गलाकाट स्पर्धा, दोषपूर्ण कोचिंग प्रथाएं और सफलता की गारंटी के दावों का सिलसिला थमा नहीं है। यही वजह है कि हाल ही में केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण यानी सीसीपीए ने कई कोचिंग संस्थानों को भ्रामक विज्ञापनों और अनुचित व्यापारिक प्रथाओं के चलते नोटिस दिए हैं। दरअसल, कई कोचिंग संस्थान जमीनी हकीकत के विपरीत शीर्ष रैंक दिलाने और चयन की गारंटी देने के थोथे वायदे करते रहते हैं। निस्संदेह, इस तरह के खोखले दावे अक्सर कमजोर छात्रों और चिंतित अभिभावकों के लिये एक घातक संजाल बन जाते हैं।

निश्चित रूप से युवाओं के लिये घातक साबित हो रही टॉपर्स संस्कृति में बदलाव लाने के लिए नीतिगत फैसलों की सख्त जरूरत है। राजस्थान सरकार की ओर से प्रस्तावित कोचिंग संस्थान (नियंत्रण और विनियमन) विधेयक इस दिशा में बदलावकारी साबित हो सकता है। लेकिन कोई भी प्रावधान तब तक कारगर साबित नहीं हो सकते जब तक कि कोचिंग संस्थानों की कारगुजारियों की नियमित निगरानी न की जाए। कोचिंग संस्थानों में नामांकन से पहले अनिवार्य परामर्श और योग्यता परीक्षण मददगार हो सकता है। यह विडंबना ही है कि वर्ष 2018 के दिशा-निर्देश, जिनका मकसद छात्रों को मनोवैज्ञानिक सहायता प्रदान करना और निजी संस्थानों को विनियमित करना था, वे आज अप्रासंगिक हो गए हैं। यह एक हकीकत है कि सख्त निगरानी के बिना नये कानून का भी प्रतीकात्मक बनने का जोखिम बना रहता है। युवाओं को अनावश्यक प्रतिस्पर्धा के लिये बाध्य करना और योग्यता को अंकों के जरिये रैंकिंग से जोड़ना कालांतर अन्य छात्रों को निराशा के भंवर में फंसा देता है।




मेष : व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। घर में शुभ समाचारों का संचार होगा। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। शुभांक-6-7-9

वृष : यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। बुजुर्गों का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूति साथ रहेंगी। शुभांक-2-7-9

मिथुन : कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। होश में रहकर कार्य करें। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। आत्मीय श्रेष्ठता बनेगी। शुभांक-3-7-8

कर्क : राजकीय कार्यो से लाभ। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। श्रम साध्य कार्यों में सफल होंगे। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। कामकाज की अधिकता रहेगी। शुभांक-4-8-9

सिंह : व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। शुभांक-3-6-9

कन्या : मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बनेगी। शुभांक-4-5-9

तुला : यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार हैं। परिवारजनों का सहयोग बना रहेगा। मेहमानों का आगमन होगा। शुभांक-3-7-9

वृश्चिक : मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-2-7-8

धनु : आय के योग बनेंगे। संतान की उन्नति के योग हैं। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। आत्मचिंतन करें। पुराने मित्र से मिलन होगा। स्वविवेक से कार्य करे। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। आत्मविश्वास बढ़ेगा। अर्थपक्ष मजबूत रहेगा। इच्छित कार्य सफल होंगें। दैनिक सुख-सुविधा में वृद्धि होगी। शुभांक-3-6-9

मकर : अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। नये व्यावसायिक अनुबन्ध होंगे। 'आगे-आगे गौरख जागे' वाली कहावत चरितार्थ होगी। मेहमानों का आगमन होगा। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। शुभांक-4-6-8

कुंभ : जीवन साथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। शुभांक-1-3-7

मीन : लाभ में आशातीत वृद्धि तय है मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। विशिष्ट जनों से मुलाकात होगी। शुभांक-1-5-9


संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह

स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह

द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।

प्रधान संपादक
सौरभ कुमार सिंह
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006

e-mail
khabarmantra.city@gmail.com

R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797

धनबाद कार्यालय
लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद 826001 से प्रकाशित।
( R.N.I No. आवेदित )

*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।



# भारतीय राष्ट्रवाद को नयी आंखों से देखिए!

**जब** हम लोगों की बात करते हैं तो भौगोलिक इकाईयां टूटती हैं। अध्यात्म के नजरिए से पूरी दुनिया के मनुष्य एक हैं। सभी संत, आध्यात्मिक नेता और मनोवैज्ञानिक भी यह मानने हैं कि पूरी दुनिया पर मनुष्यता एक खास भावबोध से बंधी हुयी है।

देश में इन दिनों राष्ट्रवाद चर्चा और बहस के केंद्र में है। ऐसे में यह जरूरी है कि हम भारतीय राष्ट्रवाद पर एक नई दृष्टि से सोचें और जानें कि आखिर भारतीय भावबोध का राष्ट्रवाद क्या है? ह्यराष्ट्रह्ल सामान्य तौर पर सिर्फ भौगोलिक नहीं बल्कि ह्यभूगोल-संस्कृति-लोगह्ल के तीन तत्वों से बनने वाली इकाई है। इन तीन तत्वों से बने राष्ट्र में आखिर सबसे महत्वपूर्ण तत्व कौन सा है? जाहिर तौर पर वह ह्यलोगह्ल ही होगें। इसलिए लोगों की बेहतरी, भलाई, मानवता का स्पंदन ही किसी राष्ट्रवाद का सबसे प्रमुख तत्व होना चाहिए।




जब हम लोगों की बात करते हैं तो भौगोलिक इकाईयां टूटती हैं। अध्यात्म के नजरिए से पूरी दुनिया के मनुष्य एक हैं। सभी संत, आध्यात्मिक नेता और मनोवैज्ञानिक भी यह मानने हैं कि पूरी दुनिया पर मनुष्यता एक खास भावबोध से बंधी हुयी है। यही वैश्विक अचेतन (कलेक्टिव अनकांशेसनेस) हम-सबके एक होने का कारण है। स्वामी विवेकानंद इसी बात को कहते थे कि इस अर्थ में भारत एक जड़ भौगोलिक इकाई नहीं है। बल्कि वह एक चेतन भौगोलिक इकाई है जो सीमाओं और सैन्य बलों पर ही केंद्रित नहीं है। भारतीय राष्ट्रवाद मनुष्य के विस्तार व विकास पर केंद्रित है। जिसे भारत ने ह्यवसुधैव कुटुम्बकम्ह्ल कहकर संबोधित किया। यह ह्यवसुधैव कुटुम्बकम्ह्ल राजनीतिक सत्ता का उच्चार नहीं है। उपनिषद् का उच्चार है। सारी दुनिया के लोग एक परिवार, एक कुटुम्ब के हैं, इसे समझना ही दरअसल भारतीय राष्ट्रवाद को समझना है। यह राष्ट्रवाद मनुष्य की सांस्कृतिक एकता के विस्तार का प्रतीक है और हमारे सांस्कृतिक मूल्य, मानववादी सांस्कृतिक मूल्यों पर केंद्रित है। हमारी भारतीय अवधारणा में राज्य निर्मित भौगोलिक-प्रशासनिक इकाईयां प्रमुख स्थान नहीं रखतीं बल्कि हमारी चेतना, संस्कृति, मूल्य आधारित जीवन और परंपराएं ही यहां हमें राष्ट्र बनाती हैं। हमारे सांस्कृतिक इतिहास की ओर देखें तो आर्यावर्त की सीमाएं कहां से कहां तक विस्तृत हैं, जबकि सच यह है कि इस पूरे भूगोल पर राज्य बहुत से थे, राजा अनेक थे- किंतु हमारा सांस्कृतिक अवचेतन हमें एक राष्ट्र का अनुभव कराता था। एक ऐतिहासिक सत्य यह भी यह है कि हमारा राष्ट्रवाद दरअसल राज्य संचालित नहीं था, वह समाज और बौद्धिक चेतना से संपन्न संतों, ऋषियों द्वारा संचालित था। वह राष्ट्रवाद इस व्यापक भूगोल की चेतना में समाया हुआ था। यहां का ज्ञान विस्तार जिस तरह चारों दिशाओं में हुआ,वह बात हैरत में डालती है। राजा सिर्फ राज्य बनाते हैं, ऋषि अपने सांस्कृतिक अवदान से राष्ट्र बनाते हैं।



- प्रो संजय द्विवेदी

> भारतीय संदर्भ में राष्ट्रवाद को समझना वास्तव में मानवतावाद के व्यापक परिप्रेक्ष्य को समझना है। यह विचार कहता है- ह्लसंतों को सीकरी से क्या कामह्ल और फिर कहता है ह्यह्लकोई नृप होय हमें क्या हानिह्ल। इस मायने में हम राज या राज्य पर निर्भर रहने वाले समाज नहीं थे। राजा या राज्य एक व्यवस्था थी, किंतु जीवन मुक्त था-मूल्यों पर आधारित था।

आप देखें तो बुद्ध पूरी दुनिया में अपने संदेश को यूं ही नहीं फैला पाए, बल्कि उस ज्ञान में एक ऐसा नवाचार, नवचेतन था जिसे दुनिया ने स्वतः आगे बढकर ग्रहण किया। भारत कई मायनों में अध्यात्म और चेतना की भूमि है, सच कहें तो दुनिया की तमाम स्थितियों से भारत एक अलग स्थिति इसलिए पाता है, क्योंकि यह भूमि संतों के लिए, ज्ञानियों के लिए उर्वर भूमि है। दुनिया के तमाम विचारों की सांस्कृतिक चेतना जड़वादी है, जबकि भारत की चेतना जैविक है। इसलिए भारत मरता नहीं है, क्योंकि वह जड़वादी और हठवादी नहीं है। यहां का मनुष्य सांस्कृतिक एकता के लिए तो खड़ा होता है पर विचारों में जड़ता आते ही उससे अलग हो जाता है। हमारा ईश्वर आंतरिक उन्नयन और पाप क्षय के लिए काम करता है। हमारे संत भी आध्यात्मिक उन्नयन और पापों के क्षय के लिए काम करते हैं। मनुष्य की चेतना का आत्मिक विस्तार ही इस राष्ट्रवाद लक्ष्य है। इसलिए यह सिर्फ एक खास भूगोल, एक खास विचारधारा और पूजा पध्दति में बंधे लोगों के उद्धार के लिए नहीं, बल्कि समूची मानवता की मुक्ति के काम करने वाला यह विचार है। यहां मानव की मुक्ति ही उसका लक्ष्य है। यह राष्ट्रवाद सैन्यबल और व्यापार बल से चालित नहीं है, बल्कि यह चेतना के विस्तार, उसके व्यापक भावबोध और मनुष्य मात्र की मुक्ति का विचार से अनुप्राणित है।

भारतीय संदर्भ में राष्ट्रवाद को समझना वास्तव में मानवतावाद के व्यापक परिप्रेक्ष्य को समझना है। यह विचार कहता है- ह्लसंतों को सीकरी से क्या कामह्ल और फिर कहता है ह्यह्लकोई नृप होय हमें क्या हानिह्ल। इस मायने में हम राज या राज्य पर निर्भर रहने वाले समाज नहीं थे। राजा या राज्य एक व्यवस्था थी, किंतु जीवन मुक्त था-मूल्यों पर आधारित था। पूरी सांस्कृतिक परंपरा में समाज ज्यादा ताकतवर था और स्वाभिमान के साथ उदार मानवतावाद और एकात्म मानवदर्शन पर आधारित जीवन जीता था। वह चीजों को खंड-खंड करके देखने का अभ्यासी नहीं था। इसलिए इस राष्ट्रवाद में जो समाज बना, वह राजा केंद्रित नहीं, संस्कृति केंद्रित समाज था। जिसे अपने होने-जीने की शर्तें पता थीं, उसे उसके कर्तव्य ज्ञात थे। उसे राज्य की सीमाएं भी पता थीं और अपनी मुक्ति के मार्ग भी पता थे। इस समाज में गुणता की स्पर्धा थी- इसलिए वह एक सुखी और संपन्न समाज था। इस समाज में भी बाजार था, किंतु समाज- बाजार के मूल्यों पर आधारित नहीं था। आनंद की सरिता पूरे समाज में बहती थी और आध्यात्मिकता के मूल्य जीवन में रसपगे थे। भारतीय समाज जीवन अपनी सहिष्णुता के नाते समरसता के मूल्यों का पोषक है। इसीलिए तमाम धाराएं, विचार, वाद और पंथ इस देश की हवा-मिट्टी में आए और अपना पुर्नअविष्कार किया, नया रूप लिया और एकमेक हो गए। भारतीयता हमारे राष्ट्रवाद का अनिवार्य तत्व है। भारतीयता के माने ही है स्वीकार। दूसरों को स्वीकार करना और उन्हें अपनों सा प्यार देना। यह राष्ट्रवाद विविधता को साधने वाला, बहुलता को आदर देने वाला और समाज को सुख देने वाला है। इसी नाते भारत का विचार आक्रामकता का, आक्रामण का, हिंसा या अधिनायकवाद का विचार नहीं है। यह श्रेष्ठता को आदर देने वाली,विद्वानों और त्यागी जनों को पूजने वाली संस्कृति है। अपने लोकतत्वों को आदर देना ही यहां राष्ट्रवाद है। इसलिए यहां भूगोल का विस्तार नहीं, मनों और दिलों को जीतने की संस्कृति यहां जगह पाती है।

यहां शांति है, सुख है, आनंद है और वैभव है। यह देकर, छोड़कर और त्यागकर मुक्त होती है। समेटना यहां ज्ञान को है, संपत्ति, जमीन और वैभव को नहीं। इसलिए फकीरी यहां आदर पाती है और सत्ताएं लांछन पाती हैं। इसलिए यहां लोकसत्ता का भी मानवतावादी होना जरूरी है। यहां सत्ता विचारों से, कार्यों से और आचरण से लोकमानस का विचार करती है तो ही सम्मानित होती है। वैसे भी भारतीय समाज एक सत्ता निरपेक्ष समाज है। वह सत्ताओं की परवाह न करने वाला स्वाभिमानी समाज है। इसलिए उसने जीवन की एक अलग शैली विकसित की है, जो उसके राष्ट्रवाद ने उसे दी है। यही स्वाभिमान एक नागरिक का भी है और राष्ट्र का भी। इसलिए वह अपने अध्यात्म के पास जाता है, अपने लोक के पास जाता है और सत्ता या राज्य के चमकीले स्वप्न उसे रास नहीं आते।

## लेटर टू एडिटर

### भविष्य की रणनीति

**भारत** ने कई बार अपनी ताकत का लोहा मनवाया है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में की गई एयर स्ट्राइक आज भी लोगों को याद है। पहलगाम हमले के बाद भारत ने ऑपरेशन सिंदूर चलाकर आतंकियों का सफाया किया। प्रधानमंत्री ने पाकिस्तान को चेतावनी दी थी ह्यछेड़ेंगे तो छोड़ेंगे नहीं ह्ल यह ऑपरेशन अभी जारी है। यदि दुश्मन देश दोबारा कोशिश करेगा, तो भारत और भी कठोर जवाब देगा। अब हमें आतंक के खिलाफ भविष्य की रणनीति और मजबूत करनी होगी।

**– राहुल शर्मा, जमशेदपुर**

### बढ़ती गर्मी

**यूरोपीय** वैज्ञानिकों के अनुसार साल 2024 अत्यधिक गर्म रहा, जो ग्लोबल वार्मिंग का संकेत है। सर्दी का घटता समय और बढ़ता तापमान आने वाले संकट के संकेत हैं। पर्यावरण से खिलवाड़ ने प्रकृति का संतुलन बिगाड़ दिया है। अब चिंता नहीं, बल्कि सामूहिक चिंतन और पर्यावरण संरक्षण के ठोस प्रयासों की आवश्यकता है, नहीं तो परिणाम विनाशकारी होंगे।

**– राजेश कुमार, रांची**

### फसलों पर संकट

**भारत** जलवायु परिवर्तन और ओजोन संकट की दोहरी मार झेल रहा है। आईआईटी खड़गपुर के अध्ययन के अनुसार, 2050 तक गेहूं की पैदावार में 20 फीसदी तक गिरावट हो सकती है।

**– रविशंकर सिंह, रांची**

## ट्वीट

**उत्तम** चरित्र ही मनुष्य की सबसे बड़ी पूंजी है, क्योंकि धन संपदा आदि वसुधा के समस्त वैभव नैतिकता, सुसंस्कार एवं अच्छे चरित्र के अभाव में बेकार है।

**– स्वामी अवधेशानंद गिरी**

# घरेलू विवाद से दहेज के झूठे मामलों में उलझते पुरुष



**सत्येन्द्र प्रसाद सिंह**

समस्या

जब वैवाहिक कलह के कारण घरेलू विवाद उत्पन्न होते हैं, तो अक्सर पति के परिवार के सभी सदस्यों को फंसाने की कोशिश की जाती है। अदालतों को दहेज उत्पीड़न के मामलों में कानून के दुरुपयोग को रोकने के लिए सावधानी बरतनी चाहिए। उन्हें सतर्क रहना होगा कि कहीं कानून का दुरुपयोग कर पति के रिश्तेदारों को फंसया तो नहीं जा रहा। अदालतों को निर्दोष परिवार के सदस्यों को अनावश्यक परेशानी से बचाना चाहिए।

पुरुषों के अधिकारों से तात्पर्य कानूनी और सामाजिक अधिकारों से है, जो खासतौर पर पुरुषों के सामने आने वाली समस्याओं को सम्बोधित करते हैं। भारत में, जबकि महिला सशक्तिकरण पर ध्यान देना जरूरी है, पुरुषों की चुनौतियों पर अक्सर ध्यान नहीं दिया जाता है, जैसे धारा 498ए आईपीसी के तहत घरेलू हिंसा के मामलों में झूठे आरोप, मानसिक स्वास्थ्य सहायता की कमी और सीमित पैतृक अधिकार। साझा पालन-पोषण कानूनों के इर्द-गिर्द हाल की बहसें लैंगिक न्याय के लिए एक संतुलित दृष्टिकोण की आवश्यकता को उजागर करती हैं। भारत में पुरुषों के अधिकारों को अक्सर लैंगिक समानता पर व्यापक चर्चा में कम ध्यान दिया जाता है। घरेलू दुर्व्यवहार के शिकार के रूप में पुरुषों को कानूनी मान्यता नहीं मिलती है, जिससे सुरक्षा की मांग करना या दुर्व्यवहार के मामलों की रिपोर्ट करना चुनौतीपूर्ण हो जाता है। जीवनसाथी द्वारा भावनात्मक, वित्तीय या शारीरिक शोषण के शिकार पुरुषों को सामाजिक कलंक का सामना करना पड़ता है और घरेलू हिंसा से महिलाओं की सुरक्षा अधिनियम, 2005 जैसे मौजूदा ढाँचों के तहत कानूनी सहारा नहीं मिलता है।

पुरुषों से भावनाओं को दबाने की सामाजिक अपेक्षाएँ उनके मानसिक स्वास्थ्य की उपेक्षा करती हैं, जिससे आत्महत्या की दर और अनुपचारित मनोवैज्ञानिक समस्याएँ बढ़ती हैं। 2022 के एनसीआरबी के आंकड़ों से पता चलता है कि आत्महत्या के 72.5% मामले पुरुषों के हैं, जो लिंग-संवेदनशील मानसिक स्वास्थ्य नीतियों की आवश्यकता पर बल देता है। तलाक या अलगाव कानून मातृ हिरासत का पक्ष लेते हैं, पिता की भूमिका को हाशिए पर डालते हैं और बच्चे के पालन-पोषण में उन्हें समान अधिकारों से वंचित करते हैं। अभिभावक और वार्ड अधिनियम, 1890, मातृ हिरासत को प्राथमिकता देता है जब तक कि माँ को अयोग्य नहीं माना जाता है, जिससे माता-पिता की भागीदारी के लिए पिता के अवसर सीमित हो जाते हैं। धारा 498ए (दहेज उत्पीड़न) जैसे लिंग-विशिष्ट कानूनों का कभी-कभी दुरुपयोग किया जाता है, जिससे निर्दोष पुरुषों को प्रतिष्ठा, वित्तीय और भावनात्मक नुकसान होता है। राजेश शर्मा बनाम यूपी राज्य (2017) में, सुप्रीम कोर्ट ने धारा 498ए के दुरुपयोग को नोट किया और झूठे आरोपों के खिलाफ सुरक्षा उपाय पेश किए।

पुरुषों के पास शिकायतों को दूर करने के लिए समर्पित संस्थान या हेल्पलाइन का अभाव है सामाजिक रूढ़िवादिता पुरुषों को अपराधी के रूप में चित्रित करती है, संस्थागत दृष्टिकोण को प्रभावित करती है और कार्यस्थल पर दुर्व्यवहार या यौन उत्पीड़न जैसे मामलों में उचित उपचार को सीमित करती है। विशाखा दिशा-निर्देश केवल महिलाओं के लिए कार्यस्थल पर उत्पीड़न को कवर करते हैं, जिससे पुरुष पीड़ितों को भारतीय कानून के तहत समान सुरक्षा नहीं मिलती है। यौन शोषण के वयस्क पुरुष उत्तरजीवी कानूनी ढांचे में अपरिचित रहते हैं, जिससे उन्हें वैधानिक उपचार या संस्थागत सहायता से वंचित रखा जाता है। उदाहरण के लिए, आईपीसी की धारा 375 बलात्कार को केवल एक महिला के दृष्टिकोण से परिभाषित करती है, जिससे यौन उत्पीड़न के पुरुष उत्तरजीवी बिना किसी सहारे के रह जाते हैं।

घरेलू हिंसा अधिनियम और आईपीसी की धारा 498ए जैसे मौजूदा कानूनों को संशोधित करके उन्हें लिंग-तटस्थ बनाया जाए, जिससे घरेलू हिंसा और झूठे आरोपों के खिलाफ पुरुषों के लिए समान सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। कनाडा और यूके जैसे देशों में घरेलू हिंसा कानून लिंग-तटस्थ हैं। साझा पालन-पोषण की अवधारणा ऑस्ट्रेलिया में अच्छी तरह से स्थापित है, जो हिरासत के निर्णयों में दोनों माता-पिता के लिए समान विचार को अनिवार्य बनाती है। जापान ने तनाव कम करने को लक्षित करते हुए कार्यस्थल मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम शुरू किए हैं, जिन्हें लिंग-विशिष्ट चिंताओं को शामिल करने के लिए अनुकूलित किया जा सकता है। केरल में पुलिस के लिए नियमित संवेदीकरण कार्यशालाओं के परिणामस्वरूप लिंग-आधारित शिकायतों का अधिक संतुलित संचालन हुआ है। संगठनों को समावेशी कार्यस्थल नीतियों को बाध्यकारी किया जा सकता है जो पितृत्व अवकाश, पुरुषों द्वारा सामना किए जाने वाले यौन उत्पीड़न और मानसिक स्वास्थ्य सहायता जैसे मुद्दों को सम्बोधित करती हैं। लैंगिक न्याय के लिए संतुलित दृष्टिकोण सुनिश्चित होना चाहिए जिससे समाज में माहौल अनुकूल रहे।

# बढ़ती गर्मी एवं हीट वेव से जुड़े जीवन-संकट

**ललित गर्ग**

समस्या

**भारत** में इस समय गर्मी एवं हीट वेव का प्रकोप बढ़ता जा रहा है, खासकर उत्तर भारत के अनेक राज्यों विशेषतः गुजरात, राजस्थान, दिल्ली, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र और ओडिशा में अप्रैल के प्रारंभ में ही बढ़ती गर्मी एवं हीट वेव लोगों को अपनी चपेट में लेने लगी, कई शहरों में पारा 44-45 डिग्री तक चढ़ गया है। राजस्थान के बाडमेर में तापमान 46 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया है, जो चिन्ताजनक होने के साथ अनेक समस्याओं एवं परेशानियों का सबब है।

विश्व बैंक के एक अध्ययन के मुताबिक, देश का करीब 75 फीसदी कार्यबल कृषि और निर्माण क्षेत्र में गर्मी का सीधे सामना करने वाले श्रम पर निर्भर करता है। इसके मुताबिक साल 2030 तक गर्मी के प्रकोप से जुड़ी उत्पादकता में गिरावट की वजह से दुनिया भर में कुल होने वाली नौकरियों के नुकसान में अकेले भारत का योगदान करीब 43 फीसदी तक हो सकता है।


गुजरात एवं राजस्थान के अनेक स्थानों पर अभी से गर्मी इतनी तेज है कि कुछ ही दिनों में धरती तवे की तरह तपने लगेगी। पानी की कमी, बिजली कटौती और गर्म लू के कारण बीमारी के हालात गंभीर हो सकते हैं। इतनी तेज गर्मी में पेयजल की उपलब्धता, बिजली की आपूर्ति व ट्रिपिंग की समस्या से निजात पाना मुश्किल होगा। सवाल यह है कि इस भीषण लू या यों कहें कि हीटवेव के लिए बहुत कुछ हम, हमारी सुविधावादी जीवनशैली और हमारा विकास का नजरिया भी जिम्मेदार है। आज शहरीकरण और विकास के नाम पर प्रकृति को विकृत करने में हमने कोई कमी नहीं छोड़ी है। पेड़ों की खासतौर से छायादार पेड़ों की अंधाधुंध कटाई एवं गांवों में हो या शहरों में आंख मींचकर कंक्रिट के जंगल खड़े करने की होड़ के दुष्परिणाम से ही गर्मी कहर बरपाती है और प्रकृति एवं पर्यावरण की विकरालता के रूप में सामने आती हैं। जल संग्रहण के परंपरागत स्त्रोतों को नष्ट करने में भी हमने कोई गुरेज नहीं किया। अब विकास एवं सुविधाओं और प्रकृति के बीच सामंजस्य की और ध्यान देना होगा, अन्यथा आने वाले साल और अधिक चुनौती भरे होंगे। कंक्रिट के जंगलों से लेकर हमारे दैनिक उपयोग के अधिकांश साधन एवं विकास की भ्रामक सोच तापमान को बढ़ाने वाले ही हैं।

विडंबना यह है कि ग्लोबल वार्मिंग की दस्तक देने के बावजूद विकसित व संपन्न देश पर्यावरण संतुलन के प्रयास करने तथा आर्थिक सहयोग देने से बच रहे हैं। ऐसा नहीं है कि मौसम की मार से कोई विकसित व संपन्न देश बचा हो, लेकिन प्राकृतिक संसाधनों के क्रूर दोहन से औद्योगिक लक्ष्य पूरे करने वाले ये देश अब विकासशील देशों को नसीहत दे रहे हैं। निश्चित रूप से बढ़ता तापमान उन लोगों के लिये बेहद कष्टकारी है, जो पहले ही जीवनशैली से जुड़े रोगों एवं समस्याओं से जूझ रहे हैं। जिनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता असाध्य रोगों की वजह से चूक रही है। ऐसा ही संकट वृद्धों के लिये भी है, जो बेहतर चिकित्सा सुविधाओं व सामाजिक सुरक्षा के अभाव में जीवनयापन कर रहे हैं। वैसे एक तथ्य यह भी है कि मौसम के चरम पर आने, यानी अब चाहे बाढ़ हो, शीत लहर हो या फिर लू हो, मरने वालों में अधिकांश गरीब व कामगार तबके के लोग ही होते हैं। जिनका जीवन गर्मी में बाहर निकले बिना या काम किये बिना चल नहीं सकता। निष्कर्षतः कह सकते हैं कि उन्हें मौसम और गरीबी दोनों मारती है। हर चीज की उपलब्धता कम हो रही है। आक्सीजन की कमी हो रही है। जलवायु परिवर्तन की वजह से हो रहा तापमान में लगातार असंतुलन सामान्य घटना नहीं है, जिसका दायरा अब वैश्विक हो गया है। भले ही कोई इस विनाशकारी स्थिति को तात्कालिक घटना कहकर खारिज कर दे लेकिन जमीनी सच्चाई यह है की बड़े पैमाने पर ग्लेशियर्स का पिघलना और हीट वेव बहुत बड़े वैश्विक खतरें की आहट है।

**हिमाचल प्रदेश में स्थित यह कृष्ण मंदिर भक्तों के लिये दर्शन और पूजन का एक अदभुत केन्द्र हैं। साभार: अजय सानी**



## कार्टून वर्ल्ड



स्पीड न्यूज

## एथलेटिक्स खिलाड़ी हुये सम्मानित



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भुरकुंडा पंचायत भवन में रविवार को एथलेटिक्स खिलाड़ियों को प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया। कराटे प्रशिक्षक सेंसाई कंचन दास ने बताया कि श्रृष्टि कुजूर ने भाला फेक व लंबी कूद में कांस्य पदक, आस्था सिंह ने भाला फेक और गोला फेक में रजत पदक, वैष्णवी कुमारी ने लंबी कूद में रजत पदक और आरेम कुमार ने भाला फेक में रजत पदक जीतकर क्षेत्र कार नाम रौशन किया है। मौके पर चित्रलेखा, विकास, शिवांश, रेयांश, खुशी, स्नेहलता, अन्नया, ओम, वैश्नवी, रीना कुजूर, प्रशिक्षिका सृष्टि कुजूर, आस्था सिंह, रीना कुजूर और कमलनाथ सिंह ने मौजूद थें। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने सम्मानित होने वाले खिलाड़ियों को बधाई दी। साथ ही हर्ष व्यक्त करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई।

## लोहसिंघना में धूमधाम से मना मंडा



**कुजू।** भगवान शिवभक्ति का महापर्व मंडा पूजा छोटकीडुंडी पंचायत अंतर्गत ग्राम लोहसिंघना में शनिवार रात धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में मांडू विधायक निर्मल महतो, पंचायत मुखिया रामसेवक महतो, पंसस रीना कुमारी शामिल हुए। छऊ नृत्य कला का शुभारंभ विधायक ने फीता काटकर और ढोल नगाड़ा बजाकर किया। श्रद्धालुओं ने निर्जला और उपवास रखकर लोटन सेवा करते हुए भगवान शिव व माता पार्वती की विधि विधान व वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा किया। अहले सुबह 71 भोक्ताओं ने दहकते अंगारों पर नंगे पाँव चलकर शिव भक्ति की अद्भुत परिचय दिया। साथ ही, बनस झुला। इससे पूर्व, धवैया और सरलाकला से आए कलाकारों ने रंग बिरंगी मुखौटा पहनकर एक से बढ़कर धर्म आधारित आकर्षक छऊ नृत्य प्रस्तुत कर लोगों का खुब मनोरंजन कराया।
मौके पर उपमुखिया गोपाल महतो, रूपा महतो, लीलावती महतो, रवि महतो, पूजा समिति के अध्यक्ष झमनलाल महतो, सचिव तारकेश्वर महतो, कोषाध्यक्ष शंकर करमाली, उपाध्यक्ष दुलार प्रसाद, संरक्षक मनोज, रोहित, विकास, सुमेश, बसंत, प्रदीप, कपिल, रमेश, बालेश्वर, शोभा महतो, तिलक कुमार, सुखदेव महतो, किसुन महतो, पंकज कुमार, रामपाल महतो, महेश चौधरी, प्रेम करमाली, राजनाथ महतो समेत कई लोग उपस्थित थे।

## जोहार पार्क में सुनी मन की बात



**रामगढ़।** भारतीय जनता पार्टी रामगढ़ जिला के वरिष्ठ उपाध्यक्ष रंजन सिंह फौजी की अगुवाई में रविवार को छत्तर मांडू स्थित जोहार पार्क में मन की बात की 122 वीं कड़ी को सुनने की व्यवस्था की गई। कार्यक्रम में बूथ नंबर 46 के अध्यक्ष नीरज सिंह और उनके सहयोगी तथा आमजनों ने मन की बात कार्यक्रम को सुना। सभी सेना के शौर्य के सम्मान में तिरंगा हाथ में थामे हुए थे। जिला उपाध्यक्ष रंजन फौजी ने बताया कि आज की कड़ी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर का जिक्र करते हुए कहा की भारत का संकल्प आतंकवाद को खत्म करना है। आपरेशन सिंदूर बदलते भारत की तस्वीर है। सेना के पराक्रम पर देश को गर्व है। सेना के शौर्य से हर हिंदुस्तानियों का सर ऊंचा हुआ है। कार्यक्रम में बूथ अध्यक्ष नीरज सिंह, राजेंद्र राय आदि उपस्थित थे।

## सेवा मंच ने गरीबों को कराया भोजन



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** समाजसेवी संस्था राष्ट्रीय सेवा ने प्रत्येक सप्ताह की भांति इस रविवार को भी साप्ताहिक हाट भुरकुंडा में ग्रामीण क्षेत्रों से दातुन-पत्तल बेचने आने वाले गरीबों के बीच भोजन का वितरण किया। मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह और सदस्यों द्वारा सैंकड़ों गरीब- जरूरतमंद महिला-पुरूष और बच्चों के बीच भोजन का वितरण किया गया। डब्लू सिंह ने कहा कि गरीबों की सेवा सबसे बड़ा पूण्य कार्य है। ऐसे नेक कार्यों में सबों को तन-मन-धन से सहयोग करना चाहिए। उन्होंने बताया कि जन सहयोग के माध्यम से पिछले 9 वर्षो से मंच द्वारा गरीबो को भोजन कराया जाता रहा है, जो आगे भी जारी रहेगा। अध्यक्ष श्री सिंह ने कहा कि गरीबों की सेवा ही मंच उद्देश्य है। ऐसे नेक कार्यों में सबों को तन-मन-धन से सहयोग करना चाहिए। कार्यक्रम को सफल बनाने में मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह, उमाशंकर जायसवाल, लालू उरांव, विजय राम, लखन राम, कारू यादव, सुकरा करमाली, मो. शाहिद सहित कई लोगों का विशेष योगदान रहा।

# नशे की आग में झुलसता हजारीबाग

### मीडिया को कोसते रहेंगे या सड़कों पर उतरेंगे

**अभय सिंह**



**हजारीबाग।** झारखंड का यह शांत और सांस्कृतिक ज़िला आज नशे के अंधे कुएं में गिरता जा रहा है। स्कूलों से कॉलेजों तक, गलियों से मोहल्लों तक हर कोना अब चिट्टा, ब्राउन शुगर, कोरेक्स और अफीम के धुएं में घिरा है। सवाल उठता है कि ये जहर कौन फैला रहा है? और उससे भी बड़ा सवाल, कौन रोक रहा है? हर बार जब नशे की बात होती है, लोग मीडिया को कोसते हैं मीडिया बिक गई है। लेकिन अगर वाकई मीडिया बिक गई होती तो हर दिन अखबारों में नशे के खिलाफ खबरें कौन छाप रहा? वो कौन हैं जो ड्रग माफिया से धमकियां खाने के बावजूद सच्चाई उजागर कर रहे हैं? हकीकत यह है कि एक संगठित तंत्र, ड्रग पेडलर, सफेदपोश, और निष्क्रिय अफसर मिलकर इस शहर के युवाओं की जिंदगी से खेल रहा है। प्रशासन आंकड़ों की बाजीगरी दिखाता है कि इतने लोग पकड़े गए, इतनी ड्रग्स बरामद हुई पर असलियत ये है कि हर मोहल्ले में 8 से 10 डीलर खुलेआम नशे का सौदा कर रहे हैं। और अगर कोई समाज एक आरोपी को पकड़कर पुलिस के हवाले भी करता है, तो दो दिन बाद वह ऊँची पहुँच के दम पर वापस लौट आता है, और इस बार और भी निर्दय बनकर। कुछ साहसी समाजसेवी जैसे मैंगो मैन मनोज गुप्ता, गणेश सीटू, गौतम कुमार और अभिषेक कुमार लगातार आवाज उठा रहे हैं लेकिन नेताओं की जुबान पर ताला लगा है। क्यों? क्या ड्रग्स की लड़ाई उनकी प्राथमिकता नहीं? क्या उन्होंने कभी इस जहर के खिलाफ कोई मार्च निकाला? अब वक्त आ गया है कि जनता सिर्फ तमाशबीन न बने। नशे के खिलाफ मैदान में उतरना होगा। नहीं तो अगली चीख आपके घर से निकलेगी और तब सुनने वाला कोई नहीं होगा। हजारीबाग को बचाना है, तो आज नहीं तो कभी नहीं।

# 100 साल पुराना शिव मंदिर की मूर्ति खंडित

### हजारीबाग के मूनका बगीचा में भड़का जनआक्रोश

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**हजारीबाग।** हजारीबाग के मूनका बगीचा स्थित 100 साल पुराना शिव मंदिर की मूर्ति को खंडित होने से इलाके में भारी उबाल। शनिवार रात जैसे ही लोगों को यह जानकारी मिली कि धर्मशाला परिसर में स्थित प्राचीन मंदिर के मूर्ति को खंडित कर दिया गया है, पूरे मोहल्ले में आक्रोश फैल गया। देखते ही देखते सैकड़ों की संख्या में स्थानीय लोग सड़कों पर उतर आए और मंदिर स्थल पर धरना शुरू कर दिया। इस जनआंदोलन का नेतृत्व सामाजिक कार्यकर्ता मनोज नारायण भगत और विवेक बरियार ने किया।

भीड़ शांतिपूर्ण रही, लेकिन उनकी भावनाओं की तीव्रता साफ झलक रही थी। लोग मूनका परिवार और धर्मशाला समिति पर मंदिर गिराने की साजिश का आरोप लगाते रहे और सख्त कार्रवाई की मांग करने लगे। रविवार को यह मामला तब शांत हुआ जब सदर विधायक प्रदीप प्रसाद, कांग्रेस नेता मुन्ना सिंह, समाजसेवियों की मध्यस्थता से मूनका समाज धर्मशाला कमेटी, अनुमंडल पदाधिकारी और स्थानीय जनप्रतिनिधियों के बीच लिखित समझौता हुआ। समझौते में यह तय हुआ कि मंदिर को पूर्ववत स्थान पर पुनः स्थापित किया जाएगा और आम जनता के लिए खुला रहेगा। इस समझौते के साथ ही मनोज भगत ने अपना अनशन समाप्त किया।विधायक प्रदीप प्रसाद ने बताया कि कैंपस में दो मंदिर हैं और अब दोनों में पूजा होगी, किसी प्रकार का विवाद नहीं रहेगा। मुन्ना सिंह ने कि यह सिर्फ मंदिर नहीं जनभावनाओं की जीत है।

## पेंशनर कल्याण समाज की बैठक

**रामगढ़।** रामगढ़ जिला पेंशनर कल्याण समाज की मासिक बैठक रविवार को जिला कार्यालय में हुई। पूर्व संरक्षक स्व. डॉ निर्मल बनर्जी की जन्म जयंती मनाई गई। सर्वप्रथम डॉ. के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पर्पण किया गया। अउपस्थित पेंशनरों ने डॉ बनर्जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाले। बैठक में स्वस्थ जीवन बीमा के संबंध भी चर्चा के साथ साथ सदस्यता अभियान चलाने पर भी जोर दिया गया। बैठक में मुख्य रूप से सचिव छोटू लाल मोदी, कोषाध्यक्ष छुन्न साहू, संरक्षक पन्ना लाल राम, दिलीप साहा, प्रखंड अध्यक्ष देवशरण महतो, रामस्वरूप खन्ना, सुधीर तिवारी, रामप्रसाद महतो, उमा साहू, महेश्वर प्रसाद, बाल गोविंद करमाली, भगतु नाया, महेंद्र मिश्रा, प्रदीप बनर्जी, अनिल बनर्जी आदि उपस्थित थे।

### सड़क दुर्घटना में एक की मौत

रामगढ़। टायर मोड़ के नजदीक रविवार सुबह लगभग 4:00 बजे अज्ञात वाहन के चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। साइकिल से कोयला लेकर रांची बेचने जा रहे दो लोगों को देर रात वाहन ने चपेट में ले लिया था। जिसमें एक की मौत हो गई। मृतक की पहचान सैनूल फूलसराय निवासी के रूप में हुई है।



### मंत्री योगेंद्र महतो ने मां छिन्नमस्तिके मंदिर में की पूजा

**रजरप्पा। रविवार को मंत्री, पेयजल एवं स्वच्छता तथा उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग, योगेंद्र प्रसाद सपरिवार रजरप्पा पहुँचे। उन्होंने मां छिन्नमस्तिके की पूजा-अर्चना कर मां भगवती के आगे माथा टेककर आशीर्वाद लिया। उसके बाद नारियल बलि देकर पंडित असीम पंडा द्वारा रक्षा सूत्र भी बंधवाए। उन्होंने माँ छिन्नमस्तिका की पूजा अर्चना कर समस्त क्षेत्र एवं राज्यवासियों के जीवन में सुख, शांति और समृद्धि प्रदान करने की मंगलकामना की। इस दौरान गोमिया के पूर्व विधायक बबीता देवी, धवैया पंचायत के मुखिया सह झामुमो नेता तेजलाल महतो सहित उमेश महतो आदि मौजूद थे।**

## कुजू : दो बसों की टक्कर में 10 यात्री हुये घायल



**कुजू।** कुजू ओपी क्षेत्र के लकड़ीगेट फोरलेन सड़क पर रविवार सुबह दो बस की टक्कर में 10 यात्री घायल हो गए। बाद में सभी घायलों को मांडू व कुजू पुलिस के सहयोग से इलाज के लिए सदर अस्पताल ले जाया गया। बताया जाता है कि रांची से माँ शेरावाली बस संख्या जेएच02एपी-7664 हजारीबाग की ओर जा रहा था। इसी बीच लकड़ी गेट के पास एक अन्य यात्री बस यात्रियों को बैठाने के लिए जैसे ही रुका, वैसे ही पीछे से माँ शेरावाली नामक बस ने जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे माँ शेरावाली बस पर सवार 8 से 10 यात्री घायल हो गए। जबकि कई यात्रियों को हल्की चोट आई। वही बस में अन्य सवार यात्री अपने गंतव्य की ओर जाने के लिए बस के इंतजार में सड़क पर खड़े रहे। कुजू पुलिस पहुँच कर दुर्घटना ग्रस्त बस को ओपी ले आया।

# उपस्वास्थ्य केंद्र तक जल्द बनेगा सड़क : संजीव बेदिया

### झामुमो कार्यकताओं व ग्रामीणों ने निर्माण में देरी पर उठायी आवाज

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय सचिव सह हजारीबाग जिला अध्यक्ष संजीव कुमार बेदिया के आवास पर रविवार को झामुमो कार्यकर्ताओं व ग्रामीणों ने मुलाकात की। मुलाकात के दौरान लोगों ने विशेष रूप से कुरसे गावं स्थित शिव मंदिर से देवरिया उपस्वास्थ्य केंद्र तक 1.900 किलोमीटर लंबी सड़क निर्माण में हो रही देरी की समस्या को प्रमुखता से रखा गया।

संजीव बेदिया ने तुरंत विभागीय अधिकारियों को मोबाइल पर संपर्क कर जल्द से जल्द कार्य प्रारंभ करने की बात कही। उन्होंने कहा कि सड़क विकास का पैमाना होता है। जल्द से जल्द सड़क निर्माण का कार्य शुरू कराया जायेगा। चर्चा के दौरान यह बात भी सामने आया कि विधायक रोशन लाल चौधरी के दबाव के चलते 1.900 किलोमीटर लंबी सड़क निर्माण कार्य में देरी हो रही है। क्योंकि ग्रामीणों के आवेदन पर 540 मीटर सड़क निर्माण कार्य को उपायुक्त रामगढ़ के आदेश पर रोक दिया गया है। जबकि मूल योजना 1.900 किलोमीटर लंबी सड़क निर्माण की थी। आरोप है कि आजसू पार्टी के कार्यकर्ता पेटी कॉन्ट्रैक्ट के जरिए केवल छोटी सड़क बनवाना चाह रहे हैं, जिससे पूरी योजना में बाधा उत्पन्न हो रही है। विभागीय अधिकारी चाहते हैं कि दोनों विभागों के कार्यों में सामंजस्य बनाते हुए पूरा निर्माण कार्य समय पर पूरा किया जाए।

एक नजर में

## कायस्थ महासभा ने बांटा आर्युवेदिक दवा



हजारीबाग। अखिल भारतीय कायस्थ महासभा की हजारीबाग इकाई और डाबर इंडिया लिमिटेड ने संयुक्त रूप से सीएसआर एक्टिविटी के तहत एक सामाजिक सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया। इस दौरान 300 से अधिक लोगों के बीच साफ-सफाई से जुड़ी सामग्री, न्यूट्रीशनल सप्लीमेंट्स, सौंदर्य प्रसाधन और आयुर्वेदिक दवाओं का वितरण किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन जिला अध्यक्ष अरुण प्रभात सिन्हा ने किया, जबकि संचालन प्रदेश प्रमंडल प्रभारी बृज मोहन प्रसाद और समाज कल्याण प्रकोष्ठ के अध्यक्ष रूपेश बिहारी लाला ने किया। कार्यक्रम में महासभा के विभिन्न पदाधिकारियों के साथ समाज के सभी वर्गों से लोग, स्कूलों के छात्र और शिक्षक भी शामिल हुए। लोगों ने डाबर के उत्पादों का लाभ उठाया और महासभा की सामाजिक गतिविधियों की सराहना की। हाल ही में महासभा द्वारा जरूरतमंद छात्रों को मुफ्त कंप्यूटर शिक्षा भी उपलब्ध कराई गई है, जिससे कई विद्यार्थियों का भविष्य संवर रहा है। जिला अध्यक्ष अरुण प्रभात सिन्हा ने कहा कि महासभा बिना स्वार्थ के सामाजिक कार्य कर रही है और उसके कार्यों का अनुसरण अब कई संगठन भी करने लगे हैं, जो गर्व की बात है।

## रावत ने धीरज शर्मा को दिया श्वास पुस्तक



**विष्णुगढ़।** प्रखंड के युवा पत्रकार धीरज शर्मा को बोकारो जिला के नारायणपुर में अंतरराष्ट्रीय शांतिवक्ता विश्वविख्यात आध्यात्मिक गुरु के कार्यक्रम के दौरान चित्रकार उमेश आर्ट और मानवीय संस्था के सदस्यों ने श्री शर्मा का स्वागत करते हुए उन्हें 'श्वास' पुस्तक भेंट स्वरूप दी और जीवन के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। श्री शर्मा ने प्रेम रावत जी को नमन करते हुए प्रेम रावत फाउंडेशन के सभी अधिकारियों, सहयोगी सदस्यों और विशेष रूप से चित्रकार उमेश आर्ट को इस सम्मान के लिए धन्यवाद और आभार व्यक्त किया। बताते चलें कि लेखक, कहानीकार और अंतरराष्ट्रीय शांति वक्ता प्रेम रावत जी पिछले लगभग 60 वर्षों से विश्वभर में शांति का संदेश प्रसारित कर रहे हैं। उनका अभियान ह्लस्वयं को जानोह्न 1966 में प्रारंभ हुआ, और तब से वे विभिन्न देशों में मंचों से लोगों को शांति का संदेश देते आ रहे हैं। उनका शांति शिक्षा कार्यक्रम दुनियाभर में आशा की किरण बनकर उभरा है, जिसका लाभ स्कूल, कॉलेजों से लेकर जेलों तक में देखा गया है। प्रेम रावत फाउंडेशन जरूरतमंदों, गरीबों और आपदा-पीड़ितों की सहायता हेतु लगातार प्रयासरत है। फाउंडेशन के ₹जन भोजन₹ अभियान के तहत देश -विदेशों भारत के अन्य राज्यों सहित झारखंड में बच्चों के भविष्य को संवारने का प्रयास किया जा रहा है। बोकारो जिले में फाउंडेशन के कुल 54 केंद्र सक्रिय हैं, जिनमें नारायणपुर मुख्य आश्रम के रूप में कार्य करता है। आज के इस प्रेरणादायी कार्यक्रम में बोकारो जिले की टीम सहित सैकड़ों महिलाएं और पुरुषों ने भाग लेकर कार्यक्रम का आनंद उठाया।

## बरही में नाले का निर्माण कार्य शुरू



**बरही।** बरही पटना रोड स्थित नाले का लंबे समय से गंदे नाले का बनाने का काम शुरू कर दिया है। नाले के बनने से बरसात के मौसम में पानी निकासी में किसी तरह की कोई बाधा नहीं आएगी। बरही पटना रोड के बरसाती और गंदे पानी की निकासी के लिए यह एक मात्र नाला है। नाले को सीमेंटेड बनाने के लिए भाजपा नेत्री रिंकी उर्फ सुषमा विश्वकर्मा ने 16 जुलाई 2024 को सांसद मनीष जयसवाल को ज्ञापन सौंपा था। जिसके बाद सांसद मनीष जयसवाल ने इनकी मांग को मंजूर किया था। नाला बनने से बारिश के दिनों में पानी लंबे समय तक नहीं रुकेगा। अब तक नाला खुला था, जिसके कारण नाला कूड़ा करकट से भरा पड़ा था। नाले में कई बार खुले में घूमने वाले पशु गिर भी जाते थे। भाजपा नेत्री रिंकी उर्फ सुषमा विश्वकर्मा ने बताया कि नाला को सीमेंटेड बनाए जाने से स्थानीय लोगों को दूषित जल से फैलने वाली गंभीर बीमारी से राहत मिलेगी। वहीं इस कार्य के लिए रत्नेश्वर प्रसाद केशरी, महेंद्र केशरी, बिरेंद्र केशरी, मनोज केशरी, कृष्णा गुप्ता, धर्मेंद्र, छोटन यादव, गोविंद साव, उमेश चंद्रवंशी, मुकेश साव, दिलीप साव, प्रकाश केशरी, मंजीत कुमार, रामटहल साव एवं कमल किशोर समेत अन्य लोगों ने सांसद मनीष जयसवाल का आभार जताया है।

## भुरकुंडा में भाजपाइयों ने सुनी मन की बात



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भाजपा जिला मंत्री संजीव कुमार बावला के नेतृत्व में भुरकुंडा के पटेलनगर पंचायत अंतर्गत बूथ संख्या 356 में रविवार को पीएम मोदी के मन की बात के 122वें भाग को सुना।ऑपरेशन सिंदूर के बाद पहली बार देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्र को संबोधित किया। प्रधानमंत्री द्वारा युवाओं को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करने की बातों ने विशेष प्रभाव डाला। उनका यह वाक्य जो खेल खेलते हैं, वही जीतते हैं। लोगों के मन में गूंजता रहा और युवाओं को प्रेरित करता दिखा। कार्यक्रम के दौरान ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर गर्व की भावना स्पष्ट रूप से दिखाई दी। देशवासियों में बढ़ती देशभक्ति और आतंकवाद को जड़ से मिटाने के संकल्प को जोरदार समर्थन मिला। मौके पर भाजपा जिला मंत्री संजीव कुमार बावला ने कहा कि यह आयोजन राष्ट्र के प्रति समर्पण और युवा चेतना को जागृत करने वाला एक प्रेरणादायक क्षण रहा। पीएम मोदी के मन की बात सुनने वालों में भाजपा जिला मंत्री संजीव कुमार बावला, मुन्ना यादव, उमेश सिंह, विनोद कुमार, सूरज कुमार गौर, पुरेंद्र कुमार, संजय दुबे, नवल राय, लाखू कुमार, राजू साहू, श्रवण कुमार, आनंद साहू आदि शामिल थे।भदानीनगर मंडल में भी मंडल अध्यक्ष सागर दांगी के नेतृत्व में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात के 122वें भाग को सुना गया।

# सीसीटीवी कैमरे से लैस हुआ झुमरीतिलैया शहर

## अपराधियों को सजा दिलाने में सीसीटीवी कैमरा मील का पत्थर साबित होगा : एसपी

- चोरी की घटनाओं पर लगेगी लगाम

**खबर मन्त्र संवाददाता**






**कोडरमा।** चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के तत्वावधान में शनिवार की संध्या शहर के मुख्य मार्ग स्टेशन रोड में कार्यक्रम आयोजित कर 38 सीसीटीवी कैमरों का विधिवत शुभारंभ एसपी अनुदीप सिंह ने किया। इस दौरान एसपी ने कहा कि पुलिस का उद्देश्य अपराध को समाप्त करना है और यह तभी संभव होगा, जब जनता, व्यवसायी का भरपूर सहयोग मिलेगा। अपराधियों को सजा दिलाने में तीसरी आंख सीसीटीवी कैमरा मील का पत्थर साबित होगा। वहीं उन्होंने कहा कि चेंबर ऑफ कॉमर्स ने जो पहल की है, वह सहरानीय है। 38 कैमरे जो खराब हो चुके थे, उसमें कुछ की रिपेयरिंग और कुछ नया लगा कर अच्छी पहल की है। अब झंडा चौक पर पुलिस 38 कैमरों के जरिए स्टेशन रोड, रांची-पटना रोड, महाराणा प्रताप चौक, वीर कुंवर सिंह चौक, सुभाष चौक सहित अन्य जगहों की निगरानी कर सकेगी। इस दौरान बाइक चोर, चेन स्नेचर सहित अन्य अपराधी को कैमरे की मदद से पकड़ने में सहायता मिलेगी। वहीं चेंबर के सचिव राम रतन महर्षि ने कहा कि व्यवसायियों के सहयोग से यह कैमरे ठीक कराये गये हैं और भविष्य में भी प्रशासन के साथ सहयोग का आश्वासन व्यवसाय संघ देता है। वहीं अध्यक्ष प्रदीप केडिया ने प्रतीक चिह्न देकर एसपी को सम्मानित किया। मौके पर डीएसपी रतिभान सिंह, प्रशिक्षु डीएसपी दिवाकर कुमार, तिलैया थाना प्रभारी विनय कुमार, सिटी मैनेजर लेमांशु कुमार, डॉ. सागर मणी सेठ, विजय केडिया, अरुण मोदी, आशीष केडिया, धर्मेंद्र प्रसाद, विनय सिंह, जितेंद्र टिबड़ेवाल, प्रदीप हिसारिया, श्याम सुंदर महेश्वरी, अमरजीत छाबड़ा, वीरेंद्र सिंह, संतोष सिन्हा, महेश दारूका, सुरेश जैन, गिरधारी सोमानी, अविनाश सेठ, वीरू यादव, संजय अग्रवाल, वीरेंद्र मोदी आदि मौजूद थे।

## खबर एक नजर में

### मगध कोल परियोजना के स्थानीय संवेदकों ने बैठक कर लिये कई महत्पूर्ण निर्णय



**टंडवा (चतरा)।** मगध संघमित्रा कोल परियोजना में विस्थापित संवेदकों ने रविवार को बैठक आयोजित कर कई महत्वपूर्ण निर्णय लिये हैं। जिसकी अध्यक्षता विजय साव ने की और संचालन राजू साव ने किया। बैठक में विस्थापित गांव के दर्जनों संवेदकों ने भाग लिया। निविदा में प्रतिस्पर्धा पर रोक लगाने का सर्वसम्मति से निर्णय लेने पर विचार विमर्श किया गया। स्थानीय संवेदकों को अधिक से अधिक निविदा में भागीदारी हो इस विषय पर भी बैठक में चर्चा की गई। सभी संवेदकों के द्वारा आपसी तालमेल के आधार पर संगठित तथा एकजुट रहने की बात कही गई है। आगामी बैठक 01 जून को प्रातः 10:00 बजे से चमातू वर्कशॉप में आयोजित है। संवेदकों के लिए दो ग्रुप निर्मित किया जाएगा, जिसमें 50 लाख तक के निविदा के लिए एक ग्रुप तथा 50 लाख से ऊपर के निविदा के लिए अलग ग्रुप का निर्माण किया जाएगा। बैठक में संवेदकों की उपस्थिति अनिवार्य रूप से रखी गयी है। साथ ही निर्णय लिया गया कि बाहरी संवेदकों का बहिष्कार किया जाएगा। आगे की रणनीति बनाने के लिए आगामी बैठक 01 जून को होगी। जिसमें व्यापक प्रचार प्रसार कर सभी संवेदकों को एकजुट किया जाएगा। मौके पर सीताराम साव, रामविलास साव, हेमंत कुमार यादव, आदित्य साव, अनिल साव, मदन कुमार, योगेश्वर प्रसाद साहू, हुलास साव, गौतम, राजेंद्र प्रसाद, राजू साव, मोहम्मद शमसुद्दीन, तेज नारायण, गौतम कुमार, अखिलेश कुमार यादव, भोला कुमार, पवन कुमार, अनिरुद्ध साहू, विजय यादव, रंजीत कुमार, मुकेश यादव, नरेश यादव के साथ दर्जनों लोग उपस्थित थे।

### ब्राह्मण समाज की बैठक आयोजित



**कोडरमा।** ब्राह्मण समाज की बैठक भाजपा जिलाध्यक्ष अनुप जोशी के आवासीय कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक में समाज के विकास, सामाजिक एकता, युवाओं की भागीदारी को लेकर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने समाज में शिक्षा, रोजगार, और सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण पर जोर दिया। वहीं वक्ताओं ने कहा कि समाज को संगठित कर सकारात्मक दिशा में कार्य करना समय की आवश्यकता है। वहीं जिलाध्यक्ष अनुप जोशी ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि ब्राह्मण समाज हमेशा समाज के मार्गदर्शन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। आज आवश्यकता है कि हम सभी एकजुट होकर शिक्षा, संस्कार और संगठन के माध्यम से नई पीढ़ी को एक सशक्त दिशा दें। बैठक में निर्णय लिया गया कि आने वाले समय में समाज के उत्थान हेतु विभिन्न कार्यक्रमों, जैसे शैक्षणिक सहायता, स्वास्थ्य शिविर, युवा संवाद का आयोजन किया जाएगा। अंत में सभी सदस्यों ने समाज की एकता और उन्नति के लिए संकल्प लिया। बैठक में पंकज दुबे, हृदयानंद मिश्रा, संजय बनर्जी, अनिल गुरु, हृदयेश बिहारी, प्रेम प्रकाश द्विवेदी, ललित जोशी, श्रीअंश जोशी आदि मौजूद थे।

# प्रखंड सह अंचल कार्यालय का डीडीसी ने किया औचक निरीक्षण

- पायी गयी कई खामियां, कई कार्यालय बंद, मांगा गया स्पष्टीकरण

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**सतगावां (कोडरमा)।** उप विकास आयुक्त ऋतुराज ने शनिवार को प्रखंड सह अंचल कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान कई विभागों के ऑफिस को बंद देख उन्होंने स्पष्टीकरण मांगा है। प्रखंड सह अंचल कार्यालय में डीडीसी के पहुंचते ही अफरा-तफरी का माहौल बन गया। इस दौरान डीडीसी ने प्रखंड कार्यालय के अंतर्गत जितने भी कार्यालय हैं, वहां के कर्मियों की अटेंडेंस जांच की। वहीं उन्होंने बताया कि प्रखंड कार्यालय और अंचल कार्यालय के निरीक्षण के दौरान कई खामियां पायी गयी हैं, कई कार्यालय बंद नजर आये, जिसके लिए स्पष्टीकरण मांगा गया है। स्पष्टीकरण संतोषजनक नहीं होने पर उन पर कार्रवाई की जायेगी। बताते चलें कि कार्यालय कर्मियों के लिए यह कोई नयी बात नहीं है कि वे सोमवार और शनिवार को गायब रहते हों। वहीं डीडीसी ने प्रखंड कार्यालय सभागार में पदाधिकारियों व कर्मियों के साथ बैठक की, जिसमें मनरेगा, प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास, अबुआ आवास सहित कई विकास योजनाओं की समीक्षा की गयी। इसके बाद डीडीसी ने वैधडीह स्थित बस स्टैंड निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। यहां निर्माण की गुणवत्ता की जांच करते हुए बाउंड्रीवाल के कार्यों में हो रही देरी पर नाराज हुए। कार्य की देखरेख कर रहे मुंशी को फटकार लगायी और जल्द कार्य को पूरा करने को कहा। इसके पूर्व डीडीसी ने ढाब से सतगावां तक सड़क निर्माण कार्य की भी जांच की। उन्होंने जांच रिपोर्ट उपायुक्त को देने की बात कही।

सतगावां से ढाब सड़क निर्माण कार्य में अनियमितता की शिकायत दिशा की बैठक में उठी थी, इसके बाद उपायुक्त के निर्देश पर समिति का गठन कर सड़क निर्माण कार्य की जांच डीडीसी ने की। मौके पर सीओ केशव प्रसाद चौधेरी के अलावा प्रखंड व अंचल के दर्जनों कर्मी मौजूद थे।

### बारिश से कई घरों में घुसा पानी, ग्रामीण परेशान



**हंटरगंज (चतरा)।** प्रखंड क्षेत्र में इन दिनों क्षेत्र में हो रही बारिश से जलजमाव होने के कारण गांव के लोगों को काफी परेशानी हो रही है। सड़कों पर पानी जमा हो गया है, जिससे लोगों को काफी परेशानी हो रही है। कई घरों में भी पानी घुस गया है। यह ताजा मामला हंटरगंज स्थित गेरूआ पंचायत के वार्ड नंबर 11 का, जहां सड़कों में कई जगहों पर घुटने भर पानी जमा हो गया है। जिससे राहगीरों और स्थानीय लोगों को आवागमन में परेशानी हो रही है। इतना हीं नहीं, कई घरों में भी पानी घुस गया है, जिससे लोगों का जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। ग्रामीण वीरेंद्र कुमार साव, विजय साव, छोटू साव, मुनिया देवी, अंजनी देवी, रूपा देवी, सावित्री देवी, खेलावन साव, पवन कुमार साव, मुनिया देवी ने प्रशासन से जल निकासी की व्यवस्था करने की मांग की है, लेकिन अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। वहीं गेरूआ पंचायत के मुखिया दूधनाथ यादव से बात हुई तो उन्होंने कहा कि इस पर हमलोग उच्च अधिकारी से बात कर रहे हैं और इस समस्या को मानसून की दस्तक देने से पहले निष्पादन कर देंगे।

### हज यात्रियों का पहला जत्था मक्का मदीना के लिए रवाना



**कोडरमा।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों से हज यात्रियों का पहला जत्था मक्का मदीना के लिये रवाना हो गया। इस दौरान हज यात्रियों को स्थानीय लोगों ने फूल माला पहना कर हज के लिए रवाना किया। हज यात्रा में सीनियर अधिवक्ता एकरामुल हक, अधिवक्ता आमिर निजामी, मो हकीम, मो कबीर उद्दीन आदि शामिल थे। इस दौरान हज यात्रियों के द्वारा मुल्क में अमन चौन, क्षेत्र में शांति, प्रेम भाईचारे, सफर की आसानी और हज ए मकबूल की दुआ मांगी गई। वहीं हज ए मुबारक पर जा रहे हज यात्रियों ने स्थानिय कब्रिस्तान पहुंच कर फातेहा व सलात वो सलाम पढ़े। मौके पर मौजूद क्लान्द्रिया एसोशिएशन ट्रस्ट के अध्यक्ष हाजी आफताब ने बताया की 2025 में जिले के विभिन्न प्रखण्डों से 24 जायरीन हज के लिये जा रहे हैं। हज यात्री कोलकाता हवाई अड्डे से मदीना के लिए 40-45 दिनों के सफर तय कर हज के सारे अरकान पूरे करेंगें, ततपश्चात् अपने मुल्क भारत लौटेंगे। बहरहाल लोग इस मुबारक सफर पर निकल गए, जिसकी उम्मीद सभी मुस्लिम करते हैं। मौके पर शाहनवाज राजा, मो.इमरान, अहमद हुसैन, मनान खान, मुबारक अहमद सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

# केटीपीएस फेज टू निर्माण को लेकर दो विधायकों के बीच राजनीतिक लड़ाई

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**जयनगर (कोडरमा)।** केटीपीएस में फेज टू निर्माण को लेकर राजनीति गरम है। निर्माण कंपनी द्वारा बरही निवासी मनीतोष यादव को बालू आपूर्ति का काम दिये जाने के बाद आपूर्ति करने व नहीं करने के सवाल पर जहां एक ओर बरही व बरकट्ठा के विधायक आमने सामने आ गये हैं, वहीं दूसरी ओर इनके समर्थक स्थानीय विस्थापित दो गुट में हो गये हैं। मामले को लेकर जयनगर थाना में तीन अलग अलग प्राथमिकी दर्ज की गयी है। इसमें भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष सुरेश यादव, मुखिया संजय साव, विधानसभा क्षेत्र के युवा नेता उमेश यादव, अरुण यादव सहित दर्जनों नामजद हैं। प्राथमिकी के बाद तनाव को देखते हुए फोरलेन में पुलिस फोर्स तैनात किया गया है। इधर, प्लांट के मामले एक दूसरे के विरोधी रहे विधायक अमित कुमार यादव, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष सुरेश यादव, उमेश यादव, अरुण यादव विस्थापितों के अधिकार के नाम पर एकजुट हो गये हैं। इससे अलग वामदलों ने वाम जनवाद मोर्चा का गठन कर आरोप लगाया है कि दोनों विधायक विस्थापितों की नहीं, बल्कि ठेका पट्टा की लड़ाई लड़ रहे हैं। वहीं इस विवाद को लेकर विस्थापितों को अधिकार दिलाने के नाम पर 27 मई को फोरलेन में सर्वदलीय बैठक होगी, जबकि 31 मई को वाम जनवादी मोर्चा द्वारा धरना देने का निर्णय लिया गया है।

### परसाबाद स्टेशन रोड में अवैध महुआ शराब की बिक्री जोरों पर

**जयनगर (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत परसाबाद स्टेशन रोड में अवैध महुआ शराब की बिक्री काफी जोरों पर हो रही है। बता दें कि सुबह होते ही अवैध महुआ शराब पीने वालों का अड्डा जमा हो जाता है, जिसके कारण अगल-बगल के लोगों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। ज्ञात हो कि जिस जगह अवैध महुआ शराब की बिक्री होती है, वहां पर कई निजी विद्यालय संचालित हो रहे हैं, जिसके कारण इसका प्रभाव सीधे तौर पर विद्यार्थियों पर होता है। अवैध महुआ शराब का बिक्री होने के कारण लोग शराब पीकर दुर्व्यवहार एवं गलत शब्द का प्रयोग करते हैं, जिसके कारण महिलाओं को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

### रविदास महासभा की प्रखंड स्तरीय बैठक आयोजित



**गिद्धौर (चतरा)।** प्रखंड के कालेश्वरी मंदिर परिसर में चतरा जिला रविदास महासभा के तहत प्रखंड स्तरीय बैठक रविवार को हुई। बैठक की शुरूआत बाबा साहब डॉ भीम राव अम्बेडकर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर की गयी। बैठक में हजारीबाग तथा कोडरमा जिला प्रभारी श्रम अधीक्षक अनिल रंजन, जिला प्रवक्ता घनश्याम कुमार दास मुख्य रूप से मौजूद थे। बैठक की अध्यक्षता समाज के प्रखंड अध्यक्ष भेखलाल राम ने की। बैठक में उपस्थित समाज के लोगों को श्रम अधीक्षक अनिल रंजन ने समाजिक कुरीतियों को दूर करने के साथ-साथ संगठित रहने, शिक्षित होने समेत अन्य बिंदुओं पर विस्तृत रूप से जानकारी दी। साथ ही उन्होंने कहा बाबा साहब के विचारों को आगे बढ़ाएं और उनके बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया। बैठक में प्रखंड उपाध्यक्ष मनोज रविदास, सचिव महादेव दास, सह सचिव दिगम्बर रविदास, कोषाध्यक्ष विकास कुमार, सेवानिवृत्त शिक्षक कृष्णा दास, शिक्षक वकील राम, श्यामलाल राम, मिथलेश दास, लालजी रविदास, अशोक रविदास समेत अन्य मौजूद थे।

### अखिल भारतवर्षीय चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा की प्रदेश व जिला समिति की संयुक्त बैठक आयोजित



**कोडरमा।** अखिल भारतवर्षीय चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा, झारखंड प्रदेश समिति एवं जिला समिति का चुनाव को सफल बनाने को लेकर रविवार को झुमरीतिलैया जिला एवं प्रदेश चुनाव समिति की संयुक्त बैठक सुरेंद्र सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस बैठक में अब तक के चुनावी समीक्षा की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि 15 जुन तक जो भी लोग सदस्य बनेंगे, इसी आधार पर मतदाता सूचित तैयार किया जाएगा। साथ ही 15 से 17 जुन के बीच नामांकन होगा और किसी भी पद पर एक से अधिक उम्मीदवार होने की स्थिति में जिले के सभी प्रखंड एवं जिला मुख्यालय में गुप्त मतदान द्वारा चुनाव संपन्न कराया जाएगा। झारखंड में जिन जिलों में चुनाव हो रहा है। सभी जगह पर मतदान केंद्र होंगे और जिन जिलों में चुनाव नहीं हो रहा है, वहां 200 मतदाता पर एक मतदान केंद्र बनाया जाएगा। बैठक में पूर्व राष्ट्रीय महामंत्री अशोक सिंह, झारखंड प्रदेश के चुनाव प्रभारी सुबोध कुमार, चुनाव समिति के सदस्य अनिल सिंह, राजेंद्र राम चंद्रवंशी, दीपक नवीन, राहुल चंद्रवंशी, वीरेंद्र राम, पवन कुमार समेत अन्य लोगों ने अपना विचार व्यक्त किया। बैठक में निर्णय लिया गया है की चुनाव को सफल बनाने के लिए जिला में जनसंपर्क अभियान चलाया जाएगा। मौके पर जय प्रकाश राम, बीरेंद्र राम, प्रभात राम, दीपक चंद्रवंशी, राहुल वर्मा, उमेश राम, देव कुमार, प्रदीप चंद्रवंशी, महेश राम, प्रेम चंद्रवंशी, राजेश चंद्रवंशी, लीना चंद्रवंशी, छोटू राम, राम जी प्रसाद, राजकुमार राम, अनिल राम समेत कई मौजूद थे।

### मारपीट को लेकर दोनों पक्षों से थाना में दिया गया आवेदन

**डोमचांच (कोडरमा)।** थाना में अजय कृष्ण पिता स्व.राम प्रसाद मोदी डोमचांच निवासी ने लिखित आवेदन देकर कोठीयाराबर के रामलाल यादव व अन्य पर मारपीट, गाली गलौज, छिन्नतई रंगदारी मांगने का आरोप लगाया है। वहीं आवेदन में कहा गया है कि महथाडीह निवासी रामलाल यादव ने पांच हजार रुपया ले लिया और सोने की अंगूठी सुनील यादव ले लिया। आवेदन में कहा गया कि मुझपर मुकदमा उठाने को कहा, नहीं उठाने पर रामलाल यादव, नकुल यादव व सनोज यादव ने मुझे मार-पीट कर गंभीर रुप से घायल कर दिया। वहीं दूसरे पक्ष के उमेश्वर प्रसाद यादव उर्फ नकुल यादव पिता नन्कू प्रसाद यादव कोठियाराबर निवासी ने डोमचांच थाना प्रभारी को आवेदन देकर अजय कृष्णा मोदी एवं कुछ गुंडे तत्व के लोगों को रामचन्द्र मेहता द्वारा गाली गलौज करवाने एवं घर पर चढ़कर रंगदारी मांगने को लेकर आवेदन दिया है। वहीं आवेदन में उन्होंने कहा है कि रामचंद्र मेहता द्वारा अजय कृष्णा मोदी पिता स्व राम प्रसाद मोदी द्वारा गाली-गलौज एवं 50 लाख रुपए रंगदारी के साथ-साथ एमसीसी का आदमी बनकर झूठे केस में फसाने की बात कही है। दोनो के आवेदन के आधार पर पुलिस मामले की छान-बीन में जुट गई है।

# कैलाश राय विद्या मंदिर की पूर्व छात्रा का किया गया स्वागत



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** कैलाश राय सरस्वती विद्या मंदिर झुमरीतिलैया की पूर्व छात्रा अर्चना सिंह पुत्री राम प्रताप सिंह का आगमन विद्यालय में हुआ। बता दें कि अर्चना गुजरात में एनजीओ चलाती हैं। वह भारत की कई प्रतिष्ठित कंपनियों के साथ काम करती हैं। खासकर कपड़े के व्यवसाय में उनका जाना पहचाना नाम है। वह महिला सशक्तिकरण की दिशा में भी काम कर रही हैं। महिलाओं को प्रशिक्षण देकर रोजगार उपलब्ध कराना उनका उद्देश्य है।

उन्होंने झुमरी तिलैया में लगभग 500 महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कदम उठाना प्रारंभ कर दिया है। इसी कड़ी में जब वह अपने पूर्व के विद्यालय में पहुंची तो उन्होंने अपनी ओर से विद्यालय को उपहार स्वरूप एक लैपटॉप दिया और कहा कि यह छोटी सी भेंट मैं विद्यालय के लिए ही लेकर आई थी।

वहीं प्राचार्य आनंद मोहन ने कहा कि अर्चना जैसे बच्चे हमारी धरोहर हैं और यही विद्या भारती का मूलभूत उद्देश्य भी है। मौके पर रामानुज पांडे, सोनी कुमारी, पंकज सिंह रितेश कुमार, रोनी छाबरा, मनोज सिंह, प्रदीप कुमार, विजय मिश्रा, नीरज कुमार सिंह, उमाशंकर कुमार, विजय तिवारी, मुन्ना सिंह, रानी प्रसाद, शर्मिष्ठा शाहा, चंद्रकावेरी निहाल समेत सभी आचार्य और दीदी मौजूद थे।

### महारानी अहिल्याबाई होलकर की जयंती पर संगोष्ठी का आयोजन 27 को

- कोडरमा भाजपा करेगी आयोजन, विरंची नारायण व डॉ. नीरा यादव होंगी मुख्य अतिथि

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** महारानी अहिल्याबाई होलकर की जयंती के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी जिला इकाई द्वारा संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम 27 मई को संध्या 3 बजे माहुरी धर्मशाला झुमरीतिलैया में आयोजित किया जायेगा। इस अवसर पर बोकारो के पूर्व विधायक विरंची नारायण एवं कोडरमा विधायक डॉ.नीरा यादव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगी। कार्यक्रम का उद्देश्य महारानी अहिल्याबाई होलकर के अद्भुत व्यक्तित्व, सामाजिक योगदान और राष्ट्र निर्माण में उनकी भूमिका पर चर्चा करना है। वहीं भाजपा जिलाध्यक्ष अनूप जोशी ने सभी प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, पूर्व जिलाध्यक्ष, जिला पदाधिकारी, मोर्चा एवं मंडल के सभी पदाधिकारी, कार्यसमिति सदस्य, वरिष्ठ कार्यकर्ता, सनातन धर्म प्रेमी और समाजसेवियों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाएं।

### दहेज हत्या में अब तक तीन गिरफ्तार, चार फरार

**चतरा (सिमरिया)।** थाना क्षेत्र के जंगी गांव में दहेज को लेकर एक महिला की हत्या पिछले 13 मार्च को कर दी गई थी। जिसे लेकर मृतका के पिता सदर थाना क्षेत्र के लुपुंगा गांव निवासी प्रेम यादव ने सात लोगों पर दहेज को लेकर जान से मारने को लेकर सात लोगों को अभियुक्त बनाया था। जिसमें अशोक यादव, राजू यादव, जितेन्द्र यादव, काजल देवी, मोहनी देवी, संगीता देवी और अशोक यादव के नाम शामिल हैं। जिसमें से अशोक यादव, मोहनी देवी और अशोक कुमार यादव को सिमरिया पुलिस ने गिरफ्तार किया है। वहीं बाकी चार अभियुक्तों की अब तक गिरफ्तारी नहीं हो पाई है। जिससे पीड़िता के परिजनों में काफी आक्रोश है। उनका कहना है आखिर बचे चारों लोगों को गिरफ्तारी क्यों नहीं हो पा रही है। क्या इन चारों को जमीन निकल गई या आसमान खा गया। मालूम हो कि 14 मार्च को पीड़िता के पिता प्रेम यादव ने अपनी पुत्री काजल देवी की दहेज को लेकर हत्या की सिमरिया थाना में मामला दर्ज कराया था। जिसमें कहा था कि हिन्दू रीति रिवाज के साथ 12 जून 2023 ई. को अशोक यादव पिता सुकेश्वर यादव, ग्राम जंगी, थाना सिमरिया के साथ विवाह किया गया था। कुछ दिन ठीक-ठाक रहने के बाद मेरी पुत्री के ससुराल पक्ष वालों ने दहेज की मांग करने लगे। जिसमें 50,000 फोन पे के माध्यम से दिया गया था। उसके बावजूद भी मेरी पुत्री के ससुराल पक्ष वालों ने बाजबरन डेढ़ लाख रुपये की मांग करते रहे। गरीबी होने के कारण मैं डेढ़ लाख रुपया समय पर नहीं दे पाया। जिसके कारण मेरी पुत्री काजल देवी को सभी परिवार के लोग मिलकर जान से मार दिये। वहीं मृतका के पिता ने केस आइयो एसई राजू राणा पर आरोपियों को संरक्षण देने और बचाने का आरोप लगाया है।

# श्री शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ महाभंडारे के साथ संपन्न

- महंत श्री श्री 108 श्री राम नारायण दास त्यागी जी के वैदिक मंत्रोच्चार से भक्तिमय होता रहा पूरा गांव

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**टंडवा (चतरा)।** गाड़ीलौंग शिव मंदिर प्रागण में आयोजित श्री श्री 1008 श्री शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा रुद्र महायज्ञ अंतिम दिन हवन व महाभंडारे, भक्ति जागरण के साथ शनिवार को कार्यक्रम का समापन किया गया। महायज्ञ के अंतिम दिन यज्ञशाला का परिक्रमा करने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। यज्ञ को लेकर ध्वनि यंत्र पर महंत श्री श्री 108 श्री रामनारायण दास त्यागी जी एवं सहयोगी पुरोहितों द्वारा पढ़े जा रहे वैदिक मंत्रोच्चार से पूरा गांव भक्तिमय हो गया। महंत श्री श्री 108 श्री रामनारायण दास त्यागी जी के द्वारा निर्धारित समय पर शिव मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा कराई गयी। महंत जी ने कहा कि सनातन परंपरा में हवन अथवा यज्ञ एक महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इनके बिना अधिकांश मांगलिक कार्य पूर्ण नहीं होते हैं। किसी भी मांगलिक कार्य में शुद्धिकरण और भगवान के आह्वान के लिए हवन या यज्ञ आयोजित किया जाता है। इनके बिना अधिकांश मांगलिक कार्य पूर्ण नहीं होते हैं। किसी भी मांगलिक कार्य में शुद्धिकरण और भगवान के आह्वान के लिए हवन या यज्ञ आयोजित किया जाता है। हवन इत्यादि में प्रज्ज्वलित की जाने वाली अग्नि मनुष्य के जीवन में विशेष महत्त्व निभाते हैं और इसलिए इन्हें देवता के रूप में भी पूजा जाता है। यज्ञ के लिए सर्वप्रथम भूमि पूजन करके मंडप का निर्माण किया जाता है। फिर सभी दिशाओं में निर्धारित देवताओं का आवाहन पूजन किया जाता है। फिर अग्निदेव की स्थापना करके वस्तु प्रदान की जाती है उसे हवन कहते हैं। हवन के माध्यम से ही मानव देवताओं को प्रसन्न करते हैं और मनोवांछित फल प्राप्त करते हैं। शास्त्रों में पांच प्रकार के यज्ञ का वर्णन मिलता है। 'ब्रह्म यज्ञ' जिसमें ईश्वर या इष्ट देवताओं की उपासना की जाती है। दूसरा है 'देव यज्ञ' जिसमें देव पूजा और अग्निहोत्र कर्म किया जाता है। मालूम हो कि 16 मई को महायज्ञ का शुभारंभ के साथ 24 मई दिन शनिवार को प्राण प्रतिष्ठा, ब्राह्मण भोजन, भंडारे एवं रात्रि जागरण के आयोजन के साथ समापन किया गया। इस जागरण में एक से बढ़कर एक भक्ति गीत संगीत के साथ-साथ कई प्रकार की झांकियां निकाली गई थीं, जिसमें मौजूद दर्शकों ने झूम कर आनंद उठाए। यह जागरण का कार्यक्रम भजन गायिका स्नेहा सरगम के साथ उनकी पूरी टीम ने कल प्रस्तुत किया और मौजूद दर्शकों का मन मोह लिया। इसके पूर्व जागरण प्रारंभ होने से पहले महायज्ञ समिति के सभी सदस्यों, गांव के प्रबुद्ध लोगों एवं टंडवा अंचलाधिकारी विजय दास, टंडवा मध्य जिला परिषद सदस्य सुभाष यादव, टंडवा थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर उमेश राम को महायज्ञ समिति के द्वारा मंच पर सम्मानित किया गया। इस महायज्ञ को सफल बनाने में महायज्ञ समिति के अध्यक्ष दीपू चौरसिया, सचिव मनीष चौरसिया, कोषाध्यक्ष सोनू चौरसिया, उपाध्यक्ष महेंद्र यादव, उपसचिव राहुल चौरसिया, मीडिया प्रभारी कुलदीप दास, पंडित जी एवं महाभंडारे को सही रूप से संचालित करने के लिए दयानंद पब्लिक स्कूल के शिक्षक पवन चौरसिया, सुधीर चौरसिया, पूजा प्रभारी द्वारका बरई, चिंतामणि बरई, रितु यादव, सिकंदर यादव। इसके अलावा महायज्ञ समिति के संरक्षक तिलेश्वर साव, प्रताप चौरसिया, सुनील चौरसिया, शशि चौरसिया, रामनरेश चौरसिया, पप्पू चौरसिया, उपेंद्र यादव, राजेंद्र साव, संतोष कुमार राम, विजय गिरी, रविंद्र दास, मनोज राणा, विवेक चौरसिया, अजीत यादव, विपिन यादव, लालमन साव, जुगल साव, विजय चौरसिया, करण चौरसिया, विनय भुइयां, दिनेश यादव, दुबराज यादव, दीपक चौरसिया, सोनू कुमार, राजू चौरसिया, भीम साव, मनीष राणा, नितेश कुमार समेत सैकड़ों ग्रामीणों ने अहम भूमिका निभायी।

# कुंदा में झोलाछाप डाक्टर से इलाज कराना पड़ा महंगा, गरीब की गयी जान

- मृतक युवक की पहचान कुंदा थाना क्षेत्र के मुस्टंगवा गांव के बुगल भारती के रूप में की गयी है
- जिला प्रशासन की कार्रवाई के बाद भी अपनी आदतों से बाज नहीं आ रहे झोलाछाप डाक्टर

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कुंदा।** एक बार फिर झोला छाप डाक्टर के चक्कर में एक युवक की जान चली गयी है। मृतक युवक की पहचान कुंदा थाना क्षेत्र के मुस्टंगवा गांव के बुगल भारती के रूप में की गयी है। जानकारी के अनुसार कुंदा के महेश प्रसाद गुप्ता के मकान में कथित झोलाछाप कामेश्वर कुमार गुप्ता का क्लीनिक चलता है। वह प्रतापपुर प्रखंड के एघारा गांव का रहने वाला है। घटना के संबंध में मृतक की पत्नी प्रमिला देवी ने बताया कि पति कई माह से यक्ष्मा की बीमारी से ग्रसित थे। जिसका उपचार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुंदा की देखरेख में चल रहा था और दवा भी खा रहे थे। गुरुवार को पति को अचानक हफनी चढ़ गया और बीपी लो होने लगा। इसी बीच आनन-फानन में खुद से कुंदा जाकर झोलाछाप डॉक्टर कामेश्वर प्रसाद गुप्ता को बुलाकर लाई। उन्होंने मेरे पति को दो इंजेक्शन व दवा दिया। उसके कुछ देर बाद मौत हो गयी। इधर मौत को लेकर परिजन व बच्चे रोने बिलखने लगे। देर शाम उसे अंतिम संस्कार कर दिया गया। मृतक के दो पुत्र व एक पुत्री हैं। पत्नी ने झोलाछाप डॉक्टर पर ईलाज में लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है। दो दिन पूर्व ही प्रतापपुर प्रखंड के जोगियारा गांव में झोलाछाप की गलत इलाज की वजह से सुमन देवी की मौत हो गयी थी।

मामले को लेकर चिकित्सा प्रभारी डॉ कुमार संजीव ने बताया कि वह टीवी पैसेंट था, जिसका इलाज पीएचसी कुंदा से चल रहा था। मौत की सूचना नहीं है। लापरवाह झोलाछाप डाक्टर पर जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

**मरीजों के जीवन से खेल रहे हैं झोलाछाप डॉक्टर :** कुंदा प्रखंड में झोलाछाप डॉक्टर सक्रिय हैं। गांव-गांव में घूम घूम कर लोगों का इलाज करते हैं। कई जगह पर कथित झोलाछाप चिकित्सकों ने क्लीनिक व नर्सिंग होम खोल रखा है, जहां मरीजों के जीवन के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। इन क्लिनिकों में इलाज के नाम पर मरीजों से मोटी रकम वसूला जाता है। इसके पूर्व भी गलत इलाज की वजह से कई लोग अपनी जान गंवा चुके हैं। और तो और अब गलत दवाइयां भी गांवों गांवों में जाकर सप्लाई की जा रही है। गलत दवा खाने के कारण भी लोगों को अपनी जिंदगी से हाथ धोना पड़ रहा है।

# अदभूत प्रतिभा की धनी है गुमला की बेटी आरोही, कम उम्र में लिखी दो पुस्तके

खबर मन्त्र संवाददाता

- ग्लोबल मैनेजमेंट काउंसिल अहमदाबाद ने बेस्ट यंगेस्ट ऑथर ऑफ झारखंड 2025 के अवार्ड से आरोही को किया सम्मानित
- इससे पूर्व 12 रिकार्ड अपने नाम दर्ज कर चुकी है आरोही

**गुमला।** अदभूत प्रतिभा की धनी गुमला के सिसई रोड निवासी रूपेश खंडेलवाल और सीमा खंडेलवाल की 11 वर्षीय पुत्री आरोही खंडेलवाल ने एक और रिकॉर्ड अपने नाम दर्ज किया है। आरोही हिंदी में दो दिव्य पुस्तकें लिखने वाली सबसे कम उम्र की लेखिका बन गई है। आरोही ने दशावतार और गोकुल लीला नामक दो पुस्तक लिखी है। दोनों पुस्तकों का रवीना प्रकाशन 2025 में प्रकाशित किया गया। पुस्तक लिखने पर आरोही को ग्लोबल मैनेजमेंट काउंसिल अहमदाबाद की ओर से बेस्ट यंगेस्ट ऑथर ऑफ झारखंड 2025 के अवार्ड से सम्मानित किया गया। आरोही डीएवी स्कूल गुमला की छात्रा है। इससे पूर्व आरोही 12 रिकार्ड अपने नाम दर्ज कर चुकी है। जिसमें हुला हुप स्पिन इन वन मिनट चैलेंज में आरोही ने 1 मिनट में कुल 208 मूव घूटने से पूरे किये। जिसको लेकर उसे हावर्ड बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड से उसे नवाजा गया। वहीं कमर से 211 मूव कर वर्ल्ड रिकार्ड बनायी थी जो 1 मिनट में 182 मूव का रिकॉर्ड को तोड़ी थी। वहीं 1 मिनट 58 सेकंड में हनुमान चालीसा का पाठ पूरा करने के लिए वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स, इंडिया बुक ऑफ रिकार्ड्स और एशिया बुक ऑफ रिकार्ड्स से आरोही सम्मानित हो चुकी है। वही वर्ष 2022 में दी नेशनल अकैडमी फॉर आर्ट एजुकेशन द्वारा संपन्न इंडिया स्टार आइकॉन किड्स अवार्ड प्रतियोगिता में भी अपनी अलग छाप छोड़ी। रविवार को एसडीपीओ सुरेश प्रसाद यादव ने आरोही की उपलब्धी पर उसे सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि गुमला की धरती प्रतिभा से भरी हुई है। आरोही खंडेलवाल ने कम उम्र में कई उपलब्धी हासिल की है। जो अन्य बच्चों के लिए प्रेरणा स्त्रोत है। आरोही के माता-पिता को उसकी मुकाम तक पहुंचायें।


आरोही को प्रमाण पत्र प्रदान करते एसडीपीओ

# सड़क दुर्घटना में आधा दर्जन घायल, एक की मौत

खबर मन्त्र संवाददाता

**कुडू, लोहरदगा।** कुडू चंदवा सीमाना लाधुप सेन्हा फुटबॉल मैदान के समीप तीन वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गए। बताया जा रहा है कि ग्रैंड आई 10 कार संख्या जे एच 01बी यू6020 कुंडू की तरफ आ रही थी तभी सामने से आ रही दूसरी कार से उसकी टक्कर हुई। इसके बाद अनियंत्रित होकर सामने से आ रही एक कंटेनर पिकअप संख्या यूपी 65 के टी 6649 से दोबारा जा टकराई।

टक्कर इतनी भीषण थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। एक अन्य व्यक्ति ने अपनी कार में घायलों को कुडू अस्पताल पहुंचाया जहां एक महिला की इलाज के दौरान मौत हो गई। घायलों में दो बच्चे, दो पुरुष और एक महिला है जिन्हें रिम्स रेफर किया गया।

एक चार वर्ष का बच्चा जिसे चोट नहीं आई है उसे कुडू में ही एक परिवार के पास देखरेख के लिए रखा गया है। घायलों की पहचान नहीं हो पाई है पर उन्हें लेसलीगंज का बताया जा रहा है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

## स्पीड न्यूज

### डीजे साउंड लोड पिकअप वाहन पेड़ से टकराया, दो लोग हुए घायल

**गुमला।** भरनो थाना क्षेत्र के जामटोली गांव के समीप रविवार को अनियंत्रित होकर एक डीजे साउंड लोड पिकअप वाहन सड़क किनारे पेड़ के जा टरकाया और पलटी कर गया। इस दुर्घटना में पिकअप में वाहन में सवार साउंड ऑपरेटर इटकी थाना क्षेत्र के लु गांव निवासी छोटू लकड़ा और छोटू उरांव घायल हो गए। मिली जानकारी के अनुसार नगड़ी का रोड डीजे साउंड वाहन समसेरा गांव से साउंड लोडकर भरनो होते हुए नगड़ी लौटने के क्रम में जामटोली गांव में अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से जा टकराया और पलटी कर गया। जिससे पिकअप वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। दुर्घटना के बाद पिकअप का ड्राइवर वाहन छोड़कर वहां से फरार हो गया। दुर्घटना की सूचना मिलने पर भरनो थाना के एसआई मंटू चौधरी दलबल के साथ घटना स्थल पहुंचे और दोनों घायलों को पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से एंबुलेंस में बैठाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भरनो पहुंचाया गया। जहां डॉक्टरों ने दोनों घायलों का प्राथमिक उपचार करने के बाद छुट्टी दे दिया।

### हनहट लैम्पस अध्यक्ष रंजीत लकड़ा पर भारी गड़बड़ी का आरोप

**लोहरदगा।** जिले के कैरो प्रखण्ड अंतर्गत हनहट लैम्पस लिमिटेड हनहट के अध्यक्ष रंजीत लकड़ा पर अनियमितता करने का आरोप ग्रामीणों ने लगाया है। अनियमितता की जाँच के लिए ग्रामीणों ने एक आवेदन निबंधक सहयोग समितियां झारखंड को दिया है। दिए गए आवेदन में कहा गया है कि रंजीत लकड़ा पर आरोप है कि वर्ष 2016 से ही अध्यक्ष के पद पर पदाधिकारियों की मिलीभगत से बना हुआ है। लैम्पस का चुनाव भी कागज पर किया गया है। चुनाव कब की गयी किसी को भी मालूम नहीं है। कार्यकारिणी सदस्य कौन कौन है ये भी किसी को भी पता नही है। रंजीत लकड़ा द्वारा सभी सदस्यों का बैठक दिखाकर हस्ताक्षर खुद कर लिया जाता है। इसी तरह से फर्जी तरीके से लैम्पस का कार्य चल रहा है। दो वर्ष पूर्व वह लैम्पस में 20 लाख रुपये की अवैध शराब रखने का दोषी भी है, और 8 महीने जेल भी जा चुका है।

### फसलों के बीज को संरक्षित करना चाहिए: कृषि पदाधिकारी

**लोहरदगा।** रविवार को जिला कृषि कार्यालय सभागार में बीज दिवस मनाया गया। जिसमें जिला कृषि पदाधिकारी कालेन खलखो , सहायक निदेशक, सेंट्रल आईपीएम प्रीति कुमारी, उप परियोजना निदेशक आत्मा मोहित सिंह, तकनीकी सहायक, दिनेश चंद, एनएफएसएम, सभी प्रखण्ड से आए हुए प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी, प्रखंड तकनीकी प्रबंधक/ सहायक तकनीकी प्रबंधक , जनसेवक, नोडल लैंपस/लैंपस, फार्मर प्रोड्यूसर कम्पनी, बीज ग्राम संचालक, जिला कृषि कार्यालय के कर्मी एवं आत्मा के कर्मी तथा प्रगतिशील कृषक उपस्थित हुए। सर्वप्रथम जिला कृषि पदाधिकारी एवं उपस्थित अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। जिला कृषि पदाधिकारी कालेन खलखो के द्वारा बीज दिवस के महत्व एवं इसे मनाने के उद्देश्य के बारे में जानकारी दी गई। जिला कृषि पदाधिकारी के द्वारा बताया गया कि हमारे पूर्वजों के द्वारा जिस तरह बीजों को उत्पादन करने के उपरांत बीजों को अगले ऋतु में लगाने हेतु सुरक्षित रख लिया जाता था, उसी प्रकार हमें भी फसलों के बीज को संरक्षित करना चाहिए।

## सड़क हादसे में एक युवक की दर्दनाक मौत

### एक गंभीर रूप से घायल, गुमला रेफर


घायल युवक का इलाज करती नर्स

खबर मन्त्र संवाददाता

**चैनपुर।** चैनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत टोंगों के पास रविवार को एक भीषण सड़क हादसे में एक युवक की जान चली गई और एक युवक घायल हो गया। मृतक की पहचान दिलधरण रौतिया ग्राम भठौली और घायल युवक की पहचान दुबराज रौतिया निवासी पकड़ी टोली जमगई के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार दोनों युवक मोटरसाइकिल से कांसीर से चैनपुर की ओर जा रहे थे। तभी संत पीटर स्कूल टोंगों के पास सामने से आ रही एक तेज रफ्तार बाइक ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर मारने के बाद दूसरी बाइक सवार मौके से फरार हो गया। इस हादसे में दिलधारण रौतिया की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि दुबराज रौतिया गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें प्रशासन की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चैनपुर लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे गुमला रेफर कर दिया गया। इधर घटना के बाद से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है। वहीं पुलिस पूरे मामले की छानबीन में जुटी हुई है

## अखिल भारतीय क्षत्रिय समाज गुमला के जिलाध्यक्ष बने सुरेश सिंह

**गुमला।** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासंघ गुमला की बैठक रविवार को जगनारायण सिंह की अध्यक्षता में वीर कुंवर सिंह स्मृति भवन डीएसपी रोड में हुई है। बैठक में सर्वसम्मति से जिला कमेटी का चयन किया गया। जिसमें सुरेश सिंह को जिलाध्यक्ष चुना गया और 5 जून तक समिति विस्तार कर नयी कार्यसमिति बनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में निर्वतमान अध्यक्ष जगनारायण सिंह ने अपने कार्यकाल की जानकारी दी और कहा कि समाज को एकजुट रखने में नये अध्यक्ष की भूमिका अहम होगी। नव चयनित अध्यक्ष सुरेश सिंह ने कहा कि जिले में निवास करने वाले सभी क्षत्रिय समाज के सदस्यों तक पहुंचना उनकी पहली प्राथमिकता होगी ताकि समाज को पूरी तरह संगठित किया जा सकेगा। बैठक में राधेश्याम सिंह, शातनु सिंह, मनमोहन सिंह, देव कुमार सिंह, वशिष्ट नारायण सिंह, योगेंद्र सिंह, शंकर सिंह, दिनेश सिंह, शंभू सिंह, ओम शंकर सिंह, विशाल कुमार सिंह, सूरजदेव सिंह, रमेश कुमार सिंह, राजेंद्र कुमार सिंह, जगदीश सिंह, संजय नारायण सिंह, प्रदीप कुमार सिंह, विकास सिंह आदि उपस्थित थे।

## सड़क सुरक्षा को लेकर वाहन जांच अभियान


वाहन जांच अभियान सड़क पर चलाते चैनपुर पुलिस

खबर मन्त्र संवाददाता

**चैनपुर।** चैनपुर मुख्यालय स्थित कुरूमगढ़ मोड़ के समीप रविवार को स्थानीय पुलिस द्वारा वाहन जांच अभियान चलाया गया। यह अभियान जहां एक ओर क्षेत्र में आपराधिक गतिविधियों पर लगाम कसने के उद्देश्य से एंटी क्राइम जांच के रूप में आयोजित किया गया। वहीं दूसरी ओर सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति लोगों को जागरूक करने और उनके अनुपालन को सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया गया। अभियान का नेतृत्व ए.एस.आई. निर्मल रॉय और ए.एस.आई. धर्मपाल संतोष लुगुन ने किया। पुलिसकर्मियों ने मुख्य रूप से उन वाहनों की जांच की जिनमें संदिग्ध गतिविधियों का अंदेशा था। साथ ही बाइक चालकों को हेलमेट पहनने, चारपहिया वाहन चालकों को सीट बेल्ट का प्रयोग करने और यातायात नियमों का पालन करने के लिए सख्ती से निर्देशित किया गया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि यह जांच अभियान क्षेत्र में अपराध की रोकथाम और सड़क हादसों को कम करने के लिए एक नियमित प्रक्रिया का हिस्सा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जो भी वाहन चालक यातायात नियमों का उल्लंघन करते पाए जाएंगे। उनके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने आम जनता से भी अपील की है कि वे सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करें और सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करें। इस तरह के अभियान से क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखने और सड़क हादसों में कमी लाने में मदद मिलेगी।

## एक नजर में

### 15 वर्षीय किशोरी ने कीटनाशक खाकर किया आत्महत्या की कोशिश


अस्पताल में किशोरी का किया जा रहा इलाज

खबर मन्त्र संवाददाता

**चैनपुर।** चैनपुर अनुमंडल के जारी थाना क्षेत्र के कोदाधोबारा गांव में एक 15 वर्षीय किशोरी ने पिता की डांट से नाराज होकर चूहा मारने वाली दवा खा ली। जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। परिजनों ने तुरंत उसे चैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां उसका इलाज जारी है.। जानकारी के अनुसार प्रवीण तिर्की की पुत्री 15 वर्षीय ने शनिवार को अपने घर का काम कर रही थी। इसी दौरान किसी बात को लेकर उसके पिता प्रवीण तिर्की ने उसे डांट दिया। पिता की डांट से आहत होकर अपने कमरे में गई और वहां रखी चूहा मारने की दवा खा ली।

कुछ देर बाद जब उसकी तबीयत बिगड़ने लगी तो उसने परिजनों को इसकी जानकारी दी। परिजनों ने बिना देर किए आनन-फानन में चैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां डॉक्टरों की टीम उसकी उपचार कर रही है। घटना के बाद से परिवार में हड़कंप मचा हुआ है।

### भवन निर्माण को लेकर किया गया भूमि पूजन


भूमि पूजन में शामिल लोग

खबर मन्त्र संवाददाता

**लोहरदगा।** शहर के ब्लॉक मोड़ स्थित स्वतंत्रता सेनानी अमर शहीद लाल जगन्नाथ शाहदेव की स्मृति स्थल के पास ट्रस्ट द्वारा शहीद भवन निर्माण को लेकर भूमि पूजन किया गया।

ट्रस्ट के अध्यक्ष लाल राजेंद्र प्रताप देव के नेतृत्व में भूमि पूजन कार्य सम्पन्न हुआ। इस मौके पर कहा गया कि अमर शहीद लाल जगन्नाथ शाहदेव की स्मृति स्थल के पास ट्रस्ट द्वारा एक भवन का निर्माण किया जा रहा है जिससे कि स्वतंत्रता सेनानी शहीद लाल जगन्नाथ शाहदेव के जीवनी से संबंधित वस्तुओं और ऐतिहासिक जानकारी का संग्रह किया जायेगा।सुशांत पुरोहित द्वारा भूमि पूजन कार्य सम्पन्न कराया गया। इस मौके पर ट्रस्ट के सचिव लाल नर्मदेश्वर नाथ शाहदेव,लाल जन्मेजय शाहदेव, क्षत्रिय महासभा के जिला अध्यक्ष उदय शिखर, संजीव सिंह, लेदा सिंह, शिरु उरांव, मिथुन खेरवार, लाल ओंकार नाथ शाहदेव, जीरा देवी, प्रकाश कुमार, अरविंद मिश्रा मौजूद थे।

## विद्युत तार की चपेट में आने से ग्रामीण सहित दो पशुओं की हुई मौत

खबर मन्त्र संवाददाता

**घाघरा।** घाघरा थाना क्षेत्र के इटकीरी नावाडीह गांव में विद्युत प्रवाहित तार की चपेट में आने से नवाडीह निवासी लगभग 45 वर्षीय बुधमन उरांव व दो बैलों की मौत हो गई। घटना के संबंध में मृतक की पत्नी सूरतमुनि देवी ने बताया कि रविवार की अहले सुबह बुधमन खेत में हल जोतने के लिए अपने दोनों बैल को लेकर जा रहा था। इसी दौरान बिजली का तार सड़क में टूट कर गिरा हुआ था। जिसकी चपेट में दोनों मवेशी आ गया। दोनों मवेशी को तड़पता हुआ देख मवेशी को बचाने के लिए बुधमन भी सामने गया तो करंट उसे भी अपने चपेट में ले लिया। जिससे बुधमन व दोनों मवेशी की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। घटना के बाद परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। यहां बता दें कि गांव में जितना भी तार लगा है सभी पूरी तरह से जर्जर हो चुका है। यदि जल्द उसे मरम्मत नहीं कराया गया तो आने वाले समय में घटना की संभावना बनी रहेगी। घटना के बाद बिजली विभाग व घाघरा पुलिस को इसकी जानकारी दी गई। घाघरा पुलिस घटनास्थल पहुंच शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल गुमला भेज दिया है।

## कैरो कांग्रेस प्रखंड कमिटी का हुआ विस्तार

**कैरो।** प्रखंड मुख्यालय स्थित स्व शिवप्रसाद साहू मेमोरियल भवन में कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष बुधुवा उरांव की अध्यक्षता में प्रखंड कमिटी विस्तार को लेकर बैठक किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से महताब आलम, नासिर अहमद हनहट को उपाध्यक्ष चुना गया और महासचिव के लिए राममोहन उरांव, मोइन खान, ललित महतो,अनवर अंसारी , यूनुस अंसारी, फूलकुमार भगत, प्रकाश उरांव, जोरावर खान, एवं प्रवीण पांडेय को चुना गया। बैठक में शरत कुमार विद्यार्थी, किशोर भगत, मुरशिद खान, जलील खान, रितेश सोनी गणपत उरांव सहित कार्यकर्ता मौजूद थे।

## चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा कमिटी का किया गया विस्तार

खबर मन्त्र संवाददाता


बैठक में मौजूद लोग

**लोहरदगा।** अखिल भारतवर्षीय चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा की एक बैठक यदुवीर धर्मशाला में हुई। जिसमें चुनाव के बाद कमेटी विस्तार किया गया कमेटी का विस्तार करते हुए जिला अध्यक्ष ने कहा की शहर के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्र की समुचित भागीदारी देने की कोशिश की गई है इस कमेटी में कार्यकारी अध्यक्ष परमेश्वर वर्मा को बनाया गया है । उपाध्यक्ष शशि वर्मा, उत्पल वर्मा, धनंजय वर्मा, सुनील वर्मा, सागर वर्मा, महासचिव प्रदीप नारायण सिंह सचिव रिंकू वर्मा, सतीश वर्मा, दीपक वर्मा, अरविंद वर्मा ,सुबोध वर्मा, हेमंत वर्मा, कोषाध्यक्ष श्याम सुंदर वर्मा, सह कोषाध्यक्ष सोनू कुमार वर्मा जिला मीडिया प्रभारी अवनी वर्मा, मीडिया प्रभारी सह प्रवक्ता सागर वर्मा, जिला संगठन मंत्री उमेश वर्मा, बैजनाथ वर्मा, अशोक राम, संजय वर्मा संतोष वर्मा, दीपक वर्मा ,राहुल वर्मा को बनाया गया है।वही मार्गदर्शक मंडली संजय कुमार वर्मा उर्फ संजू, मनोज वर्मा, अरविंद वर्मा, आलोक वर्मा, साधन वर्मा, कानूनी सलाहकार मुनींद्र प्रसाद, भोला शंकर वर्मा, मुकेश वर्मा, अशोक वर्मा उर्फ लालू को रखा गया है। वही संरक्षक मंडली में जगदीश वर्मा, मुनीद्र प्रसाद, लखनराम वर्मा, रामावतार वर्मा, प्रोफेसर आशुतोष कुमार सिंह, चमर राम, शिव वर्मा, अरुण वर्मा, श्याम सुंदर वर्मा, किशोर कुमार वर्मा, रामू राम, दिलीप वर्मा, सुरेंद्र वर्मा, अतुल वर्मा, कनक वर्मा, कमल किशोर वर्मा, राजेंद्र वर्मा उर्फ राजन, विनोद वर्मा, राजकुमार वर्मा, मनोज वर्मा शामिल है। जबकियुवा मोर्चा का गठन करते हुए युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष मनोरंजन वर्मा, कार्यकारी अध्यक्ष प्रेम वर्मा और महासचिव सूरज कुमार वर्मा जिम्मेवारी सौंपी गई है। साथ ही एक महीने के अंदर पूर्ण कमेटी बनाकर जिला समिति को सौंपने का निर्देश दिया गया है। जिला अध्यक्ष के अनुमोदन के बाद वह कमेटी पूर्ण रूप से कार्य करने लगेगी ।इसके बाद महिला मोर्चा एवं नगर कमेटी का भी गठन किया जाएगा । अगले बैठक में मासिक शुल्क एवं हमारे होनहार बच्चों को जो मैट्रिक एवं इंटर में अच्छे रिजल्ट लाए हैं उनको सम्मानित करने के लिए सम्मान समारोह आयोजित करने पर चर्चा की जाएगी।

## पुलिस ने दो चोरों को किया गिरफ्तार, भेजा जेल

**गुमला।** पुराना समाहरणालय परिसर स्थित प्रशिक्षण सह उत्पादन केंद्र से चोरी हुए सीसीटीवी मॉनिटर मामले में गुमला पुलिस ने दो चोरों को गिरफ्तार कर रविवार को जेल भेज दिया। गिरफ्तार अभियुक्तों में गुमला थाना क्षेत्र के अंबेडकर नगर निवासी अस्फाक खान उर्फ गुड्डू व अंबेडकर नगर भुईंया मुहल्ला निवासी सुमित कुमार के नाम शामिल है। इस संबंध में रविवार को गुमला थाना में प्रेस कान्फ्रेंस करते हुए एसडीपीओ सुरेश प्रसाद यादव ने कहा कि चोरी की घटना को लेकर झारखंड शिक्षा परियोजना के कविता खलखो ने प्राथमिकी दर्ज करायी थी। कांड दर्ज होने के बाद मामले के उदभेदन को लेकर एक टीम का गठन किया गया।

## समाज ने जो दायित्व सौंपा है उसे पूरा करते हुए समाज को आगे ले जाएंगे: दिलीप


सुडी समाज के नव चयनित पदाधिकारियों के साथ समाज के सदस्य

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** सुड़ी समाज गुमला की आम सभा रविवार को बस पड़ाव स्थित सुडी धर्मशाल में हुई। जहाँ पुरानी कमिटी को भंग करते हुए सर्वसमिति से नई कमिटी का गठन किया गया। जिसमें दिलीप नाथ साहू का नाम अध्यक्ष पद हेतु प्रस्ताव में लाया गया। जिसे बैठक में मौजूद कई लोगों ने समर्थन करते हुए अध्यक्ष पद का नाम तय कर लिया। वहीं नई कमिटी में उपाध्यक्ष अमर कुमार व बसंत साहू, सचिव प्रमोद कुमार, सह-सचिव सुधीर कुमार व वरुण कुमार, कोषाध्यक्ष मिथिलेश प्रसाद, कानूनी सलाहकार तापस कुमार लाल को चुना गया। लोगों को संबोधित करते हुए नव चयनित अध्यक्ष दिलीप नाथ साहू ने कहा कि समाज ने मुझ पर विश्वास करते हुए जो दायित्व सौंपा है मैं उस दायित्व का निर्वहन करते हुए समाज को और अधिक आगे बढ़ाने की दिशा में कार्य करूंगा। मैं यह आशा भी करता हूं कि मेरे साथ चुनी हुई कमिटी इस कार्य में मेरा पूर्ण सहयोग करेगी। ताकि मिलकर समाज को और अधिक ऊंचाइयों तक पहुँचाया जा सके। इसके पूर्व बैठक में आय व्यय का व्योरा प्रस्तुत करते हुए निवर्तमान पदाधिकारीयों ने नव चयनित पदाधिकारीयों को प्रभार सौंपा। जिला कमिटी के संरक्षक विनय कुमार लाल ने निवर्तमान अध्यक्ष सूरज साहू के साढ़े 4 वर्षों के कार्यकाल की सराहना करते हुए कहा की अध्यक्ष सूरज, सचिव संदीप और पूरे जिला कमिटी के सूझबूझ व अथक प्रयास से गुमला जिला सुड़ी समाज एक अलग पहचान बनाने में कामयाब रही है। साथ ही श्री लाल ने नई कमिटी को सुझाव देते हुए कहा जितना हो सके न्याय संगत कार्य करते हुए समाज को और अधिक ऊंचाइयों तक पहुंचाने का संकल्प लेकर मेहनत करें। ताकि पूरा विश्व हमारे समाज के अच्छाइयों और संगठन की मजबूती का उदाहरण पेस करने को मजबूर हो जाये। आमसभा में मुख्य रूप से मौजूद खुशबु साहु, हिना देवी, रामेश्वर प्रसाद, सुबोध कुमार लाल, रामावतार साहु, रविंद्र नाथ साहू, उदय प्रसाद, महावीर प्रसाद साहू, मुकेश साहु, शुभांकर साहू, ज्योति साहू, मनीष साहु सहित कई लोग मौजूद थे।

### विश्व फुटबाल दिवस पर सेंटर फोर कैटलाइजिंग चेंज के द्वारा फुटबाल प्रतियोगिता का आयोजन

## खेल सामाजिक रूढ़ियों को तोड़ने व समतामुलक समाज बनाने का सरल माध्यम: वार्ड सदस्य

खबर मन्त्र संवाददाता


विजेता को पुरस्कृत करते अतिथि

**गुमला।** विश्व फुटबॉल दिवस के अवसर पर सेंटर फॉर केटालाइजिंग चेंज के द्वारा चरकाटांगर गांव में फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। फुटबाल मैच चरका टांगर व सुरसुरिया की टीम के बीच खेला गया। जिसमें चरकाटांगर की टीम विजय रही। फुटबाल प्रतियोगिता आयोजन का उद्देश्य खेल के माध्यम से लैंगिक समानता के संदेश को प्रसारित करना और पुरुषों एवं लड़कों की भूमिका को रेखांकित करना था। विश्व फुटबॉल दिवस में इस वर्ष का थीम एकता में शक्ति है को ध्यान में रखते हुए टूर्नामेंट न सिर्फ खेल भावना का प्रतीक बना, बल्कि लैंगिक समानता, शिक्षा और सामाजिक न्याय के समर्थन का भी माध्यम बना। टूर्नामेंट में क्षेत्र के किशोरों एवं युवाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और फुटबॉल के जरिए महिलाओं और लड़कियों के अधिकारों को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता जाहिर की। कार्यक्रम की विशेष झलक थी एक सामूहिक शपथ, जिसमें खिलाड़ियों, दर्शकों, समुदाय के सदस्यों और स्थानीय नेताओं ने भाग लिया। उन्होंने यह संकल्प लिया कि वे हम लड़कियों और महिलाओं की शिक्षा, सम्मान और समान अवसर देने का समर्थन करेंगे। मुख्य अतिथि वार्ड सदस्य सुखसारन मिंज ने टूर्नामेंट का उदघाटन करते हुए कहा कि खेल सामाजिक रूढ़ियों को तोड़ने और समतामुलक समाज बनाने का माध्यम बन सकते हैं। उन्होने यह संदेश दिया कि लड़कियों और महिलाओं के अधिकारों को आगे बढ़ाने में लड़कों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। टूर्नामेंट में उपस्थित अन्य वक्ताओं ने भी किशोरों को महिला सम्मान, समानता और साझा ज़िम्मेदारी हेतु संदेश दिया।

### गाड़ी पिंडाटोला के किसान बिजेंद्र उरांव ने टपक सिचाई से बारहों माह कृषि उत्पादन कर क्षेत्रवासियों को दे रहे हैं प्रेरणा

# मिसाल: तीन से चार व्यक्ति को हमेशा देते हैं रोजगार

- बिजेंद्र कभी हार नहीं मानी, अपने कर्म पर विश्वास रखा बारहों माह करते हैं मौसमी खेती
- हरी सब्जीयों के साथ-साथ तरबूज ओल, अदरक व आम की भी कर रहे हैं खेती, क्षेत्र के किसानों के लिए बने मिसाल

**संजय राम**

**बारियातू।** प्रखंड क्षेत्र के बारियातू स्थित गाड़ी ग्राम के पिंडाटोला निवासी किसान बिजेंद्र उरांव ने अपने कठिन परिश्रम और आत्मबल के दम पर खेती के क्षेत्र में एक नई मिसाल कायम की है। जो प्रेरणा श्रोत है। उन्होंने करीब साढ़े तीन एकड़ जमीन को उपजाऊ बना कर उसे खेती योग्य बना दिया है। उस जमीन पर तरबूज, भींडी,टमाटर, अदरक, ओल, केला की भरपूर फसल लहलहा रही है। बिजेंद्र उरांव के पिता बिशू उरांव अभी इस दुनिया मे नहीं हैं लेकिन अपने पुत्र की कठिन परिश्रम की सफलता से उनके आत्म मे शीतलता महसूस हो रहा होगा। बिजेंद्र उरांव ने बताया की मै इंटर तक पढ़ाई किया हूँ। घर का माली हालत ठीक नहीं था। शुरूआत से ही मुझे मेहनत करने की आदत है। घर का माली हालत देखकर 2014-15 से कृषि उत्पादन मे लगे लेकिन कई जगह असफल हो गए। असफल होने के बाद भी अपनी जिद को नहीं छोड़े। कृषि के प्रति मेरा संघर्ष जारी रहा। मुझे विभाग से


मौसमी फसल को दिखाते किसान।

कृषि सम्बंधित प्रशिक्षण मिला साथ ही ड्रिप सूक्ष्म सिचाई की जानकारी दी गई और विभाग से भी सहयोग प्राप्त हुआ। पत्नी स्वेता कुमारी ने धौर्य को खोने नहीं दिया सफलता का पूरा श्रेय पत्नी को जाता है। पत्नी से बिजेंद्र को और भी आत्म बल मिला। धीरे-धीरे टपक सिचाई से बारहों माह विभिन्न तरह की खेती कर आमदनी का श्रोत बढ़ाकर माली हालत को सुधार लिया। टपक सिचाई से पानी के साथ समय का भी बचत होता है। अभी तीन से चार व्यक्ति को रोजगार दिया है जो मजदूरी करते हैं जो साथ मिलकर खेती करने मे सहयोग करते रहते



हैं। मौषम के आधार पर खेती कर आत्म निर्भर बन रहे हैं गरमी मे तरबूज, टमाटर, भींडी, बोदी फ्रसबीन सहित अन्य सब्जियाँ उगाते हैं। ठंड मे मटर, लौकी, गाजर, प्याज, ओल सहित कई तरह का सब्जियां उत्पादन करते हैं। बिजेंद्र व पत्नी स्वेता दोनों इंटर तक पढ़ाई किए हैं। बिजेंद्र ने कहा की पत्नी घर का भी काम संभाल लेती है और मुझे पूरा सहयोग करती है। मेरे पुत्री सुप्रिया मध्य विद्यालय मे पढ़ती है। मेरे माँ दशनी और पुत्री भी समय समय पर सहयोग करते रहती है। आम बागवानी है जिससे तीन वर्ष से फल निकल रहा है। फार्म बनाकर सुकर पालन भी करता हूँ जिससे मुझे अच्छा खासा आमदनी मिल जाता है। पूर्व के अपेक्षा स्थिति मे काफी सुधार हो गया है। बताया कि सिंचाई के लिए वे अपने निजी कुएं का इस्तेमाल करते हैं। हालांकि, अगर कृषि विभाग की ओर से कोई तकनीकी या आर्थिक सहयोग मिलता तो खेती को और भी व्यापक रूप दिया जा सकता था। वर्तमान में वे मौसम और मिट्टी की प्रकृति के अनुसार फसलें उगाते हैं। और पूरी तरह से प्राकृतिक संसाधनों पर आधारित खेती करते हैं। खेती के साथ-साथ बिजेंद्र ने अपनी जमीन पर आम केले के कई प्रजातियों के पौधे भी लगाए हैं। जो आने वाले समय में उन्हें फलदायी लाभ देंगे। उनकी यह पहल न सिर्फ आर्थिक रूप से उन्हें मजबूत बना रही है। बल्कि क्षेत्र के अन्य किसानों के लिए भी प्रेरणास्रोत बन गई है। 18 जनवरी 2025 को लातेहार डीसी उत्कर्ष गुप्ता ने पिंडाटोला बिजेंद्र की घर पहुँच कर तकनिकी विधि से किए गए खेती पर खूब सराहना किए थे। मेहनत और लगन यह साबित करती है कि अगर इरादे मजबूत हों तो कोई भी कठिनाई रास्ता नहीं रोक सकती है। हालांकि विभाग भी इन्हे काफी सहयोग किया है।

और बेहतर करने के लिए सहयोग की भी अपेक्षा की है। गांव मे शब्जी उत्पादक समूह बनाया है गांव मे बिजेंद्र व पत्नी स्वेता के देख रेख मे समूह का विस्तार करने मे भी मेहनत कर रहे हैं। समूह का रजिस्ट्रेशन हो गया है। प्रचार प्रसार कर समूह मजबूत किया जायेगा।

### संगठनात्मक चुनाव संपन्न कराने को लेकर राजद ने निर्वाचन व सहायक निर्वाचन पदाधिकारी किया मनोनीत

# चंदवा में राजद जिला कमिटी की बैठक संपन्न

- पूर्व मंत्री सत्यानंद भोगता रहे मौजूद

**खबर मंत्र संवाददाता**

**चंदवा।** झारखंड प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल के द्वारा लातेहार जिले में चलाया जा रहे हैं संगठन विस्तार कार्यक्रम के तहत जिले के सभी प्रखंडों में संगठनात्मक चुनाव संपन्न कराने को लेकर निर्वाचन पदाधिकारी एवं सहायक निर्वाचन पदाधिकारी मनोनीत किए हैं। रविवार को चंदवा स्थित पथ निर्माण विश्रामागार परिसर में आयोजित राजद जिला कमेटी की बैठक में मौजूद मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री सत्यानंद भोगता ने जिलाध्यक्ष रामप्रवेश यादव को मनोनीत निर्वाचन पदाधिकारी एवं सहायक निर्वाचन पदाधिकारी की सूची सौंपी। इस दौरान इन्होंने सभी पदधारियों से संगठनात्मक चुनाव संपन्न करते हुए सूची प्रदेश को भेजने की बात कही। इसके पूर्व बैठक में शामिल हुए पूर्व मंत्री सत्यानंद भोगता एवं नेताओं का जिलाध्यक्ष रामप्रवेश यादव ने पुष्प गुच्छ एवं अंग वस्त्र प्रदान कर सम्मानित भी किया।

#### ये बनाए गए हैं निर्वाचन व सहायक निर्वाचन पदाधिकारी


राजद जिला कमिटी की बैठक का हुआ आयोजन।

लातेहार प्रखंड के लिए निर्वाचन पदाधिकारी अजीत श्रीवास्तव, सहायक निर्वाचन पदाधिकारी नरेश यादव, चंदवा के लिए सुरेश राम व दीपक यादव, हेरहंज के लिए वीरेंद्र यादव व रामकुमार यादव, बरियातू प्रखंड के लिए राजेश रजक एवं अजय कुमार गुप्ता, मनिका के लिए दीपक शाहदेव व राज नारायण गिरी, बरवाडीह के लिए देववंश यादव व अनिल विश्वकर्मा, बालूमाथ के लिए भोला सिंह व पवन राम, गारू के लिए नेसार अहमद व बिट्टू सिंह, महुआडांड़ के लिए अली हसन व चेतन यादव, सरयू के लिए संतोष व मिट्ठू लोहरा एवं नगर परिषद के लिए अजीत श्रीवास्तव व नरेश यादव क्रमशः निर्वाचन पदाधिकारी एवं सहायक निर्वाचन पदाधिकारी मनोनीत किए गए हैं। बैठक के मौके पर पूरे जिले से दर्जनों राजद के नेता व कार्यकर्ता मौजूद थे।

### भाई ने डांटा तो बहन ने जहर खाकर किया आत्महत्या का प्रयास



**बालूमाथ।** एकीकृत बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के डाढ़ा ग्राम स्थित कटईटोला में रविवार को सीमंती कुमारी 14 वर्ष पिता लालदेव उरांव ग्राम डाढ़ा कटईटोला थाना बारियातू निवासी का अपने भाई के साथ किसी बात को लेकर झगड़ा हुआ था। जिसके बाद भाई ने उसके साथ मारपीट किया। जिससे गुस्सा से सिमती ने घर में रखा हुआ कीटनाशक दवा खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। घटना के बाद परिजनों के द्वारा बच्ची को इलाज के लिए बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉक्टर सुरेंद्र कुमार द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया।

# लातेहार में वटवृक्ष तले संवरेंगी सुहाग की दुआएं, आज वट सावित्री व्रत

**खबर मंत्र संवाददाता**

**लातेहार।** सुहाग, आस्था और नारी शक्ति के प्रतीक वट सावित्री व्रत का उल्लास लातेहार में पूरे रंग में नजर आ रहा है। आज सोमवार को सुहागिनें अपने पति की लंबी उम्र और पारिवारिक सुख-शांति के लिए वटवृक्ष की पूजा करेंगी। इसे लेकर रविवार को बाजारों में काफी चहल-पहल रही। साड़ी, सिन्दूर, चूड़ी, धागा, पंखा, फल-फूल, मिट्टी के हाथी-घोड़े सहित अन्य पूजन सामग्री की दुकानों पर महिलाओं की भीड़ उमड़ पड़ी। लातेहार मुख्यालय के बाईपास रोड में बीएसएनएल टावर के सामने के अलावा चंदवा, मनिका, बरवाडीह के पहाड़ी शिव मंदिर और पुरानी बस्ती वटवृक्ष



बाईपास स्थित वट वृक्ष।

स्थलों की साफ-सफाई कर उन्हें सजाया गया है। स्थानीय समिति द्वारा भी सफाई और जल की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। व्रती महिलाएं सुबह से ही निर्जला उपवास रखकर वटवृक्ष की परिक्रमा करेंगी और सावित्री-सत्यवान की पौराणिक कथा सुनेंगी। स्थानीय महिला मनीषा राज कहती हैं कि वट सावित्री व्रत सिर्फ परंपरा नहीं, यह हमारी संस्कृति में गहरे तक जुड़ी हुई आस्था है। बरगद की जड़ में शक्ति और सुरक्षा का भाव बसता है। पुलिस प्रशासन ने भी शांति व्यवस्था और यातायात नियंत्रण के लिए विशेष इंतजाम किए हैं। कुल मिलाकर लातेहार में आज पूरी तरह से श्रद्धा और भक्ति के रंग में रंगा नजर आ रहा है। मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना की तैयारियां भी पूरी कर ली गई हैं।

### दलाल ले गया था कमाने 2 साल से घर नहीं लौटा है मजदूर

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्थित अंबेडकर नगर के रहने वाले एक मजदूर को दलाल कमाने कहकर मजदूरी के लिए बाहर ले जाया गया था। लेकिन वह 2 वर्षों से मजदूर अपने घर वापस लौट नहीं लौटा है। जिसको लेकर उसकी पत्नी ने बालूमाथ थाना में आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। उसकी पत्नी उर्मिला देवी ने बताया कि उसका पति वृक्ष गोपी ग्राम अम्बेडकर नगर थाना बालूमाथ निवासी को मुरपा ग्राम के रहने वाले मंसूर मियां द्वारा मजदूरी करने के नाम पर लगभग 2 वर्ष पूर्व 2023 में तमिलनाडु के चेन्नई ले गया था। और उसका पति बीच रास्ते में ही गुम हो गया। जबकि मंसुर मियां से पूछने पर बार-बार कहता रहा कि वह काम कर रहा है। वह वापस लौट आएगा लेकिन काफी दिनों के बाद भी खोज खबर नही आई और उसका कोई पता नहीं चला। तो मंसूर मियां के घर जाकर पूछने पर वह मारने पीटने की धमकी देंने लगा और उसे अपने घर से भगा दिया। वही इस संबंध में पीड़िता ने बालूमाथ थाना में आवेदन देकर अपने पति को वापस लौटाने के लिए न्याय की गुहार लगाते हुए कहा कि मेरे पति को सही सलामत वापस किया जाए। एवं जो बिचौलिया उसे ठग-फुसलाकर बाहर ले गया है। उस पर कानूनी कार्रवाई की जाए।

## पोखरी कला में फिर गिरा विद्युत प्रवाहित तार, टला बड़ा हादसा

#### ग्रामीणों की जान जोखिम में, प्रशासन बेखबर


गिरा विद्युत प्रवाहित तार।

**खबर मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह।** प्रखंड के पोखरी कला पंचायत के निचला टोला में एक बार फिर विद्युत विभाग की लापरवाही सामने आई है। शुक्रवार को अचानक एक विद्युत प्रवाहित तार टूटकर जमीन पर गिर गया, जिससे क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। गनीमत रही कि उस वक्त आसपास कोई व्यक्ति या मवेशी मौजूद नहीं था, वरना बड़ा हादसा हो सकता था। स्थानीय लोगों का कहना है कि गांव में वर्षों पुराने, जर्जर हो चुके तार और खंभे अब जानलेवा साबित हो रहे हैं। कई बार शिकायत करने के बावजूद विभाग द्वारा इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि विभाग तब तक नहीं जागता, जब तक कोई बड़ा हादसा न हो जाए। कुछ दिनों पहले पंचायत समिति सदस्य असमीना बीबी ने भी इस मुद्दे को लेकर अधिकारियों से शिकायत की थी और जर्जर तारों को बदलने की मांग की थी। उन्होंने यह भी कहा था कि यदि समय रहते जरूरी मरम्मत और बदलाव नहीं किए गए, तो यह कभी भी किसी की जान ले सकता है।

अब सवाल उठता है कि आखिर कब तक आम जनता को विभाग की लापरवाही की कीमत चुकानी पड़ेगी ? क्या किसी बड़े हादसे का इंतजार किया जा रहा है ? ग्रामीणों ने एक बार फिर चेतावनी दी है कि अगर जल्द कार्रवाई नहीं हुई, तो वे आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

## जेजेएमपी के सुप्रीमो पप्पू लोहरा का अंतिम संस्कार कोने के लूंडी गांव के पहाड़ी नदी में किया गया, उनके बड़े पुत्र रवि रंजन ने दी मुखाग्नि



**लातेहार।** सदर थाना क्षेत्र के इचाबार गांव के घोरदहा जंगल में शनिवार सुबह 5:30 बजे पुलिस और जेजेएमपी उग्रवादियों के बीच मुठभेड़ हुई। इसमें जेजेएमपी सुप्रीमो पप्पू लोहरा और प्रभात गंझू मारे गए थे। पप्पू लोहरा पर 10 लाख और प्रभात गंझू पर 5 लाख का इनाम था। रांची से आई एफएसएल टीम ने जांच के बाद देर शाम दोनों के शव उठाए। शाम को सिविल सर्जन के निर्देश पर बनी मेडिकल टीम ने पोस्टमार्टम किया। इसके बाद कागजी प्रक्रिया पूरी कर शव परिजनों को सौंप दिया गया। पोस्टमार्टम के दौरान सदर अस्पताल और सड़क किनारे भारी पुलिस बल तैनात रहा। रविवार सुबह पप्पू लोहरा का अंतिम संस्कार कोने के लूंडी गांव के पहाड़ी नदी में



किया गया। उनके बड़े पुत्र रवि रंजन ने मुखाग्नि दी। अंतिम यात्रा में कोने और आसपास के गांवों से सैकड़ों लोग शामिल हुए। कई लोगों ने उन्हें गरीबों का मददकार बताया। प्रभात गंझू के अंतिम संस्कार बालूमाथ के डोकर, लक्ष्मीपुर के नदी में हुआ। उनकी शव यात्रा में भी बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

### फरार दो उग्रवादी के घर पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार

**बारियातू।** थाना पुलिस ने दो फरार उग्रवादी के घर जाकर विधिवत इश्तेहार चिपकाकर अविलंब सरेंडर करने की चेतावनी दी। जानकारी देते हुए थाना प्रभारी देवेंद्र कुमार ने बातया की थाना कांड संख्या 04/24, दिनांक धारा 147/ 148/ 149/ 341/ 342/ 323/ 361/ 353/ 386/ 387/ 427/ 506/ 435 भदवि 17 सीएलए एक्ट 10/13/16 युएपीए एक्ट के नामजद अभियुक्त रंजीत गंझु पिता नरेश गंझु, ग्राम सतीटांड़, थाना लावालौंग, जिला चतरा एवं बालूमाथ बारियातू थाना कांड संख्या 160/19, दिनांक 24.07.19, धारा 384/385/386 भा द वि, 25(1-ए) /26(2)/35 आर्म्स एक्ट, 4/5 एक्सपलोसिव सुबस्टेंस एक्ट, 17 सीएलए एक्ट के नामजद अभियुक्त बिनोद गंझु पिता शनिचर गंझू ग्राम जोरदाग थाना लावालौंग, जिला चतरा उक्त दोनों उग्रवादियों के घर पर विधिवत इश्तेहार का तमिला किया गया। इश्तेहार के माध्यम से पुलिस ने ससमय सरेंडर करने को कहा सरेंडर नहीं करने पर अग्रेतर कार्रवाई की जाएगी।


इश्तेहार को चिपकाती पुलिस।

## आरकेटीए की नई ब्रांच कमेटी गठित नीरज बने सचिव और संतोष अध्यक्ष


आरकेटीए की नवगठित कमेटी।

**खबर मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह।** छिपादोहर रेलवे स्टेशन पर रविवार को रेल कर्मियों के संगठन आरकेटीए की ब्रांच कमेटी के गठन को लेकर एक अहम बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में संगठन के जोनल महामंत्री राजेश कुमार, संरक्षक सह ईस्ट सेंट्रल रेलवे एम्पलाई यूनियन के संयुक्त महासचिव प्रवीण कुमार, धनबाद मंडल अध्यक्ष सुनील कुमार साव, सचिव गिरीजेश कुमार और मीडिया प्रभारी मनीष मिश्रा समेत कई वरिष्ठ पदाधिकारियों की उपस्थिति रही। बैठक के दौरान सर्वसम्मति से नीरज कुमार को ब्रांच सचिव और संतोष कुमार को अध्यक्ष चुना गया। वहीं विकास कुमार को कोषाध्यक्ष तथा बैजू कु. शाह को मीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी दी गई। कमेटी के विस्तार के क्रम में कार्यकारिणी में कुंदन कुमार, धनंजय कुमार, रंजीत कुमार, राजन कुमार, आलोक कुमार, सचिन कुमार, यशवंत कुमार, राकेश कुमार, उज्जवल कुमार, संतोष वर्मा, अमन कुमार और जितेंद्र कुमार जैसे सक्रिय रेलकर्मियों को शामिल किया गया है। बैठक में उपस्थित नेताओं ने नए पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए संगठन को मजबूत करने और रेल कर्मचारियों के हितों की लड़ाई पूरी प्रतिबद्धता से लड़ने का आह्वान किया। मौके पर सभी ने संगठनात्मक एकता को प्राथमिकता देने की बात दोहराई और आगामी चुनौतियों के लिए तैयार रहने का संकल्प लिया।

### बरवाडीह के मुख्य बाजार की नालियां जाम, सड़कें बदहाल



**खबर मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखंड के मुख्य बाजार की हालत दिन-ब-दिन खराब होती जा रही है। जाम पड़ी नालियों के कारण गंदा पानी सड़कों पर बह रहा है, जिससे पूरे बाजार क्षेत्र में जलजमाव और गंदगी फैल गई है। दुकानों के सामने कीचड़ और दुर्गंध से ग्राहक आने से कतराने लगे हैं, वहीं दुकानदारों को भी व्यवसाय में परेशानी हो रही है। स्थानीय दुकानदारों और ग्राहकों का कहना है कि लंबे समय से नालियों की सफाई नहीं हुई है। सड़कें भी जगह-जगह से टूटी हुई हैं, जिससे लोगों का पैदल चलना तक मुश्किल हो गया है। बरसात से पहले अगर इन समस्याओं का समाधान नहीं किया गया, तो स्थिति और भी भयावह हो सकती है। इसी क्रम में शनिवार को व्यवसायिक समिति ने एक बैठक कर हालात की समीक्षा की और प्रखंड प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों से अविलंब हस्तक्षेप की अपील की। समिति के अध्यक्ष दीपक राज व अन्य सदस्यों ने कहा कि बाजार क्षेत्र प्रखंड का व्यावसायिक केंद्र है, लेकिन यहां की बुनियादी समस्याओं की अनदेखी हो रही है। समिति ने प्रखण्ड विकास पदाधिकारी रेशमा रेखा मिंज को मांगपत्र सौंप कर आग्रह किया कि शीघ्र नालियों की सफाई कराई जाए, ताकि बाजार की व्यवस्था सामान्य हो सके और आम लोगों को राहत मिल सके। व्यवसायियों ने प्रखण्ड प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से सहयोग की उम्मीद जताई है।

# वर्षों से वीरान पड़ा है बरवाडीह आइटीआइ कॉलेज व छात्रावास

**खबर मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह।** बेतला पंचायत के अखरा गांव में करोड़ों की लागत से बना आईटीआई कॉलेज अब सरकारी उदासीनता और टेंडरबाजी का स्मारक बन चुका है। वर्ष 2016 में तत्कालीन मुख्यमंत्री रघुवर दास ने जिस संस्थान का उद्घाटन बड़े दावों के साथ किया था, वह 9 साल बाद भी एक भी क्लास देख नहीं सका। दरवाजे बंद हैं, कमरे खाली हैं और दीवारों पर जमी धूल सरकारी सिस्टम का आईना बन चुकी है।

#### 3.46 करोड़ की इमारत, अब तक शून्य उपयोग

करीब 3 करोड़ 46 लाख रुपये से बना यह संस्थान न तो किसी छात्र को प्रशिक्षित कर सका, न किसी को रोजगार का रास्ता दिखा पाया। 2 करोड़ से बना मुख्य भवन और 1.46 करोड़ का हॉस्टल आज तक अपने पहले छात्र का इंतजार कर रहा है। अब सरकार फिर से 1 करोड़ रुपये खर्च करने की तैयारी में है। 30 लाख भवन की मरम्मत पर, 20 लाख हॉस्टल के लिए और 52 लाख चहारदीवारी पर। सवाल ये उठता है कि जिस संस्थान में ताला तक नहीं खुला, उसकी मरम्मत क्यों?


वीरान पड़ा आइटीआइ भवन छात्रावास।


छात्रावास भवन।

#### जिसने बनाया, उसी का भुगतान बाकी

हैरानी की बात यह है कि जिस ठेकेदार ने 2016 में यह भवन तैयार किया, उसका लाखों का भुगतान आज तक अटका है। पुराने भुगतान अधूरे हैं, लेकिन नए टेंडर जरूर जारी हो रहे हैं। क्या यह टेंडरबाजी और प्रशासन की सांठगांठ का एक और अध्याय है। स्थानीय लोग सवाल उठा रहे हैं कि क्या सिर्फ मरम्मत और निर्माण में ही सरकारी योजनाएं पूरी होती हैं? न पहले कोई पढ़ाई शुरू हुई, न अब कोई ठोस योजना सामने है।

#### एक बार फिर टेंडर की प्रक्रिया शुरू

बरवाडीह का आइटीआइ उस सरकारी सोच का प्रतीक बन गया है, जहां शिलान्यास और उद्घाटन फोटो खिंचवाने का माध्यम बनकर रह जाते हैं। जमीन पर न शिक्षण शुरू होता है, न सपने पूरे होते हैं। अब फिर से टेंडर की प्रक्रिया शुरू हो रही है। लाखों रुपये खर्च होंगे, लेकिन सवाल वही पुराना है, क्या इस बार वाकई कुछ बदलेगा, या फिर यह संस्थान भी योजनाओं की कब्रगाह में एक और नाम बन जाएगा?

स्पीड न्यूज

## पिकअप के चपेट में आने से एक महिला सहित तीन घायल

**गोपीकांदर।** गोपीकांदर थाना क्षेत्र गोविंदपुर-साहिबगंज स्टेट हाईवे के गड़ियापानी के समीप एक स्कूटी पर सवार एक महिला सहित तीन लोग अज्ञात पिकअप वैन के चपेट में आने से घायल हो गए हैं। तीन घायलों की पहचान गोपीकांदर थाना क्षेत्र के सोनाय हेम्ब्रम, द्वारिया गांव के फिलोमन बास्की और एक महिला बलिया गांव की बताया जा रहा है। तीनों एक ही स्कूटी पर सवार होकर बलिया से गोपीकांदर हटिया आ रहे थे। इसी दौरान गड़ियापानी के पास प के पास पाकुड़ से दुमका की ओर जा रही तेज रफ्तार पिकअप ने जोरदार टक्कर मार दिया। हालांकि पिकअप वैन घटना स्थल से भागने में सफल हो गया। तीनों को गंभीर रूप से चोट आई।स्थानीय पुलिस को सूचना मिलते ही एसआई राजन सिंह व सहयोगी के द्वारा घायल तीनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोपीकांदर में भर्ती कराया गया।

## भूमिहीन छात्रों के जाति प्रमाणपत्र बनाने को विशेष शिविर का आयोजन

**बोकारो।** जनता दरबार एवं विभिन्न स्रोतों से भूमिहीन छात्रों द्वारा जाति प्रमाण पत्र प्राप्त करने में आ रही समस्याओं को देखते हुए उपायुक्त विजया जाधव ने सभी अंचलाधिकारियों को आगामी 26 से 31 मई 2025 तक अंचल कार्यालयों में विशेष शिविर आयोजित करने का निर्देश दिया है। इस दौरान सभी भूमिहीन निवासी तथा अहर्ता प्राप्त निवासी को जाति प्रमाण पत्र निर्गत करने के लिए आवेदन प्राप्त करने को कहा है। उन्होंने अभियान को लेकर व्यापक प्रचार-प्रसार करने को कहा है तथा कार्मिक प्रशासनिक सुधार एवं राज्यभाषा विभाग झारखण्ड रांची से निर्गत निर्देश के आलोक में विशेष शिविर में प्राप्त आवेदनों का निष्पादन करना सुनिश्चित करने को कहा है। वहीं विशेष शिविर में प्राप्त सभी आवेदनों को रजिस्टर में सूचीबद्ध करते हुए दैनिक प्रतिवेदन जिला कार्यालय को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है।

## पूर्व विधायक ने मोचरो में किया 63 केवीए ट्रांसफार्मर का उद्घाटन

**बोकारो/कसमार।** कसमार प्रखंड अंतर्गत पोंडा पंचायत के मोचरो गांव में पेयजल एवं स्वच्छता तथा उत्पाद एवं मद्य निषेध मंत्री योगेंद्र प्रसाद की धर्म पत्नी सह पूर्व विधायक बबिता देवी ने 63 केवीए के ट्रांसफार्मर का फीता काटकर और स्विच ऑन कर उद्घाटन किया। इस दौरान पूर्व विधायक ने ग्रामीणों की समस्याओं को भी सुना। कई समस्याओं का अधिकारियों से बात कर ऑन द स्पॉट निराकरण कराया। पूर्व विधायक बबिता देवी ने कहा कि मैं हर सुख दुख में आपके साथ खड़ी हूँ। समस्याओं का समाधान करने का यथासंभव प्रयास करूंगी।

## मैनेजमेंट स्टडी एण्ड रीसर्च ने एयरपोर्ट निर्माण में देरी पर पीएम को भेजा पत्र

**बोकारो।** मैनेजमेंट स्टडी एण्ड रीसर्च सेंटर के अध्यक्ष शशि भूषण विश्वकर्मा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को बोकारो इस्पात नगर में स्थापित हो रहे एयरपोर्ट को चालू होने में हो रही देरी के कारणों पर ध्यान आकृष्ट कराते हुए पत्र लिखा है। बताया है कि केन्द्र द्वारा आवश्यक सुरक्षा तथा पर्यावरण संबंधित अनुमति नहीं मिलने से एयरपोर्ट लगभग बनकर तैयार होने के बाद भी चालू नहीं किया जा सका है। उकरीद पहाड़ी पर सुरक्षा लाइट लगाने- आसपास में बाहर पार्किंग व आस-पास साफ-सफाई तथा एयरपोर्ट के लिए प्रशासनिक भवन निर्माण हेतु वर्तमान में स्थित निदेशक प्रभारी के आवास तथा अस्थाई एलोरा होटल को वहां से स्थानान्तरित करने तथा अनावश्यक अतिक्रमण को अविलंब हटाने का निर्देश राज्य तथा सेल- बीएसएल को देने की कृपा की जाए जिससे कि एयरपोर्ट के स्थापना काल से निर्मित सेक्टर 12 की तरफ से सर्विस रोड को भी चालू किया जा सके। उन्होंने लिखा है कि एयरपोर्ट को चालू करने संबंधित व पर्यावरण संबंधित अनुमति देने से इनकार करते हुए राज्य सरकार ने बोकारो इस्पात संयंत्र को केन्द्र सरकार के पास आवेदन करने को कहा है- जो दुर्भाग्यपूर्ण है।

# बिजली की भारी बिल और मिस्त्री की मनमानी से चरमराई बिजली व्यवस्था, उमस भरी गर्मी से लोग बेहाल

खबर मन्त्र संवाददाता

**गोड्डा।** पथरगामा प्रखंड क्षेत्र में रविवार को सुबह से ही बिजली आपूर्ति बुरी तरह से प्रभावित रही, जिससे आमजन उमस भरी गर्मी में बेहद परेशान दिखे। लोगों का आरोप है कि स्थानीय बिजली मिस्त्री की मनमानी के कारण बार-बार बिजली आपूर्ति बाधित हो रही है। कहा कि बिना किसी पूर्व सूचना के बिजली मिस्त्री द्वारा कई बार 'सरडाउन' लेकर बिजली काट दी जाती है।

जबकि बिजली विभाग की ओर से स्पष्ट निर्देश हैं कि यदि किसी कार्य के लिए दस मिनट से अधिक समय तक 'सर डाउन' लेना आवश्यक हो, तो संबंधित क्षेत्र की लाइन को काटकर मुख्य लाइन को चालू रखा जाए, ताकि अन्य इलाकों की बिजली आपूर्ति प्रभावित न हो। लेकिन इन निर्देशों की अनदेखी कर मिस्त्री द्वारा मनमानी ढंग से पूरे क्षेत्र की बिजली काट दी जा रही है। इस कारण लोग न केवल भीषण गर्मी से परेशान हैं, बल्कि छोटे व्यापार, घरेलू कामकाज और छात्रों की पढ़ाई भी प्रभावित हो रही है। पथरगामा वासियों ने इस लापरवाही और गैर जिम्मेदाराना रवैये पर कड़ी नाराजगी जताते हुए संबंधित कर्मियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि एक-एक घंटे तक बिजली बाधित रहना किसी भी स्थिति में उचित नहीं है और इससे जनजीवन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। वहीं स्थानीय प्रशासन और बिजली विभाग से यह अपेक्षा की जा रही है कि वे इस समस्या का स्थायी समाधान करें, ताकि पथरगामा में निर्बाध और व्यवस्थित रूप से बिजली आपूर्ति सुनिश्चित हो सके।

## पुलिस ने महिला महाविद्यालय में चलाया जागरुकता अभियान



खबर मन्त्र संवाददाता

**गोड्डा।** महिला कॉलेज परिसर में लड़कियों व महिलाओं की सुरक्षा को लेकर गोड्डा पुलिस के द्वारा एक जागरुकता अभियान एआरईएन चलाया गया। इस दौरान अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अशोक रविदास के साथ नगर थाने की टीम ने महिला कॉलेज सभागार में शिक्षक व छात्राओं के बीच सुरक्षा से संबंधित जानकारी दी साथ ही साइबर गतिविधियों को लेकर भी जागरुक किया। उन्होंने कहा कि इसको लेकर विशेष रूप से सचेत होने की जरूरत है। बेवजह किसी लिंक को टच नाहीं करने की सलाह दी गयी। साथ ही महिलाओं के साथ किसी भी प्रकार के शोषण को लेकर पुलिस ने कानूनी पहलुओं की जानकारी दी। कहा कि यदि किसी शिक्षण संस्थान में महिला व बालिकाओं के साथ गलत तरीके से टच किया जा रहा है, तो भी इसकी शिकायत करें, पुलिस निश्चित तौर पर कार्यवाही करेगी। इसके अलावा महिला कॉलेज परिसर में शिकायत पेटी भी लगायी गयी है। वहीं बताया गया कि पुलिस शिकायतों का निबटारा करेगी।

## आपसी सुलह-समझौता से सात पारिवारिक वादों का किया निपटारा

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** महिला कोषांग की बैठक रविवार को महिला थाना परिसर में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी अनुपमा सोरेंग ने की। बैठक में काउंसेलिंग कर सात परिवारिक वादों का आपसी सुलह-समझौता से निपटारा हुआ। बैठक में जिला के जरमुंडी थाना क्षेत्र के जमाबहियार निवासी सुभाष दास एवं थाना क्षेत्र के ही मदनपुर निवासी द्वितीय पक्ष रूबी देवी के बीच सुलह हुआ। जिला के जरमुंडी थाना क्षेत्र के धमनी गांव निवासी बब्लू कुमार एवं टोंगरा थाना क्षेत्र के खरना गांव निवासी छनिका रविदास के बीच समझौता हुआ। जिला के काठीकुंड थाना क्षेत्र के असनापहाड़ी गांव निवासी रीना देवी एवं शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र के झिलीमीली गांव निवासी नरेश मिर्धा के बीच सुलह हुआ। जिला के रामगढ़ थाना क्षेत्र के फुलजोरा गांव निवासी रंजु देवी एवं पति सोधन कोटवार के बीच समझौता हुआ। जिला के गोपीकांदर थाना क्षेत्र के गोपीकांदर निवासी बबीता चांद एवं काठीकुंड थाना क्षेत्र के काठीकुंड निवासी जीवन नाग के बीच सुलह-समझौता हुआ। जिला के नगर थाना क्षेत्र के राखाबानी निवासी ज्ञानमाला देवी एवं पति राजेंद्र सिंह के बीच सुलह हुआ। जिला के नगर थाना क्षेत्र के बंदरजोड़ी गांव निवासी स्वाति देवी एवं पति लक्ष्मण साह के बीच आपसी सुलह-समझौता कोषांग सदस्यों ने कराया। कोषांग सदस्यों ने दंपति जोड़े को खुशहाल जीवन व्यतीत करने की शुभकामनाएं देते हुए विदा किया। इस अवसर पर कोषांग सदस्यों में अधिवक्ता किरण तिवारी एवं पत्रकार शैलेंद्र सिन्हा आदि मौजूद रहे।



बैठक कर समस्या सुनते कोषांग सदस्य

## समायोजन को लेकर अनुबंध कर्मी होंगे एकजुट

### राज्य स्तरीय आंदोलन को करेंगें तेज



बैठक करते अनुबंध कर्मी

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** संथाल परगना अंगीभूत कॉलेज के अनुबंध शिक्षिकेतर कर्मचारी मोर्चा के बैनर तले दुमका स्थित लॉबीन आवास में रविवार को बैठक आयोजित हुई। जिसमें संथाल परगना के अंतर्गत सभी अंगीभूत कॉलेज से कर्मचारी उपस्थित होकर अपनी समस्याओं पर चर्चा किया। बैठक में सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय से नवनिर्वाचित सिनेट सदस्य विमल मरांडी उपस्थित हुए। सिनेट सदस्य श्री मरांडी ने अनुबंध कर्मियों को भरोसा दिलाया की विश्वविद्यालय में आपकी समस्याओं को उठाएंगे और कर्मचारियों का समायोजन की बात विश्वविद्यालय प्रशासन के समक्ष रखेंगे। चुकी कार्यरत कर्मी अनुभवी हैं और कई वर्षों से कार्यरत है। कार्य अनुभव को देखते हुए समायोजन की मांग की जाएगी। बैठक में रांची में चल रहे धरना प्रदर्शन को और तीव्र करने की बात रखी गई। सभी कर्मी एकत्रित होकर समायोजन की मांग को लेकर के बैठक की समाप्ति की। बैठक में मुख्य रूप से सौरभ मिश्रा, इमानुएल हेम्ब्रम, विशंभर कुमार, अनिल मंडल, समीर मिश्रा, जीवेश सिंह, अनुज दुबे, निशिकांत यादव, दिलीप मरांडी, सिकंदर यादव, रामकिशोर यादव, राजीव पाठक, नजरे आलम, भारत कुमार मंडल, छोटू मंडल, अशोक हांसदा, संजीव कुमार, सतीश कुमार, अर्जुन रजवार, अंशु श्रीवास्तव, अशफाक अहमद, कुणाल सिंह, मथुरा महतो समेत अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

## बीएसएल में उत्कृष्ट सेवा देने वाले कर्मियों को किया गया सम्मानित



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** बोकारो स्टील प्लांट के मानव संसाधन विभाग की ओर से बोकारो क्लब में सेल शाबाश योजना के अंतर्गत वर्ष 2024-25 की दूसरी छमाही में कैटेगरी- 2 में चयनित कर्मचारियों के सम्मान में एक समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बोकारो स्टील प्लांट के निदेशक प्रभारी बीके तिवारी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। साथ में ईडी- वित्त एवं लेखा सुरेश रंगानी ईडी- मानव संसाधन राजश्री बनर्जी ईडी- सामग्री प्रबंधन सीआर मिश्रा तथा प्रभारी- बोकारो जनरल हॉस्पिटल डॉ बीबी करुणामय सहित सीजीएम एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी सम्मिलित हुए। कार्यक्रम का संचालन सहायक प्रबंधक प्रगति कुमारी एवं सिबिल सिंह ने किया। दीप प्रज्वलन पश्चात सीजीएम-मानव संसाधन एके शरण ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए सेल शाबाश योजना की रूपरेखा व उद्देश्य एवं इसकी प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि श्री तिवारी ने कहा कि सेल शाबाश योजना का उद्देश्य उन कर्मचारियों को पहचान और प्रोत्साहन प्रदान करना है जो अपने कार्य में उत्कृष्टता एवं निष्ठा और समर्पण का प्रदर्शन करते हैं। यह सम्मान उनके प्रयासों- संस्था के लक्ष्यों में उनके योगदान और अनुकरणीय कार्य संस्कृति को रेखांकित करता है। उन्होंने सभी पुरस्कृत कर्मचारियों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर कुल 38 कर्मचारियों को व्यक्तिगत एवं एक समूह पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। यह सम्मान समारोह न केवल कर्मचारियों के लिए गर्व का विषय रहा बल्कि उनके परिजनों के लिए भी एक हर्ष का क्षण बना जिन्होंने अपने प्रियजनों की उपलब्धियों को प्रत्यक्ष रूप से साझा किया।

## युवा लायंस फोर्स ने फूंका बिगुल

**बोकारो।** युवा लायंस फोर्स की बोकारो इस्पात नगर के सेक्टर-1 में आयोजित बैठक की अध्यक्षता जाफर अंसारी ने एवं संचालन बिनोद शर्मा ने किया। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि युवा कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष सह युवा लायंस फोर्स के केंद्रीय अध्यक्ष देव शर्मा ने कहा कि बोकारो और चास के ग्रामीण क्षेत्रों में युवाओं की आर्थिक स्थिति दिन-प्रतिदिन बदतर होती जा रही है। बेरोजगारी के कारण उन्हें या तो पलायन करना पड़ रहा है या फिर योग्यता के बावजूद अस्थायी और कम वेतन वाली नौकरियों में संतोष करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि इसका सबसे बड़ा कारण आपसी मतभेद और आंदोलन से पीछे हटने की प्रवृत्ति है। श्री शर्मा ने युवाओं को आह्वान करते हुए कहा कि यह ज़िला आपका है- यहां के कल-कारखाने आपके पूर्वजों की जमीन पर बने हैं। हमें हमारी कमजोरी को ताकत में बदलना होगा। उन्होंने कहा कि वर्तमान में राज्य में झामुमो और कांग्रेस गठबंधन की सरकार है और माननीय मुख्यमंत्री स्पष्ट निर्देश दे चुके हैं कि राज्य के प्रत्येक उद्योग में 75 प्रतिशत स्थानीय युवाओं को रोजगार मिलना चाहिए एवं समान कार्य के लिए समान वेतन दिया जाना चाहिए।

## चास में सघन जांच अभियान के तहत 10 दुकानदारों का काटा चालान

**बोकारो।** सिविल सर्जन डॉ अभय भूषण प्रसाद के निर्देशानुसार प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी चास के नेतृत्व में चास थाना क्षेत्र में सिगरेट और अन्य तम्बाकू उत्पाद अधिनियम-2003 (कोटपा 2003) एवं पेका एक्ट- 2019 की धारा 4 व 6 ए व 6 बी के तहत नियमित जांच अभियान चलाया गया जिसमें 10 दुकानदारों द्वारा कोटपा कानून उल्लंघन करते हुए पाया गया जिनका चालान काटकर कार्रवाई की गई। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी चास डॉ अनिल कुमार ने बताया कि छापामारी के दौरान विशेष रूप से देखा गया कि कोई दुकानदार स्कूल के 100 गज के दायरे में तम्बाकू उत्पाद की बिक्री न करें और अगर कोई कर रहा है तो उनका कोटपा 2003 की धारा 6 बी के तहत चालान किया जाएगा। छापामारी के दौरान सभी दुकानों से विज्ञापन वाले पोस्टर हटाया गया। साथ ही सभी दुकानों में कोटपा-2003 की धारा 6ए का अनुपालन कराया गया।

## वट सावित्री आज, खरीददारी जोरों पर

खबर मन्त्र संवाददाता

**गोड्डा।** जिला मुख्यालय सहित सुदूर ग्रामीण क्षेत्र में सोमवार पति के दीर्घजीवन की मंगल कामना को लेकर सुहागिन महिलाओं की लोक आस्था का महान पर्व बट सावित्री मनाया जाएगा।

इसको लेकर पिछले तीन दिनों से हाट-बाजारों में डलिया-बिनिया सहित मौसमी फल व पूजन सामग्री की खरीददारी को लेकर भारी भीड़ लगी हुई है। पर्व को लेकर सभी सामानों की कीमतों में बढ़ोत्तरी होने के बावजूद उत्साह में कोई कमी नहीं आई है। बाजारों में चहुंओर खरीददारों की भीड़ लगी रही। पर्व में कच्ची बांस की डलिया व बिनिया 80 रुपए से लेकर 100 रुपए जोड़ा में धड़ल्ले से बिक रही है। सेब 200 रुपए, आम 70 रुपए, लीची 150/200रुपए किग्रा, केला 80 रुपए दर्जन खीरा 80 रुपया केजी, खबौना व पिरकिया 180 रुपए प्रति किग्रा बिक रही है। नये फैशन के इस दौर में पकवान घर में बनाने की बजाय दुकान से खरीदने पर ही जोर दिया जा रहा है। वहीं विवाहिता अपनी पसंद की नई साड़ी, श्रृंगार सामग्री व पूजन सामग्रियों की खरीददारी करने में जुड़ी रही।



जानकार बताते हैं कि इस पर्व में महिलाएं पति की लंबी उम्र को लेकर बट वृक्ष का पूजन करती हैं। इसमें कच्चे धागे बांधकर रक्षा का बचन लेती हैं, कच्ची बांस की बिनिया से हवा देकर पति के जीवन में शीतलता प्रदान करने की मंगल कामना करती हैं। यह पर्व प्रकृति से भी जुड़ा हुआ है। कहा जाता है कि बट वृक्ष का जीवन सबसे लंबा होता है। वृक्ष अपने धूप में रहकर प्रकृति व जीवन जंतुओं की रक्षा करते हुए शीतलता प्रदान करती है। एक दिन पूर्व व्रति महिलाएं उपवास करती हैं जबकि व्रत के बाद अरबा खाने का प्रचलन है। पंडित का कहना है कि बट साबित्री व्रत चतुर्दशी उपरांत अमास्या में मनाने का विधान है।

ऐसे में सोमवार 11 बजकर दो मिनट पर अमावस्या प्रवेश कर रही है। व्रति 11 बजकर दो मिनट के बाद से लेकर मंगलवार को आठ बजे दिन तक पूजन कर सकती हैं। नवविवाहित महिलाएं मंगलवार को अहले सुबह सूर्य उदय से पूर्व बट वृक्ष को जल देंगी व पूजन कर सकेंगी।

## बीएसएल के डीआई ने नगर सेवा एवं बीजीएच का किया औचक निरीक्षण

**बोकारो।** बीएसएल के निदेशक प्रभारी बीके तिवारी ने नगर प्रशासन विभाग एवं बोकारो जनरल अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ अधिशासी निदेशक-एचआर राजश्री बनर्जी एवं मुख्य महाप्रबंधक-तकनीकी एल दास भी उपस्थित थे। निदेशक प्रभारी ने नगर प्रशासन के विभिन्न अनुभागों के औचक निरीक्षण के क्रम में संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों से उनके विभागीय कामकाज के विषय में जानकारी ली। अपने काम के सिलसिले में नगर प्रशासन विभाग आये लोगों से भी निदेशक प्रभारी ने बात कर फीडबैक लिया तथा मुख्य महाप्रबंधक-नगर प्रशासन कुंदन कुमार सहित अन्य उपस्थित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान बीजीएच के प्रमुख डॉ बीबी करुणामय भी उपस्थित रहे।

एक नजर में

## डीवीसी चेयरमैन ने किया बोकारो थर्मल प्लांट का निरीक्षण

**बेरमो।** दामोदर घाटी निगम (डीवीस) के चेयरमैन एस सुरेश कुमार 24 मई को बोकारो थर्मल पहुंचे। यहां उन्होंने बोकारो थर्मल प्लांट एवं डीवीसी एस पौंड का निरीक्षण किया। साथ ही प्लांट के अन्दर डीवीसी अधिकारियों के साथ बैठक कर प्लांट बिस्तर को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिया। इस अवसर पर चेयरमैन को डीवीसी निदेशक भवन में विस्थापित प्रतिनिधियों यथा करीम अंसारी, जितेंद्र यादव, नरेश प्रजापति, बालेश्वर यादव, हारेराम यादव आदि ने मांग पत्र सौंपा। साथ हीं डीवीसी कामगार संघ के अध्यक्ष कौशलेंदु तिवारी, सचिव रूपायन मण्डल, गंगा यादव, सुकेश प्रजापति, विकास तिवारी आदि ने मजदूर समस्याओं से संबंधित 14 सूत्री मांग पत्र सौंपा। जबकि डीवीसी ठेका मजदुर संघ के महामंत्री सह भाजपा नेता भरत यादव, भैरव महतो आदि नेताओं ने सप्लाई मजदूरों के समस्याओं से संबंधित मांग पत्र सौंपा, साथ ही चेयरमैन का स्वागत गुलदस्ता देकर एवं शॉल ओढ़ा कर किया गया। मौके पर उपस्थित पत्रकारों को संबोधित करते हुए चेयरमैन एस सुरेश कुमार ने कहा कि बोकारो थर्मल में जल्द 800 मेगावाट विद्युत उत्पादन क्षमता वाली विद्युत प्लांट बनाई जाएगी, जिसके लिए डीवीसी की अतिक्रमित जमीनों को खाली करवाई जाएगी। उन्होंने कहा कि गोमिया के लुगु पहाड़ में डीवीसी अब प्लांट नहीं बनाएगी। क्योंकि झारखंड सरकार के कैबिनेट ने इसके लिए मंजूरी नहीं दी है। कहा कि यहां डीवीसी 1500 मेगावाट का प्लांट बनाने जा रही थी। चेयरमैन ने कहा कि डीवीसी अपनी जमीन की म्यूटेशन जल्द करवा लेगी, इसके बाद जमीन से संबंधित होने वाली विस्थापितों की समस्याओं का भी समाधान हो जाएगा। साथ ही डीवीसी की बेरमो कोल माइंस को भी उन्होंने फिर से खोलने की बात कही।

## विद्युत विभाग द्वारा उपभोक्ताओं की जेब पर डाका

**गोड्डा।** विद्युत विभाग गोड्डा द्वारा खुलेआम नागरिकों को बेवकूफ बनाकर उनकी जेबों पर डाका डाला जा रहा है । जबसे पुरानी मीटर हटाकर नए मीटर लगाए गए हैं तब से लूट बदस्तूर जारी है ।मीटर रीडर मीटर के बटन को कितनी बार दबाता है जबतक कि आपका हर माह 200 यूनिट से ऊपर नहीं हो जाता है। उपभोक्ताओं को पता ही नहीं चल पाता है कि उसने इस माह कितनी यूनिट बिजली खपत की है और मीटर रीडर जब बोलता है आपकी खपत तो दो सौ यूनिट से ज्यादा है और आपको पूरे यूनिट की 6 रुपए से अधिक दर पर शुल्क लग रहा है इस माह और आपका बिल 2100 के आसपास पहुंच जाता है । ये विद्युत विभाग के अधिकारी कर्मचारी सभी इस खेल में शामिल हैं ।कभी किसी माह में बिजली खपत 100 यूनिट भी नहीं होती और तीसरे माह में 200 यूनिट से ज्यादा की खपत । इस तिलस्म में सभी शामिल हैं सरकार और विभाग । जबकि सरकार ने 200 यूनिट बिजली फ्री किया है । लेकिन 3 माह पर अगर 250 यूनिट मीटर रीडर के द्वारा बताया जाता है तो घोर आश्चर्य की बात लगती है । जो विद्युत उपभोग किया जाता है उसमें 10 –20 यूनिट आगे पीछे हो सकता है लेकिन 150 और 200 यूनिट नहीं हो सकता जबकि खपत बराबर है कोई नई मशीन या उपकरण का उपयोग नहीं किये जाने के बावजूद भी ।इससे पहले भी कई उपभोक्ताओं ने इस तरह की मनमानी मीटर रीडिंग की शिकायत की है । नहीं चाहिए फ्री बिजली जो सरकार की ओर से दी जा रही है जबकि कुल यूनिट का 6 रुपए की दर से चार्ज कर दिया जाता है । इस विभाग के गोरखधंधा के विरुद्ध आम जनता को एक जुट होकर बिजली विभाग को घेरना पड़ेगा और जोरदार आंदोलन करने की जरूरत है । झारखंड सरकार और विद्युत विभाग दोनों मिलकर जनता की जेबों पर हाथ साफ कर रहे हैं मनमाना मीटर रीडिंग देकर ।विभाग के पास शिकायत करने का भी कोई मतलब नहीं उल्टे आप ही को मुजरिम साबित करते हैं आपने ज्यादा विद्युत उपभोग किया है।

## बाइक और टेम्पो की टक्कर में पिता की मौत, पुत्र की स्थिति चिंताजनक

**बोकारो।** जिले के पिंडराजोरा थाना क्षेत्र अंतर्गत घटियाली और मोहनपुर गांव के बीच एक दर्दनाक सड़क हादसे में पिता की मौत हो गई जबकि पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक की पहचान महावीर मांझी के रूप में हुई है जबकि उनके पुत्र रामधन मांझी की हालत नाजुक बनी हुई है। हादसे के बाद इलाके में शोक का माहौल है। टेम्पो के साथ टक्कर में महावीर मांझी की मौत हो गई। महावीर मांझी अपने बेटे रामधन मांझी के साथ बाइक से अपनी बहन के घर शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे। जैसे ही दोनों घटियाली और मोहनपुर के बीच मुख्य सड़क पर पहुंचे- एक अनियंत्रित टेम्पो ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों पिता-पुत्र सड़क पर गिर पड़े। स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार हादसे के तुरंत बाद टेम्पो चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। लोगों की सूचना पर पिंडराजोरा थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और महावीर मांझी के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। गंभीर रूप से घायल रामधन मांझी को प्राथमिक उपचार के बाद एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उनकी स्थिति चिंताजनक बताई जा रही है। ग्रामीणों ने बताया कि पुलिस ने टेम्पो की पहचान कर ली है लेकिन फिलहाल इसकी पुष्टि पुलिस की ओर से नहीं की गई है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है और फरार वाहन चालक की तलाश कर रही है।

## स्टीयरिंग-सह-मॉनिटरिंग कमेटी की बैठक में डीसी ने अधिकारियों को दिए कई दिशा-निर्देश

**बोकारो।** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त विजया जाधव ने प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण अंतर्गत जिला स्तरीय स्टीयरिंग-सह-मॉनिटरिंग कमेटी की बैठक की। मौके पर डीईओ जगरनाथ लोहरा डीईएस अतुल कुमार चौबे डीपीआरओ रवि कुमार अस्पताल उपाधीक्षक डॉ अरविंद कुमार समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में उपायुक्त ने जिले के विभिन्न विद्यालयों में विशेष अवसरों पर जैसे- महापुरुषों या छात्रों के जन्मदिन एवं क्षेत्रीय पर्व त्योहार दशहरा दिवाली काली पूजा होली रामनवमी क्रिसमस ईद मकर संक्रांति गुरु पर्व आदि में विशेष भोजन का आयोजन करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने बच्चों के बीच पोषण के महत्व एवं स्वास्थ्य तथा तंदुरुस्ती को बढ़ावा देने के लिए पोषण पखवाड़ा आयोजित करने का निर्देश दिया। इस क्रम में जागरूकता कार्यक्रम पोषण साहित्य अभियान प्रतियोगिताएं एवं कार्यक्रम माता-पिता/अभिभावक की सहभागिता बढ़ाने पारंपरिक एवं स्थानीय भोजन को बढ़ावा देने स्वास्थ्य और स्वच्छता जागरूकता करने को कहा।

## साहित्यकार सुधापति की तीन मैथिली पुस्तकों के प्रकाशन पर लोग हुए हर्षित

**बोकारो।** वरिष्ठ साहित्यकार विजय शंकर मल्लिक सुधापति की तीन मैथिली पुस्तकों- कौटिल्यक अर्थशास्त्र व आचार्य चाणक्यक अवदान (कथा नीति सूत्र) व प्रहरी पुरुष (संक्षिप्त स्वरूप मैथिली पद्य में) के प्रकाशन पर बोकारो के साहित्यकारों ने हर्ष जताते हुए उन्हें बधाई दी है। बोकारो की चर्चित मैथिली साहित्यिक संस्था साहित्यलोक से जुड़े वरिष्ठ साहित्यकार बुद्धिनाथ झा तुला नन्द मिश्र उदय कुमार झा संजय कुमार झा अरुण पाठक अमन कुमार झा शैलजा झा नीलम झा स्मिता चौधरी अमृता शर्मा आदि ने श्री सुधापति को बधाई दी है। सुधापति की यह तीनों पुस्तकें आदित्य प्रकाशन पटना से प्रकाशित होकर बोकारो आने के बाद बीती शाम उनके आवास पर पारिवारिक फोटो सेशन हुआ जिसमें लेखक विजय शंकर मल्लिक सुधापति के साथ उनकी पत्नी सुधा मल्लिक व पारिवारिक सदस्य पूनम मल्लिक शामिल हुईं। उल्लेखनीय है कि साहित्यकार विजय शंकर मल्लिक सुधापति साहित्य के प्रति समर्पित व्यक्तित्व हैं। ये मैथिली व हिंदी सहित भोजपुरी व अंग्रेजी में भी साहित्य रचना करते हैं। बोकारो स्टील प्लांट की सेवा से सेवानिवृत्त होने के बाद पूर्णरूप से साहित्य की सेवा में लगे हुए हैं।

स्पीड न्यूज

### नेपाल : 19 साल बाद ज्ञानेंद्र शाह ने किया राजदरबार में प्रवेश



काठमांडू। नेपाल में राजतंत्र के खात्मे के बाद शनिवार को पहली बार पूर्व राजपरिवार के सदस्यों ने राजदरबार में प्रवेश किया। पूर्व राजा ज्ञानेंद्र शाह अपने परिवार के साथ 19 साल बाद राजदरबार पहुंचे। उन्होंने महल में परिवार के साथ पूजा अर्चना भी की। उन्होंने अपने परिवार के साथ राजदरबार के भीतर बने चतुर्व्यूह नारायण मंदिर में जाकर विधिवत पूजा की। इस अवसर पर राजपुरोहित ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधिपूर्वक पूजा कराई। इस दौरान पूर्व राज परिवार के सदस्य राजदरबार के मुख्य भवन तक नहीं गए, जहां रह कर वह अपना शासन चलाया करते थे।

### रक्षा बजट में वृद्धि करेगा पाकिस्तान

इस्लामाबाद। आपरेशन सिंदूर के दौरान भारत के हमलों से भयभीत पाकिस्तान अब रक्षा बजट में बढ़ोत्तरी करेगा। योजना मंत्री अहसन इकबाल ने कहा कि पाकिस्तान की रक्षा के लिए रक्षा बजट में बढ़ोतरी जरूरी है। इकबाल ने कहा कि यह हमारा राष्ट्रीय कर्तव्य है कि वित्त वर्ष 2025-26 के आम बजट में रक्षा बीते दिनों आपरेशन सिंदूर के दौरान भारत ने पाकिस्तान पर हवाई हमले करके उसके तमाम आतंकी लांच पैड तबाह कर दिए, वहीं 11 एयरबेस को भी काफी नुकसान पहुंचाया गया था।

### नेपाल में डी कंपनी का गुर्गा युनूस फिर अरेस्ट

काठमांडू। नेपाल में दाऊद इब्राहिम और पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई का प्रमुख गुर्गा युनूस अंसारी कोजेल से रिहा होते ही दोबारा गिरफ्तार कर लिया गया। जाली भारतीय नोट के कारोबार में पांच वर्ष की कैद पूरा होने के बाद रविवार को उसे दूसरे मामले में गिरफ्तार कर लिया गया। नेपाल में डी कंपनी का पूरा कारोबार संभालने वाला युनूस अंसारी को चौथी बार गिरफ्तार किया।

पाकिस्तान में आंधी-तूफान से 19 लोगों की मौत, 90 घायल

### पाकिस्तान में तूफान से 19 लोगों की मौत

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के पूर्वी पंजाब प्रांत में शनिवार को आंधी-तूफान और ओलावृष्टि के कारण कम से कम19 लोगों की मौत हो गई और 90अन्य घायल हो गए। खराब मौसम की वजह से कई जिलों में भारी बारिश हुयी और तेज हवाएं चलीं जिससे व्यापक स्तर पर जानमाल का नुकसान हुआ। एक अधिकारिक बयान में रविवार को यह जानकारी दी गई।

### विदेश सचिव व डिप्टी एनएसए अगले हफ्ते जायेंगे वाशिंगटन

नयी दिल्ली। विदेश सचिव विक्रम मिस्री और राष्ट्रीय उप सुरक्षा सलाहकार (डिप्टी एनएसए) पवन कपूर वाशिंगटन जाएंगे। शीर्ष पदस्थ सूत्रों ने बताया कि उनका यह दौरा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्देश पर तय किया गया है। दोनों शीर्ष अधिकारी अपने समाह अमेरिका जायेंगे। वे ऐसे समय में वहां जा रहे हैं जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप कई मौकों पर भारत और पाकिस्तान के बीच पिछले दिनों जारी संघर्ष को रोकने में मध्यस्थता का दावा कर चुके हैं। ट्रंप ने कहा था कि संघर्ष विराम के लिए उन्होंने दोनों पक्षों से लंबी बातचीत की थी।

# ओवैसी ने बहरीन में खोली पाक की पोल

## कहा-निर्दोष को मारना पूरी मानवता को मारने के समान

**हमें अंतरराष्ट्रीय समर्थन की जरूरत : गुलाम नबी आजाद**

**एजेंसी**



बहरीन। भाजपा सांसद बैजयंत पांडा के नेतृत्व भारतीय डेलिगेशन बहरीन पहुंचा है, जहां प्रतिनिधिमंडल ने भारत का पक्ष रखा और पाकिस्तान समर्थित आतंकवाद की पोल खोली। इस दौरान एआइएमआइएम चीफ असदुद्दीन ओवैसी ने भी पाकिस्तान पर जमकर निशाना साधा है। ओवैसी ने पाकिस्तान पर बोला हमला ओवैसी ने कहा कि आतंकी निर्दोष लोगों की हत्या करते हैं और उसे सही ठहराने के लिए धर्म का गलत इस्तेमाल करते हैं। उन्होंने कहा कि इस्लाम आतंकवाद की निंदा करता है और कुरान स्पष्ट रूप से कहता है कि निर्दोष व्यक्ति को मारना पूरी मानवता को मारने के समान है। बहरीन में प्रमुख हस्तियों से बातचीत के दौरान असदुद्दीन ओवैसी ने कहा कि इन आतंकवादी संगठनों ने भारत में निर्दोष लोगों की हत्या को उचित ठहराया है और उन्होंने कुरान की आयातों को गलत संदर्भ में इस्तेमाल किया है। हमें इसे खत्म करना होगा। वहीं, जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री और डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव आजाद पार्टी के अध्यक्ष गुलाम नबी आजाद ने आतंकवाद से निपटने के लिए अंतरराष्ट्रीय समर्थन की मांग की है। उन्होंने कहा कि हमें इन अंतरराष्ट्रीय मंच और ओआइसी में समर्थन की जरूरत है। हम किसी भी देश को खत्म नहीं करना चाहते हैं। हम चाहते हैं कि पाकिस्तान इस आतंकवादी ढांचे को नष्ट करे और आतंकवादियों पर कार्रवाई करे।

**भाजपा सांसद ने रखा भारत का पक्ष :** इस बीच भाजपा सांसद एस फांगनोन कोन्याक ने कहा कि पाकिस्तान ने विभाजन के बाद से भारत के खिलाफ अपनी आतंकवादी गतिविधियां जारी रखी है। उन्होंने बहरीन से आग्रह किया कि वह पाकिस्तान से इसकी जिम्मेदारी लेने को कहे। भाजपा सांसद ने कहा कि भारत सरकार ने अपना रुख स्पष्ट कर दिया है और अगर दोबारा हमला हुआ तो वह इसका कड़ा जवाब देगी। डेलिगेशन में भाजपा सांसद निशिकांत दुबे, फांगनोन कोन्याक, एनजेपी सांसद रेखा शर्मा, एआइएमआइएम सांसद असदुद्दीन ओवैसी, सांसद सतनाम सिंह संधू, गुलाम नबी आजाद और राजदूत हर्ष श्रृंगला शामिल हैं।

## आतंकवाद के खिलाफ पूरी दुनिया को एकजुट होने की जरूरत : शशि थरूर

**न्यूयॉर्क ने भी 20 साल पहले झेला था आतंकवादी हमला**



वॉशिंगटन। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता और पहलगाम हमलों के पीछे पाकिस्तान कनेक्शन की जानकारी दुनिया को दी जा रही है। इसी कड़ी में कांग्रेस सांसद शशि थरूर के नेतृत्व में डेलिगेशन अमेरिका पहुंचा। भारतीय वाणिज्य दूतावास में शशि थरूर ने बताया कि कैसे भारत ने पाकिस्तान में मौजूद आतंकी ठिकानों को नष्ट कर दिया। उन्होंने आह्वान किया आतंकवाद के खिलाफ पूरी दुनिया को एकजुट होने की जरूरत है। शशि थरूर ने 9/11 का जिक्र करते हुए कहा कि हम एक ऐसे शहर में हैं, जिसने आतंकवादी हमले को झेला है। उन्होंने कहा कि आतंकवाद एक वैश्विक समस्या है। थरूर 9/11 स्मारक पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने कहा कि हम 9/11 स्मारक पर यह संदेश देने गए थे कि न्यूयॉर्क ने भी 20 साल पहले आतंकी हमला झेला था और हमारा भी वही अनुभव है। हम चाहते हैं कि वे समझें कि एकजुटता की जरूरत है। हमें अमेरिका की तरह दुनिया को यह संकल्प दिखाने की जरूरत है कि हम ऐसे आतंकी हमलों के खिलाफ हैं और हम कार्रवाई करेंगे। शशि थरूर ने कहा कि पहलगाम में जिस तरह धर्म के नाम पर लोगों की हत्या की गई, उसके पीछे का उद्देश्य देश में हिंदू-मुस्लिम सौहार्द बिगाड़ना था। हमने स्पष्ट संदेश दिया है कि भारत आतंकवाद को कभी बर्दाश्त नहीं करेगा और इसका करारा जवाब देगा।

डेलिगेशन में ये नेता भी शामिल : इस डेलिगेशन में शशि थरूर के अलावा, भाजपा के शशांक मणि त्रिपाठी, भुवनेश्वर कलिता और तेजस्वी सूर्या के साथ-साथ एलजेपी (रामविलास) की शांभवी चौधरी, टीडीपी के जीएम हरीश बालयोगी, शिव सेना के मिलिंद देवड़ा, जेएमएम के सरफराज अहमद और अमेरिका में पूर्व राजदूत तरणजीत सिंह संधू शामिल हैं।

## कीव पर रूस ने किया हमला 12 की मौत और कई घायल

**रूस ने यूक्रेन पर दागीं 298 ड्रोन व 69 मिसाइलें**

**एजेंसी**



कीव। रूस ने यूक्रेन की राजधानी कीव और देश के अन्य क्षेत्रों पर लगातार दूसरी रात ड्रोन और मिसाइल से बड़े पैमाने पर हमला किया, जिसमें 12 लोगों की मौत हो गयी और कई अन्य घायल हो गये। अधिकारियों ने रविवार सुबह यह जानकारी दी। यूक्रेन की वायुसेना के प्रवक्ता यूरी इग्नात के अनुसार रूस ने कुल 367 ड्रोन और मिसाइलें यूक्रेन पर दागीं। यह अब तक के पूरे युद्ध (जो तीन साल से भी ज्यादा समय से जारी है) का सबसे बड़ा एकल हमला था। यूरी इग्नात ने मीडिया को बताया कि रूस ने विभिन्न प्रकार की 69 मिसाइलों और 298 ड्रोन का इस्तेमाल किया, जिसमें ईरान द्वारा डिजाइन किए गए शाहिद ड्रोन भी शामिल हैं। इग्नात ने कहा कि यह 2022 में शुरू हुए युद्ध के बाद से यूक्रेन में अब तक का सबसे बड़ा हवाई हमला था।

यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा कि रूस की मिसाइलों और ड्रोन ने यूक्रेन के 30 शहरों और गांवों को निशाना बनाया है। जेलेंस्की ने पश्चिमी देशों से रूस पर लगाये गये प्रतिबंधों को और कड़ा करने की मांग की। यह यूक्रेनी नेता की पुरानी मांग रही है, लेकिन अमेरिका और यूरोप की मॉस्को को दी गयी चेतावनियों के बावजूद, ऐसा कोई कदम नहीं उठाया गया है, जो रूस को रोक सके। जेलेंस्की ने एक्स पर लिखा कि रविवार को कीव, जितोमिर, खमेलनित्स्की, टर्नोपिल, चेर्निहीव, सुमी, ओदेसा, पोल्टावा, द्नीप्रो, मिकोला, खारकीव और चेरकासी क्षेत्र में हमले किये गये। उन्होंने कहा कि ये हमले शहरों पर जानबूझकर किए गए हमले थे। आवासीय इमारतों को नष्ट कर दिया गया और उन्हें नुकसान पहुंचाया गया। इस बीच, रूस के रक्षा मंत्रालय ने बताया कि उसकी वायु रक्षा प्रणाली ने रात भर में 110 यूक्रेनी ड्रोन गिरा दिये।

### गाजा में इजरायल का हमला, 9 बच्चों की मौत

काहिरा। गाजा स्वास्थ्य मंत्रालय ने रविवार को बताया कि इजराइल के हालिया हवाई हमलों में पिछले 24 घंटों के भीतर कम से कम 79 लोगों के शव अस्पतालों में लाए गए हैं। मंत्रालय का कहना है कि यह आंकड़ा उत्तरी गाजा के उन अस्पतालों को शामिल नहीं करता, जो अब पूरी तरह पहुंच से बाहर हो चुके हैं। इन मृतकों में सबसे दर्दनाक घटना दक्षिणी शहर खान यूनुस में सामने आई, जहां नासिर अस्पताल में कार्यरत बाल रोग विशेषज्ञ डॉक्टर अलाअ नज्जार के 10 में से 9 बच्चों की मौत हो गई। अस्पताल के बाल रोग विभाग के प्रमुख डॉक्टर अहमद अल-फर्रा ने बताया कि हमले के वक्त डॉक्टर नज्जार अस्पताल में ड्यूटी पर थीं और सूचना मिलते ही घर दौड़ीं, जहां उन्होंने अपने घर को आग की लपटों में घिरा पाया। डॉक्टर नज्जार के पति गंभीर रूप से घायल हैं, जबकि इकलौता बेटा गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती है। मृत बच्चों की उम्र सात महीने से लेकर 12 वर्ष के बीच बताई गई है। स्वास्थ्य मंत्रालय के प्रवक्ता खलील अल-दुक्रान ने बताया कि दो बच्चों के शव अब भी मलबे के नीचे दबे हुए हैं।

## यमन में अलकायदा के छह आतंकी मारे गये

**एजेंसी**

**दक्षिणी प्रांत अबयान में अमेरिका ने रात में ड्रोन से किया हमला**

एडेन। यमन के एक सैन्य अधिकारी ने बताया कि शनिवार को दक्षिणी प्रांत अबयान में अलकायदा के एक संदिग्ध ठिकाने को निशाना बनाकर अमेरिका ने रात में ड्रोन से किया हमला। इस हमले में कम से कम छह लोग मारे गए हैं। यमन के सैन्य अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर समाचार एजेंसी शिन्हुआ को बताया कि शुक्रवार देर रात पूर्वी अबयान के पहाड़ी मारकिशा इलाके में हमले किए गए। माना जा रहा है कि मारे गए सभी लोग अल-कायदा इन द अरेबियन पेनिन्सुला के सदस्य थे। यह अलकायदा नेटवर्क की यमन स्थित शाखा है। अधिकारी के अनुसार, अलकायदा के खिलाफ यह अभियान यमन के सरकारी बलों के साथ चलाया गया। जिस स्थान पर हमला किया गया, वह कथित तौर पर सरकारी बलों के खिलाफ हमलों और प्रांत में हाल ही में बमबारी अभियानों के लिए लॉन्च पॉइंट के रूप में काम करता था। हमले को लेकर विरोधाभासी खबरें भी आई हैं। एक स्थानीय आदिवासी नेता ने रात में हुए ड्रोन हमलों की पुष्टि की, जिसमें आदिवासी तत्वों को ही निशाना बनाया गया। घटना को लेकर अलकायदा इन अरबियन पेनिन्सुला (एक्यूएपी) की तरफ से कोई बयान सामने नहीं आया है। साल 2022 के अंत से अबयान यमन के आतंकवाद विरोधी प्रयासों में एक प्रमुख युद्धक्षेत्र रहा है। सरकार समर्थक साउदर्न ट्रांजिशनल काउंसिल के बलों ने सरकारी सैनिकों द्वारा समर्थित, दूरदराज के क्षेत्रों में जमे हुए अलकायदा इन अरेबियन पेनिन्सुला लड़ाकों को जड़ से उखाड़ने की कोशिश की है। सरकारी अधिकारियों का कहना है कि एक्यूएपी अक्सर तात्कालिक विस्फोटक उपकरणों के साथ सुरक्षा कर्मियों को निशाना बनाता है। यमन लंबे समय से गृह युद्ध झेल रहा है।

### चार राज्यों की पांच विधानसभा सीटों पर उपचुनाव 19 जून को

नयी दिल्ली। चुनाव आयोग ने गुजरात की दो और केरल, पंजाब और पश्चिम बंगाल की एक-एक विधानसभा सीटों के लिए उपचुनाव 19 जून को कराने की रविवार को घोषणा की। आयोग की एक विज्ञप्ति के अनुसार गुजरात विधानसभा की कादी (अनुसूचित जाति) और विसावदर, केरल की निलम्बूर, पंजाब की लुधियाना (पश्चिम) और पश्चिम बंगाल की कालीगंज विधानसभा सीट के लिए उपचुनाव की अधिसूचना सोमवार 26 मई को जारी की जाएगी। इन उपचुनावों के लिए नामांकन दो जून तक भरे जा सकेंगे। नामांकन पत्रों की जांच तीन जून को की जाएगी और नामांकन पांच जून तक वापस लिए जा सकेंगे। इन सीटों पर मतदान 19 जून को कराया जाएगा और मतगणना 23 जून को करायी जाएगी। उपचुनाव की पूरी प्रक्रिया 25 जून तक सम्पन्न हो जाएगी। उपचुनाव की घोषणा के साथ वहां आदर्श चुनाव संहिता लागू कर दी गयी है। ये सीटें प्रतिनिधियों के निधन या इस्तीफे के कारण रिक्त है।

## छह कंपनियों का मार्केट कैप 78166 करोड़ घटा

**रिलायंस, टीसीएस, आइसीआइसीआइ, एसबीआइ, इन्फोसिस और हिंदुस्तान यूनिलीवर के बाजार पूंजीकरण में गिरावट**

नयी दिल्ली। सेंसेक्स की शीर्ष 10 कंपनियों में से छह के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में बीते सप्ताह सामूहिक रूप से 78,166.08 करोड़ रुपये की गिरावट आई। शेयर बाजार में कमजोर रुख के बीच सबसे अधिक नुकसान रिलायंस इंडस्ट्रीज को हुआ। समीक्षाधीन सप्ताह में रिलायंस इंडस्ट्रीज, टीसीएस, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई), इन्फोसिस और हिंदुस्तान यूनिलीवर के बाजार मूल्यांकन में गिरावट आई। वहीं एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, बजाज फाइनेंस और आईटीसी की बाजार हैसियत बढ़ गई। सप्ताह के दौरान रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार मूल्यांकन 40,800.4 करोड़ रुपये घटकर 19,30,339.56 करोड़ रुपये रह गया। टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) की बाजार हैसियत 17,710.54 करोड़ रुपये घटकर 12,71,395.95 करोड़ रुपये पर आ गई। इन्फोसिस का मूल्यांकन 10,488.58 करोड़ रुपये घटकर 6,49,876.91 करोड़ रुपये पर और हिंदुस्तान यूनिलीवर का मूल्यांकन 5,462.8 करोड़ रुपये के नुकसान के साथ 5,53,974.88 करोड़ रुपये पर आ गया। आईसीआईसीआई बैंक का बाजार पूंजीकरण 2,454.31 करोड़ रुपये घटकर 10,33,868.01 करोड़ रुपये रहा। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की बाजार हैसियत 1,249.45 करोड़ रुपये घटकर 7,05,446.59 करोड़ रुपये पर आ गई। इस रुख के उलट भारती एयरटेल का बाजार मूल्यांकन 10,121.24 करोड़ रुपये बढ़कर 10,44,682.72 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। बजाज फाइनेंस की बाजार हैसियत 4,548.87 करोड़ रुपये बढ़कर 5,74,207.54 करोड़ रुपये रही।

## जीडीपी आंकड़ों पर रहेगी शेयर बाजार की नजर

मुंबई। वैश्विक स्तर पर भू-राजनीतिक तनाव और बॉन्ड बाजारों में उथल-पुथल से हुई भारी बिकवाली के दबाव में बीते सप्ताह आधे प्रतिशत से अधिक लुढ़के घरेलू शेयर बाजार की नजर अगले सप्ताह अमेरिका के बजट घाटे, मुद्रास्फीति आंकड़े और बेरोजगारी दावों के साथ ही समाप्त वित्त वर्ष के भारत के जीडीपी आंकड़ों पर रहेगी। बीते सप्ताह बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 609.51 अंक अर्थात 0.74 प्रतिशत का गोता लगाकर सप्ताहांत पर 81721.08 अंक और निफ्टी 166.65 अंक यानी 0.7 प्रतिशत की गिरावट लेकर 24853.15 अंक पर आ गया। विश्लेषकों के अनुसार, बीते सप्ताह घरेलू शेयर बाजार ने काफी उतार-चढ़ाव देखा। इसका मुख्य कारण वैश्विक बॉन्ड बाजारों में उथल-पुथल और भू-राजनीतिक तनाव रहे। सप्ताह की शुरुआत मजबूत रही लेकिन अमेरिका में कमजोर ट्रेजरी नीलामी और बॉन्ड यील्ड में बढ़ोतरी ने वैश्विक जोखिम-मुक्त धारणा को प्रबल किया, जिससे सप्ताह के मध्य में सेंसेक्स और निफ्टी में तेज बिकवाली देखने को मिली।

## सज्जनता के साथ शक्ति भी जरूरी: भागवत

**एजेंसी**



नयी दिल्ली। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत ने कहा कि भारत को इतना सामर्थ्यवान बनना चाहिए कि कोई भी शक्ति उसे पराजित न कर सके। उन्होंने संघ प्रार्थना की एक पंक्ति का उल्लेख करते हुए बताया कि यह केवल भावना नहीं बल्कि हमारा संकल्प है। उन्होंने कहा कि अपना स्वयं का बल ही वास्तविक बल होता है और सुरक्षा के मामले में हमें किसी अन्य पर निर्भर नहीं रहना चाहिए। भागवत ने संघ की विचार पत्रिकाओं के संपादकों को दिए साक्षात्कार में देश, समाज और हिंदुत्व से जुड़े कई अहम विषयों पर विस्तार से विचार रखे। उन्होंने आत्मनिर्भर सुरक्षा, सामाजिक समरसता, संघ में महिलाओं की भूमिका और धर्म आधारित जीवन मूल्यों पर स्पष्ट दृष्टिकोण प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि विश्व में कुछ लोग आक्रामक प्रवृत्ति के होते हैं और केवल सज्जनता से उनकी रोकथाम संभव नहीं है। सज्जनता के साथ शक्ति भी जरूरी है। उन्होंने यह भी कहा कि जब सज्जनता में शक्ति नहीं होती तो वह असहाय बन जाती है और शक्ति यदि सज्जनता से रहित हो तो हिंसा में बदल सकती है। इसलिए दोनों का संतुलन आवश्यक है। उन्होंने बांग्लादेश में हिंदुओं पर हुए अत्याचारों से जुड़े एक प्रश्न के उत्तर में कहा कि अब वहां का हिंदू समाज पहले से अधिक जागरूक और आत्मविश्वासी हो गया है। पहले ऐसे हालात में पलायन होता था लेकिन अब वहां के हिंदू कहते हैं कि वे भागेंगे नहीं बल्कि अपने अधिकारों के लिए वहीं संघर्ष करेंगे। भागवत ने इसे हिंदू समाज के बढ़ते आत्मबल और संगठन का

## तेजप्रताप को पार्टी से निकालने पर लालू परिवार एकजुट

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**» ये सब अच्छा नहीं लगता है, न हम इसे बर्दाश्त करते हैं : तेजस्वी**

**» परिवार की प्रतिष्ठा की सीमा को बारंबार लांघने की गलती : रोहिणी**

पटना। राष्ट्रीय जनता दल के अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव ने अपने बड़े बेटे तेजप्रताप यादव को पार्टी और परिवार से निकाल दिया है। लालू यादव के इस फैसले के साथ उनका पूरा परिवार साथ खड़ा है। बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने कहा कि हमें ये सब अच्छा नहीं लगता है, न हम इसे बर्दाश्त करते हैं। मेरे बड़े भाई की बात है, तो राजनीतिक और निजी जीवन अलग होता है। निजी जीवन के निर्णय लेने का उनका अधिकार है। बिहार विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष और राजद नेता तेजस्वी यादव ने रविवार को मीडिया से बात करते हुए कहा कि हमें ये सब अच्छा नहीं लगता है, न हम इसे बर्दाश्त करते हैं। हम बिहार की जनता के लिए काम कर रहे हैं, जनता के सुख-दुख में हम भाग ले रहे हैं, जनता के मुद्दे को उठा रहे हैं। हम नेता विरोधी दल हैं। जहां तक मेरे बड़े भाई की बात है, राजनीतिक और निजी जीवन अलग होता है। निजी जीवन के निर्णय लेने का उनका अधिकार है। राष्ट्रीय अध्यक्ष दल के नेता हैं, उन्होंने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से अपनी भावनाएं स्पष्ट कर दी है। हम ऐसी चीजों को पसंद नहीं करते हैं। लालू यादव की बेटी रोहिणी आचार्य ने भी तेज प्रताप को पार्टी से निष्कासित करने पर सोशल मीडिया



प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि जो परिवेश, परंपरा, परिवार और परवरिश की मर्यादा का ख्याल रखते हैं, उन पर कभी सवाल नहीं उठते हैं, जो अपना विवेक त्याग कर मर्यादित आचरण व परिवार की प्रतिष्ठा की सीमा को बारंबार लांघने की गलती, धृष्टता करते हैं, वो खुद को आलोचना का पात्र खुद ही बनाते हैं। हमारे लिए पापा देवतुल्य हैं, परिवार हमारा मंदिर एवं गौरव और पापा के अथक प्रयासों-संघर्षों से खड़ी की गई पार्टी व सामाजिक न्याय की अवधारणा हमारी पूजा, इन तीनों की प्रतिष्ठा पर किसी की वजह से कोई आंच आए, ये हमें कदापि स्वीकार्य नहीं। लालू यादव ने लिखा कि अपने निजी जीवन का भला-बुरा और गुण-दोष देखने में वह स्वयं सक्षम है। उससे जो भी लोग संबंध रखेंगे, वे स्वविवेक से निर्णय लें। लोक जीवन में लोकलाज का सदैव हिमायती रहा हूं। परिवार के आज्ञाकारी सदस्यों ने सार्वजनिक जीवन में इसी विचार को अंगीकार कर अनुसरण किया है। धन्यवाद। शनिवार को तेज प्रताप का एक कथित पोस्ट सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था, जिसमें दावा किया गया था कि यह पोस्ट तेज प्रताप यादव ने किया है, जिसमें उन्हें एक युवती के साथ देखा गया था। हालांकि कुछ घंटे बाद तेज प्रताप यादव ने कहा कि

### पोस्ट डिलीट करना और सफाई देना लालू परिवार की पुरानी आदत : जदयू

तेज प्रताप यादव मामले में जदयू के प्रवक्ता मनीष यादव ने पूछा- तेज प्रताप को संपत्ति से कब बेदखल कर रहे हैं। वहीं तेज प्रताप यादव के इस प्रकरण पर जेडीयू प्रवक्ता नीरज कुमार ने इसे पारिवारिक मामला बताते हुए कहा कि यदि सोशल मीडिया अकाउंट वाकई हैक हुआ है, तो साइबर क्राइम ब्रांच में शिकायत की जानी चाहिए। उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा कि पोस्ट डिलीट करना और सफाई देना लालू परिवार की पुरानी आदत है। मेरे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म को हैक एवं मेरे तस्वीरों को गलत तरीके से एडिट कर मुझे और मेरे परिवार वालों को परेशान और बदनाम किया जा रहा है।